नई दिल्ली, उत्तराखंड व हरियाणा से प्रकाशित

उत्तम भारत

सत्य, निष्पक्ष भारत

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 10 ▸▸ अंक: 309 ▸▸ नई दिल्ली ▸▸ मंगलवार, 24 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI No. DELHIN/2017/75336



मायावती का 4 जिलों पर बड़ा.....

प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल-भारत के रिश्ते को बताया अटूट

भारत की ओर से 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के डेवलपमेंट कोऑपरेशन पैकेज की बड़ी घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नेपाल के बीच संबंधों को केवल पड़ोस का नहीं, बल्कि अपनेपन और अटूट विश्वास का रिश्ता बताया है। पड़ोसी देश नेपाल को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और आपदा के बाद पुनर्निर्माण में सहयोग के लिए पीएम मोदी ने भारत की ओर से 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के डेवलपमेंट कोऑपरेशन पैकेज की बड़ी घोषणा की है।

बाढ़ से हुए नुकसान पर संवेदना और मदद का हाथ : द्विपक्षीय बैठक के बाद आयोजित जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने अगस्त में नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ का जिक्र किया। बाढ़ से हुई जनहानि पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि नेपाल के पुनर्निर्माण और दीर्घकालिक विकास को नई मजबूती देने के लिए यह वित्तीय पैकेज दिया जा रहा है। दोनों देशों की साझेदारी पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल की खुशियां और चुनौतियां दोनों साझी हैं; दोनों देश प्रगति में साथी हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा भी हैं।

बालेन्द्र शाह के विजन और नेपाल के जनादेश की तारीफ : पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह का पहला द्विपक्षीय विदेश दौरा भारत का होना दोनों देशों की गहरी दोस्ती को दशार्ता है। नेपाली पीएम की वाकपटुता और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले जब शाह ने विश्व के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र को संबोधित किया था, तब उनके विजन की स्पष्ट झलक दिखाई दी थी। पीएम मोदी ने यह भी माना कि इस वर्ष नेपाल की जनता ने जो ऐतिहासिक जनादेश दिया है, वह वहां की नई पीढ़ी की आकांक्षाओं और उम्मीदों को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान उन्होंने नेपाल के भविष्य और द्विपक्षीय संबंधों के प्रति शाह की स्पष्ट प्रतिबद्धता को महसूस किया है।

हैदराबाद हाउस में मंत्रणा और 'सरयू-कमला' ट्रेन का शुभारंभ : इससे पहले, हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी और उनके नेपाली समकक्ष बालेंद्र शाह के बीच संबंधों को नई ऊंचाई देने पर गंभीर मंत्रणा हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी। मीडिया ब्रीफिंग से ठीक पहले, दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से अयोध्या और नेपाल के जनकपुर को जोड़ने वाली सरयू-कमला ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राष्ट्रपति मुर्मु और नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा

भारत दौरे पर आए नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच अनूठे और बहुआयामी रिश्तों की मजबूत नींव दोनों देशों की साझा सभ्यतागत विरासत और लोगों के बीच गहरे संबंधों पर आधारित है।

नेपाल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने नेपाल और भारत के बीच मित्रतापूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने पर विचार साझा किए। भारतीय राष्ट्रपति सचिवालय ने भी ह्यएक्सह्न पर पोस्ट कर बताया कि राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों का आधार साझा सांस्कृतिक विरासत और जनता के बीच लंबे समय से चले आ रहे आत्मीय रिश्ते हैं। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास साझेदारी, कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संपर्क जैसे कई अहम विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान बालेंद्र शाह ने अगस्त में भोटे कोशी और त्रिशूली नदी तंत्र में आई अचानक बाढ़ के बाद भारत की ओर से दी गई मानवीय और तकनीकी सहायता के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार भी व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान ह्यप्रधानमंत्री गतिशक्तिह्न परियोजना पर प्रस्तुति भी दी गई और नेपाल के प्रधानमंत्री के सम्मान में कार्यकारी भोज का आयोजन किया गया।



भारत-नेपाल रिश्तों में नई मजबूती; हवाई, रेलवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन और हाइड्रोपावर पर लिए कई बड़े फैसले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह ने सोमवार को दोनों देशों के बीच व्यापार, कनेक्टिविटी और ऊर्जा सहयोग को नई गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की। संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों देशों ने हवाई संपर्क, रेलवे नेटवर्क, पेट्रोलियम अवसंरचना और जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

दोनों नेताओं ने नागर विमानन क्षेत्र में चल रही वार्ताओं की समीक्षा की और संपर्क बढ़ाने पर सहमति जताई। इसके तहत वर्तमान काठमांडू-भैरहवा-लखनऊ (बी345) हवाई मार्ग, जो अभी एकतरफा है, उसे दोतरफा बनाया जाएगा। इसके लिए दोनों पक्ष तकनीकी स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के ट्रांजिट व्यापार के लिए एक नई सुविधा की घोषणा करते हुए कहा कि नेपाल को दीनदयाल पोर्ट (कांडला, गुजरात) के माध्यम से अतिरिक्त समुद्री पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होने के बाद पारादीप बंदरगाह (ओडिशा) का उपयोग भी नेपाल के लिए खोला जाएगा।

संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने सीमा पार संपर्क और बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के महत्व पर बल दिया। इसके तहत नई रेलवे लाइनों, पुलों, इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) और पेट्रोलियम पाइपलाइन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने सरयू-कमला एक्सप्रेस रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो अयोध्या और जनकपुर को जोड़ती है। माना जा रहा है कि यह रेल सेवा न केवल आवागमन को आसान बनाएगी बल्कि रामायण सर्किट के तहत धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगी तथा भारत-नेपाल के ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करेगी।

दोनों देशों ने बौद्ध और शिव-शक्ति धार्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने के लिए इसी तरह के अन्य संपर्क मार्गों की संभावनाओं का भी अध्ययन करने पर सहमति व्यक्त की। रेल संपर्क के क्षेत्र में दोनों पक्षों ने प्रस्तावित रक्सौल-काठमांडू विद्युतीकृत ब्रॉडगेज रेलवे लाइन के लिए फील्ड लोकेशन सर्वे पूरा होने की घोषणा की। साथ ही नेपाल की ईस्ट-वेस्ट रेलवे परियोजना के विकास में सहयोग करने पर भी सहमति बनी। सीमा संपर्क को और बेहतर बनाने के लिए भारत के धारचूला और नेपाल के दारचूला के बीच एक नए मोटर योग्य पुल का उद्घाटन किया गया, जिससे पश्चिमी नेपाल और भारत के बीच सड़क संपर्क मजबूत होगा।

यमुना 60 प्रतिशत साफ, 2030 तक पूरी नदी साफ हो जाएगी: मंत्री सिरसा

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को कहा कि यमुना का 60 प्रतिशत हिस्सा अब इतना साफ हो गया है कि उसका पानी पीने लायक है और 2029 या 2030 तक पूरी यमुना को साफ कर दिया जाएगा।

सिरसा यहां उबर की वन लेस कार रिपोर्ट के जारी होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यमुना की सफाई का श्रेय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पिछले दो वर्षों में केंद्र सरकार से मिले सहयोग को दिया। मंत्री ने कहा कि नदी की सफाई का काम एक छोर से शुरू किया गया है और इसे धीरे-धीरे दूसरे छोर तक ले जाया जाएगा। यही कारण है कि अभी पूरी नदी के बजाय 60 प्रतिशत हिस्से की सफाई हो सकी है। सिरसा ने कहा, यमुना का 60 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह साफ हो चुका है। साफ होने का मतलब इतना स्वच्छ है कि आप उसका पानी भी पी सकते हैं। उन्होंने लोगों से यमुना के किनारे जाकर सफाई की स्थिति स्वयं देखने की अपील भी की।

बैकुंठ चतुर्दशी मेला

मुख्यमंत्री धामी ने किया भव्य शुभारंभ

श्रीनगर को दी विकास की सौगातें

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। ऐतिहासिक बैकुंठ चतुर्दशी मेले का सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। खुली जीप में सवार मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए सड़कों के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने भी उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने रिबन काटकर मेले का उद्घाटन किया और कमलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामोत्थान परियोजना के तहत लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने पारंपरिक संस्कृति से जुड़ाव प्रदर्शित करते हुए सिलबट्टे पर नमक भी पीसा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला केवल धार्मिक और व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कमलेश्वर महादेव मंदिर की पौराणिक महत्ता का उल्लेख करते हुए श्रीनगर को धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगरी बताया। मुख्यमंत्री ने श्रीनगर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि लगभग 200 करोड़ रुपये की सीवर लाइन परियोजना अंतिम चरण में है। श्रीनगर से देहरादून के लिए जल्द हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी। इसके अलावा उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के माध्यम से साइंस सिटी विकसित करने और नगर निगम के नए कार्यालय भवन के निर्माण को स्वीकृति देने की घोषणा की। उन्होंने धारी देवी मंदिर के समीप आधुनिक घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के साथ विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग में हाईटेक घाट विकसित करने की भी घोषणा की। बैकुंठ चतुर्दशी मेले के आयोजन के लिए सरकारी सहयोग देने की बात भी कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत से एनआईटी श्रीनगर का निर्माण कार्य चल रहा है। बेस अस्पताल में 25 करोड़ रुपये की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया गया है। इसके अलावा पेयजल, सड़क, पार्किंग, रेलवे कनेक्टिविटी और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर को उत्तराखंड की सांस्कृतिक राजधानी बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कमलेश्वर महादेव से संबंधित डाक आवरण का विमोचन भी किया। इस दौरान महापौर आरती भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पौड़ी रचना बुटोला, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, विधायक विनोद कंडारी, राजकुमार पोरी, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, एसएसपी सर्वेश पंवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



रानी झलकारी बाई जयंती पर भाजपा ने किया पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। सोमवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय में वीरांगना रानी श्रीमती झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर दिल्ली भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से



श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सांसद कमलजीत सहरावत एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में रानी झलकारी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लाजपत राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव, प्रदेश पदाधिकारी विजय सोलंकी, सुमीत भसीन, अमित गुप्ता, मोर्चा पदाधिकारी लीला सिंह, रूपेश मेरा, राजकुमार चौटेला एवं विक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा की रानी झलकारी बाई भारतीय नारी शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक थीं। 1857 की क्रांति में उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के रूप में अंग्रेजों से लोहा लेकर देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। एक साधारण परिवार में जन्म लेकर भी उन्होंने अपने पराक्रम से इतिहास रच दिया। झलकारी बाई का जीवन हमें सिखाता है कि जाति और परिस्थिति बड़ी नहीं होती, संकल्प बड़ा होता है। आज उनकी जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सम्मान पहुंचाएंगे। दिल्ली भाजपा उनके बलिदान को शत-शत नमन करती है।

दिल्ली भाजपा प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि रानी झलकारी बाई दलित समाज की गौरव और वीरता की अमर गाथा हैं। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए मातृभूमि की रक्षा की। उन्होंने यह सिद्ध किया कि देशभक्ति किसी वर्ग, जाति या लिंग की मोहताज नहीं होती।

उन्होंने कहा, झलकारी बाई का साहस आज भी हर युवा और नारी को प्रेरणा देता है। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब और रानी झलकारी बाई के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक समरसता और सबका साथ-सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

दक्षिणी दिल्ली में शादी समारोहों के चलते कई सड़कों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली में शादी समारोह निर्धारित होने के कारण कई सड़कों पर यातायात प्रतिबंध लगाए गए हैं और अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यातायात पुलिस ने यह जानकारी दी है।

पुलिस ने बताया कि शादी समारोह के दौरान 7,000 से अधिक मेहमानों और लगभग 3,500 अतिरिक्त वाहनों के आने की संभावना है।

यातायात पुलिस के परामर्श के मुताबिक, कई सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें एसएसएन मार्ग (भाटी माइंस रोड), बांध रोड, मंडी रोड और एमजी रोड शामिल हैं। कहा गया है कि जिन मार्गों पर यातायात जाम होने की संभावना है, उनमें एसएसएन मार्ग, 100 फुटा रोड, अणुव्रत मार्ग, अरबिंदो मार्ग, मंडी रोड, जौनापुर रोड, महरौली-गुरुग्राम रोड और महरौली-महिपालपुर रोड शामिल हैं। पुलिस ने शादी में आने वाले मेहमानों से कहा है कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें और सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी करने से बचें।

हर पुलिसकर्मी को सेवा व समर्पण की प्रेरणा देता है पुलिस ध्वज : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी जवानों व उनके परिजनों को पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। पुलिस झंडा दिवस पर सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुलिस कलर (फ्लैग पिन) लगाया और स्मृति चिह्न प्रदान किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ध्वज कर्तव्यनिष्ठा, अदम्य साहस, अनुशासन और

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों व उनके परिजनों को दी पुलिस झंडा दिवस की शुभकामना

जनसेवा के अटूट संकल्प का गौरवशाली प्रतीक है। 'पुलिस झंडा दिवस' हमारी गौरवशाली परंपरा, अनुशासन, त्याग और बलिदान के संकल्प का स्मरण कराता है। उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों और उनके परिजनों को 'पुलिस झंडा दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह ध्वज प्रत्येक पुलिसकर्मी को सेवा व समर्पण की प्रेरणा देता है तथा सबके मन में विश्वास व सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री आवास पर फ्लैग पिन लगाने के दौरान अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश, आईपीएस सुनील इमैनुअल आदि मौजूद रहे।



हनुमानगढ़ी में माथा टेक रामलला के दरबार पहुंचे योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर रामनगरी पहुंचे। रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर आगमन के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यहां से मुख्यमंत्री सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। उन्होंने संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए और आरती उतारकर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री योगी अयोध्या और नेपाल के जनकपुर धाम के बीच शुरू होने वाली सरयू-कमला एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामनगरी पहुंचे थे। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभु श्रीरामलला के दर्शन किए। मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु के चरणों में शीश नवाया और प्रदेशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं और आमजन का मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। दर्शन-पूजन के समय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

दिल्ली भाजपा 26 नवम्बर को संविधान गौरव दिवस समारोह करेगी आयोजित, अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली ईकाई 26 नवबंर को सिविक सेंटर में संविधान गौरव दिवस समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रुप में शामिल होंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि इस समारोह का आयोजन संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने और संविधान के मूल्यों को जन-जन



तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि समारोह में दिल्ली के बुद्धिजीवी वर्ग को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली के सभी सांसदों एवं आमंत्रित बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करेंगी।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान लागू होने के बाद भी कांग्रेस सरकारों ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान में संशोधन किए। मल्होत्रा ने कहा कि आज कांग्रेस नेता संविधान की छोटी प्रति जेब में रखकर बात-बात पर संविधान की शपथ लेते हैं, इन लोगों ने संविधान की मूल भावना की हत्या कर दी। 1975 में इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता रहते प्रेस पर सेंसरशिप लगाई और लाखों लोगों को जेल में बंद कर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ही तरह आम आदमी पार्टी भी अराजक पार्टी है, जिसके मुख्यमंत्री रहते अरविंद केजरीवाल ने न सिर्फ राजपथ (कर्तव्य पथ) पर धरना दिया, बल्कि शराब घोटाले में गिरफ्तार होने के बाद भी बहुत दिनों तक इस्तीफा देने से इनकार किया। हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि दिल्ली भाजपा संविधान गौरव अभियान के तहत दिल्ली एवं देशवासियों को संविधान के प्रति जागरूक कर रही है और इस अभियान का उद्देश्य है कि डॉ. अम्बेडकर के सपनों के भारत का निर्माण करें - जहां सामाजिक समरसता हो, समानता हो और हर नागरिक को न्याय मिले।

मल्होत्रा ने कहा कि संविधान केवल एक पुस्तक नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और आकांक्षाओं का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने संविधान के आदर्शों को व्यवहार में उतारा है।

एसआईआर में 75 जीवित मतदाताओं को मृत दिखाकर नाम कटवाए: कांग्रेस

कांग्रेस ने मुस्तफाबाद के नेहरू विहार वार्ड में फॉर्म-7 के दुरुपयोग के लगाए आरोप

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दावा किया कि मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र के नेहरू विहार वार्ड में भाजपा के बूथ लेवल एजेंट ने 75 जीवित मतदाताओं को मृत दर्शाकर उनके नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 भरवाए। राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में यादव ने दावा किया कि कांग्रेस के बीएलए-1 की जांच में मामला सामने आया। इनमें 65 मतदाताओं के जीवित होने की पुष्टि हुई। कांग्रेस ने 16 लोगों को प्रभावित बताते हुए पहचान पत्रों के साथ उन्हें मीडिया के सामने पेश किया।

यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्षी विचारधारा और कमजोर वर्गों के मतदाताओं को मतदान के अधिकार से वंचित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि समय रहते जांच नहीं होती तो मतदाताओं के नाम सूची से कट सकते थे। कांग्रेस ने चुनाव आयोग और अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच, प्रभावितों को सुनवाई का अवसर और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

28 साल से फरार हत्या का आरोपी अयोध्या से गिरफ्तार, खेती करते मिला रामू

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 28 साल पुराने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी रामू को अयोध्या से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने वर्ष 1998 में दिल्ली के बुद्ध विहार में अपने साथी मोहित की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह वर्षों तक अलग-अलग राज्यों में छिपता रहा।

पुलिस के अनुसार, 13 मार्च 1998 को बुद्ध विहार की एक झोपड़ी से मोहित का शव बरामद हुआ था। वह बिहार के मधुबनी का रहने वाला था। पोस्टमार्टम में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। जांच में सामने आया कि मोहित और रामू एक ही कोयले की दुकान पर काम करते थे। दोनों के बीच विवाद के बाद रामू पर हत्या का आरोप लगा था। वर्ष 2000 में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

लंबे समय तक फरार रहने के दौरान आरोपी ने मुंबई, पंजाब और बिहार में अलग-अलग ठिकानों पर समय बिताया। पुलिस के पास उसकी तस्वीर तक उपलब्ध नहीं थी। हाल ही में गुप्त सूचना मिलने के बाद अपराध शाखा ने पुराने पुलिस और अदालती अभिलेखों की जांच कर उसकी तलाश तेज की। पुलिस टीम ने 21 नवंबर को अयोध्या से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह करीब 9 साल मुंबई, 12 साल पंजाब और 7 साल बिहार में रहा। बाद में अयोध्या में बसकर अपने पैतृक गांव में खेती करने लगा। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का निवासी है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे तिहाड़ जेल भेज दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में छाया अंडमान निकोबार पवेलियन

नई दिल्ली। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के हॉल नंबर-2 में बना अंडमान एवं निकोबार पवेलियन दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां दिल्ली में ही लोगों को द्वीपों की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति को करीब से जानने का अवसर मिल रहा है। पवेलियन में अंडमान के स्वच्छ समुद्र तटों, रंग-बिरंगे समुद्री जीवों और अनूठी जैव विविधता को आकर्षक अंदाज में प्रदर्शित किया गया है। आधुनिक एलईडी स्क्रीन और विशेष डिस्प्ले के जरिए समुद्र तटों का ऐसा जीवंत दृश्य प्रस्तुत किया गया है, मानो दर्शक खुद वहां मौजूद हों। बच्चे और बड़े उत्साह से इन नजारों को कैमरे में कैद कर रहे हैं। वहीं, निकोबार की पारंपरिक झोपड़ियां, स्थानीय हस्तशिल्प और जीवनशैली भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं। पवेलियन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया जा रहा है।

गिग वर्कर्स के कल्याण को लेकर काम कर रही सरकार



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। भारत मंडपम में फ्लिपकार्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन ह्यसंपर्क 2026ह्ल में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा शामिल हुए। यहां गिग वर्कर्स के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास, रोजगार के नए अवसरों और सामाजिक क्षेत्र में संस्थागत सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर उन्होंने चर्चा की इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि गिग इकोनॉमी आज देश के रोजगार परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

डिलीवरी पार्टनर्स, वेयरहाउस कर्मचारियों और अन्य ग्राउंड लेवल वर्कर्स के योगदान से यह पूरा क्षेत्र संचालित होता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि इन कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार, कंपनियां और सामाजिक संस्थाएं मिलकर काम करें। दिल्ली सरकार गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में इस विषय पर नियोक्ताओं और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें भी की गई हैं।

आईएचसी में हंगेरियन स्टेट फोक एन्सेम्बल की 75वीं वर्षगांठ पर सजी संगीत और नृत्य की शाम

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी के इंडिया हैबिटेट सेंटर (आईएचसी) स्थित स्टीन सभागार में सोमवार को 'हंगेरियन स्टेट फोक एन्सेम्बल' की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर विशेष संगीत और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लिस्ज्ट इंस्टीट्यूट-हंगेरियन कल्चरल सेंटर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हंगरी और भारत की सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में हंगेरियन स्टेट फोक एन्सेम्बल और भारतीय संगीत कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को लोक संस्कृति की विविधता से परिचित कराया। इसमें कार्पेथियन बेसिन की पारंपरिक लोक कलाओं को नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में समूह नृत्य, युगल नृत्य और एकल प्रस्तुतियां दीं। लाइव पारंपरिक संगीत ने कार्यक्रम को और खास बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हंगरी के पारंपरिक नृत्य 'चार्दाश' और भारतीय शास्त्रीय नृत्य 'कथक' का संगम रहा। पहली बार दोनों नृत्य शैलियों को एक साथ मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस विशेष प्रस्तुति में हंगेरियन स्टेट फोक एन्सेम्बल के कलाकारों के साथ कथक गुरु शोवना नारायण और उनके शिष्यों ने हिस्सा लिया। दोनों देशों की अलग-अलग नृत्य शैलियों की लय, भाव और कदमों की जुगलबंदी ने दर्शकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम के दौरान हंगरी के लोक संगीत, पारंपरिक नृत्य और भारतीय शास्त्रीय कला के बीच सांस्कृतिक संवाद देखने को मिला। इसके बाद हंगरी की पारंपरिक 'तांचहाज' यानी डांस हाउस परंपरा से भी दर्शकों को परिचित कराया गया।

इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ शिकायत पर दिल्ली पुलिस से मांगी एटीआर

नई दिल्ली। इन्फ्लुएंसर स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) तलब की है। सोमवार को मामले की सुनवाई में न्यायिक मजिस्ट्रेट कौतुक भारद्वाज ने दिल्ली पुलिस को रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई के लिए 8 जनवरी की तारीख निर्धारित की। यह आपराधिक शिकायत एक आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से दाखिल की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि स्वतंत्र भारद्वाज ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बार-बार ऐसी पोस्ट, वीडियो और टिप्पणियां प्रकाशित एवं प्रसारित की हैं, जिनमें मुस्लिम समुदाय और उनकी धार्मिक मान्यताओं व प्रथाओं के प्रति अपमानजनक संदर्भों का इस्तेमाल किया गया है।

दिल्ली में नर्सरी दाखिले का आधार बनेंगे पड़ोस, भाई-बहन और पूर्व छात्र

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और पहली कक्षा में दाखिले की तैयारियां तेज हो गई हैं। दाखिला प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी। इस बार भी स्कूलों में प्रवेश के लिए आसपास रहने वाले बच्चों, स्कूल में पहले से पढ़ रहे भाई-बहन और पूर्व छात्रों के बच्चों को प्राथमिकता देने वाले मानक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्कूलों ने अपने दाखिला नियम और अंकों का निर्धारण शुरू कर दिया है। सभी निजी स्कूलों को 26 नवंबर तक अपने निर्धारित मानक शिक्षा निदेशालय के पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

शिक्षा निदेशालय की ओर से दिशा-निर्देश जारी होने के बाद स्कूल अपने स्तर पर दाखिले का अंकों वाला प्रारूप तैयार कर रहे हैं। कुछ स्कूलों ने इसे अंतिम रूप दे दिया है, जबकि कई संस्थान अभी अंकों और प्राथमिकता के आधार पर विचार कर रहे हैं। अधिकांश स्कूलों में पड़ोस की दूरी, भाई-बहन और पूर्व छात्र संबंधी मानकों को अधिक महत्व दिए जाने की संभावना है।

पड़ोस की दूरी पर मिलेंगे सर्वाधिक अंक

मयूर विहार स्थित विद्या बाल भवन स्कूल ने 100 अंकों के आधार पर अपना दाखिला प्रारूप तैयार किया है। इसमें आसपास रहने वाले बच्चों को दूरी के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में अंक देने का प्रावधान किया गया है। स्कूल ने 0 से 1 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले बच्चों के लिए 70 अंक निर्धारित किए हैं। वहीं, 1 से 8 किलोमीटर की दूरी पर रहने वाले बच्चों को 60 अंक और 8 किलोमीटर तक की दूरी वाली श्रेणी के लिए 50 अंक देने का प्रावधान बताया गया है।

दया बस्ती स्टेशन और यार्ड से हटाया 70 टन कचरा

उत्तर रेलवे और एमसीडी ने रातभर चलाया संयुक्त सफाई अभियान, पटरियों के किनारे जमा गंदगी हटाई

उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसरों को स्वच्छ रखने के लिए उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने संयुक्त रूप से विशेष सफाई अभियान चलाया। इसके तहत 22 नवंबर की रात दया बस्ती रेलवे स्टेशन और यार्ड में रेलवे लाइनों के किनारे जमा करीब 70 टन कचरा हटाया गया। अभियान में सफाई कर्मचारियों के साथ मशीनों की भी मदद ली गई।

रेलवे के अनुसार, पटरियों के आसपास लंबे समय से जमा कचरे के कारण गंदगी फैलने के साथ जलभराव की समस्या भी पैदा होती है। इसे देखते हुए दोनों विभागों की संयुक्त टीमों ने रात के समय विशेष अभियान चलाया, ताकि रेल परिचालन प्रभावित किए बिना सफाई का काम पूरा किया जा सके। अभियान के दौरान ट्रैक के किनारे जमा कचरे को हटाकर क्षेत्र की सफाई की गई। उत्तर रेलवे का कहना है कि रेलवे परिसरों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान जरूरी हैं। इसके लिए स्थानीय निकायों के साथ समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है। रेलवे ने यात्रियों और आसपास रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे रेलवे पटरियों और स्टेशन परिसरों में कचरा न फेंकें। इससे न केवल स्वच्छता बनी रहेगी, बल्कि जलभराव और अन्य समस्याओं से भी बचा जा सकेगा।

यमुना की सफाई पर सियासी घमासान, सिरसा को 'एक लीटर पानी पीने' की चुनौती



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में यमुना की सफाई को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के नदी का 60 प्रतिशत हिस्सा साफ होने और पानी पीने योग्य बनने के दावे पर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाए हैं। पार्टी ने सिरसा को कालिंदी कुंज पहुंचकर यमुना का एक लीटर पानी पीने की चुनौती दी है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंत्री के दावे को झूठा बताते हुए कहा कि यदि 18 महीनों में यमुना का 60 प्रतिशत हिस्सा साफ हो गया है तो शेष 40 प्रतिशत हिस्से की सफाई भी अगले 12 महीनों में हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2030 तक यमुना साफ करने की बात कहकर सरकार जवाबदेही से बचना चाहती है। भारद्वाज ने सिरसा को चुनौती देते हुए कहा कि वे कालिंदी कुंज आकर यमुना का एक लीटर पानी पीकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर ही नदी की सफाई के दावे को सही माना जाएगा। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक कार्यक्रम में दावा किया कि यमुना का 60 प्रतिशत हिस्सा इतना स्वच्छ हो चुका है कि उसका पानी पीया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के सहयोग को श्रेय दिया। सिरसा के अनुसार, वर्ष 2029 या 2030 तक पूरी यमुना की सफाई का लक्ष्य है।

हालांकि, मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि दिल्ली के नालों से गंदा पानी यमुना में पहुंच रहा है। जब तक इस पानी का शोधन नहीं होगा, तब तक नदी को पूरी तरह स्वच्छ बनाना संभव नहीं है।

पूर्वी दिल्ली में दो नए पुलिस बूथ शुरू, एक पिंक बूथ भी शामिल

चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस बूथ और शहीद राजगुरु कॉलेज में पिंक बूथ का उद्घाटन



उत्तम भारत संवाददाता



नई दिल्ली। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिस को आम जनता के करीब लाने के उद्देश्य से दो नए पुलिस बूथ शुरू किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (लॉ एंड ऑर्डर जोन-1) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने रविवार को चिल्ला बॉर्डर पर एक सामान्य पुलिस बूथ और शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज फॉर वुमेन में 'पिंक पुलिस बूथ' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला सुरक्षा और पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि चिल्ला बॉर्डर पर बूथ शुरू होने से सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी, जिससे अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों को तत्काल सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी। उद्घाटन के बाद विशेष आयुक्त ने स्कूली बच्चों, आरडब्ल्यूए, एमडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, पुलिस मित्रों व स्थानीय नागरिकों से संवाद कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस दौरान अपराध सुलझाने वाली पूर्वी जिले की पुलिस टीमों को सम्मानित भी किया गया।

शिकायत के लिए क्यूआर कोड और बॉक्स की सुविधा

शहीद राजगुरु कॉलेज में पिंक बूथ का उद्घाटन करते हुए विशेष आयुक्त ने छात्राओं को बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बूथ पर 'निर्भीक शिकायत बॉक्स' लगाने, शिकायत के लिए क्यूआर कोड प्रदर्शित करने और गश्त के लिए पिंक स्कूटी तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बूथ जनता की समस्याएं सुनने का केंद्र होने चाहिए। कार्यक्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त मिलिंद महादेव डुंबरे सहित शाहदरा और उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी मौजूद रहे।

दिल्ली की सीएम ने अशोक सिंघल और मांगेराम गर्ग को दी श्रद्धांजलि; समाज में उनके योगदान को किया याद

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के दिवंगत अध्यक्ष अशोक सिंघल और भाजपा नेता व दिल्ली विधानसभा के दिवंगत सदस्य मांगे राम गर्ग को उनकी क्रमशः 100वीं और 90वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

सीएम गुप्ता ने समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और देश भर में तीर्थ स्थलों के विकास में उनके योगदान को याद किया। ह्यदो महापुरुष झ्र एक संकल्पह्व नाम की श्रद्धांजलि सीरीज सोमवार को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुई।

सीएम रेखा गुप्ता ने कन्वेंशन सेंटर में उनकी याद में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए



कहा कि दोनों नेताओं ने अपना जीवन जनता की भलाई के लिए समर्पित कर दिया और समाज के अलग-अलग वर्गों को एक साथ लाने की दिशा में काम किया।

उन्होंने कहा, ह्यमैं आप सभी का दिल से शुक्रिया अदा करती हूं क्योंकि हम यहां अशोक सिंघल और मांगे राम गर्ग जैसी शख्सियतों को याद करने के लिए इकट्ठा हुए हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी को समाज सेवा और देश के फिर से बनाने के लिए एक मिसाल बनाया। उन्होंने लगातार समाज को जोड़ने का काम किया और इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित करके खुद को रोल मॉडल के तौर पर स्थापित किया।

मांगे राम गर्ग को प्यार से बाउजी के नाम से जाना जाता था। मुख्यमंत्री ने उनके साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें उनके जवानी के दिनों में जो सलाह दी थी, वह रोजमर्रा की जिंदगी में उनका मार्गदर्शन करती रही।

उन्होंने कहा, मुझे वह सब याद है जो उन्होंने मुझे मेरे जवानी के दिनों में बताया था। यह सब आज भी हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत काम आता है।

सीएम ने अशोक सिंघल के बारे में बात करते हुए भाजपा के स्टेट प्रेसिडेंट के तौर पर उनकी ऑर्गेनाइजेशनल जिम्मेदारियों से परे उनके योगदान पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि सिंघल ने एक पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव, सोशल लीडर और रिफॉर्मर के तौर पर काम किया, जिसमें खास तौर पर पिछड़े समुदायों की महिलाओं की मदद करने और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने पर ध्यान दिया गया।

सूगुन गुप्ता ने तीर्थ स्थलों के विकास पर ध्यान खींचने के सिंघल के प्रयासों को भी याद किया, और कहा कि उनका मानना था कि जब शहर और देश के दूसरे हिस्से तरक्की कर रहे हों, तो धार्मिक जगहों को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, जब हमारे भक्त किसी तीर्थ स्थल पर जाते हैं, तो हम पूरे देश और शहरों में विकास होते हुए देखते हैं, लेकिन ये तीर्थ स्थल अक्सर पीछे छूट जाते हैं। मुझे नहीं पता क्यों। हालांकि, उन्होंने सबसे पहले इस मुद्दे पर ध्यान खींचा और इस बात पर जोर दिया कि तीर्थ स्थलों का विकास विकास का सबसे बड़ा रूप है।

यमुनापार में दम घोंट रही टूटी सड़कों की धूल, फेल हो रहे प्रदूषण नियंत्रण के दावे

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। यमुनापार में प्रदूषण कम करने के दावे तो खूब किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। कहीं सड़कें टूटी पड़ी हैं तो कहीं किनारों पर मिट्टी के ढेर जमा हैं।

इन सड़कों से गुजरते वाहनों के साथ धूल के गुबार उठ रहे हैं और तेज हवा चलने पर यही मिट्टी आसपास के वातावरण में फैल रही है। स्वामी दयानंद मार्ग से लेकर नंद नगरी, दिलशाद गार्डन और कड़कड़डूमा तक यही स्थिति है। सड़कों की धूल तक नहीं थम रही तो प्रदूषण पर लगाम लगाने के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। स्वामी दयानंद मार्ग पर सड़क के किनारे जगह-जगह मिट्टी जमा है। सफाई के अभाव में यह मिट्टी सूखकर धूल बन जाती है और हवा के साथ उड़ती रहती है। सड़क से गुजरने वाले वाहनों के कारण भी धूल का गुबार उठता है। नंद नगरी में कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के पास सड़क टूटी हुई है। यहां वाहन गुजरने के दौरान सड़क की उखड़ी सतह से धूल उड़ती है। आसपास आवासीय क्षेत्र और लोगों की आवाजाही होने से समस्या और बढ़ जाती है।

दिलशाद गार्डन औद्योगिक क्षेत्र के पास भी सड़क की हालत ठीक नहीं है। सड़क पर जगह-जगह टूट-फूट होने से वाहनों के गुजरने के साथ धूल उड़ती है। वहीं कड़कड़डूमा के पास सड़क और फुटपाथ के



क्षतिग्रस्त हिस्सों से भी धूल फैल रही है।

फुटपाथ की हालत खराब होने और सड़क किनारे मिट्टी जमा रहने से पैदल चलने वालों को भी परेशानी होती है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए सड़कों की नियमित सफाई के साथ उनकी मरम्मत और किनारों पर जमा मिट्टी हटाना जरूरी है। टूटी सड़कें और खुले हिस्सों में जमा धूल वाहनों की आवाजाही के साथ दोबारा हवा में पहुंचती है।

ऐसे में केवल पानी छिड़कने या सफाई अभियान चलाने के बजाय सड़क की बदहाल सतह को दुरुस्त करने और नियमित रखरखाव पर ध्यान देना भी जरूरी है। छिड़काव को नहीं हो रहा असरः तमाम क्षेत्रों में पानी की छिड़काव तो किया जा रहा है लेकिन धूल इतनी अधिक है कि यह प्रयास भी पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है। खास तौर पर कालोनियों के अंदरूनी मुख्य मार्गों की मरम्मत के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

पुरानी दुश्मनी में युवक को बंधक बनाकर धारदार हथियार से गोदा, दो गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के जाफराबाद इलाके में पुरानी दुश्मनी के चलते एक युवक को बंधक बनाने एवं धारदार हथियार से गोद कर जख्मी करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी उत्तर पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राहुल अलवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ब्रह्मपुरी निवासी मोहम्मद अब्बास उर्फ छम्मिया (26) और समीर (23) के रूप में हुई है। मामले में तीसरा आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को जाफराबाद थाने को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल से चाकू के हमले में जख्मी हुए एक युवक को लाये जाने की सूचना मिली।



उनके मुताबिक, घायल असलम (22) ने बताया कि देर रात चौहान बांगर इलाके में उसे तीन आरोपियों ने घेर लिया, जिन्हें वह पहले से जनता था।

पुलिस ने बताया कि अब्बास ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे धमकी दी और आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता ने करीब डेढ़ साल पहले उस पर ब्लेड से हमला किया था। अधिकारी ने बताया कि जब शिकायतकर्ता ने भागने की कोशिश की, तो तीनों आरोपियों ने उसे काबू कर लिया और अब्बास ने उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया, जबकि बाकी दो ने उसे जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाया और उसका अपहरण करके पास के ब्रह्मपुरी की गली नंबर 21 में ले गए। पुलिस ने बताया कि वहां आरोपियों ने उसकी गर्दन, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू से हमला किया और वहां से भाग गए। इसके बाद पीड़ित किसी तरह अस्पताल पहुंचा।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने 20 नवंबर को अब्बास और 22 नवंबर को समीर को गिरफ्तार किया। दोनों का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। मामले की जांच जारी है।

भजनपुरा और आजादपुर में फ्लाईओवर मार्च तक होंगे तैयार

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। जाम की समस्या का समाधान करने के लिए आजादपुर और भजनपुरा में बनाए जा रहे फ्लाईओवर आगामी मार्च महीने तक बनकर तैयार हो जाएंगे। इन दोनों को पूरा करने में आ रही समस्या का समाधान जल्द कर लिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा हाल ही में यह जानकारी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह को दी गई है। अधिकारियों ने उन्हें बताया है कि भजनपुरा में बचा हुआ रैम्प जबकि आजादपुर में फ्लाईओवबर के बचे हुए स्लैब जल्द डाल दिए जाएंगे।

इसके बनने से यहां से गुजरने वाले एक लाख से अधिक वाहन चालकों को लाभ होगा। जानकारी के अनुसार आजादपुर से त्रिपोलिया चौक तक कुल 2.16 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इसका लगभग 86 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां झुग्गी के पास लगभग 150 मीटर का हिस्सा जगह की कमी के चलते बनने में समस्या आ रही है। अधिकारियों की तरफ से बताया गया है कि आगामी दिसंबर माह तक जगह की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा और मार्च 2027 तक यहां निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद यहां से निर्माण के बाद जल निकासी और फुटपाथ का काम पानी निकाल, नीचे नाले और फुटपाथ को बनाने का काम होगा। उसके पूरा होने के बाद मई माह तक इसे वाहनों की आवाजाही के लिए खोला जा सकता है।

अधिकारियों द्वारा बैठक में बताया गया कि आजादपुर की तरफ से आने के रास्ते में अतिक्रमण के चलते भी जाम की समस्या हो रही है। इसके चलते जाम को लेकर शिकायतें पिछले कुछ समय में बढ़ी हैं। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं। दूसरा फ्लाईओवर यमुना विहार से भजनपुरा के बीच बनाया जा रहा है। 1.4 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का 92 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

दिल्ली में गांधी नगर स्थित कपड़ों की दुकान में लगी आग को सवा घंटे की मशक्कत के बाद बुझाया गया

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के गांधी नगर इलाके में सोमवार सुबह रेडीमेड कपड़ों की एक दुकान में आग लग गई, जिसे दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद बुझा दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने यह जानकारी दी।

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, गांधी नगर की नेहरू गली स्थित एक फैक्टरी में आग लगने की सूचना सुबह करीब आठ बजकर 56 मिनट पर मिली, मगर मौके पर जाकर पता चला कि आग एक इमारत की भूतल पर स्थित रेडीमेड कपड़ों की दुकान में लगी थी।

अधिकारी ने बताया कि शुरूआत में दमकल की आठ गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। बाद में सुबह



नौ बजकर 15 मिनट पर चार और गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

उन्होंने बताया कि 35 गज क्षेत्र में बनी इस इमारत में भूतल और तीन ऊपरी तीन मंजिलें हैं।

अधिकारी ने बताया कि दमकल की गाड़ियों ने 10:10 तक आग पर काबू पा लिया और 10:20 पर आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

महापौर ने गुरु पर्व के नगर कीर्तन मार्ग का किया निरीक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। गुरु पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले नगर कीर्तन की तैयारियों के लिए दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही और निगमायुक्त संजीव खिरवार ने सोमवार को गुरुद्वारा सीसगंज साहिब से फतेहपुरी चौक तक नगर कीर्तन मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुरानी दिल्ली क्षेत्र की उपायुक्त कनिका सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। महापौर एवं निगमायुक्त ने पूरे मार्ग पर सफाई व्यवस्था, कचरा उठाने और स्वच्छता से जुड़े कार्यों की स्थिति देखी। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर कीर्तन मार्ग पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और जहां भी कोई कमी नजर आए, उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय रहते तैयारियां पूरी करने को कहा।

महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि गुरु पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ-साथ दिल्ली की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। नगर कीर्तन के इस मार्ग पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

पहाड़ों की बर्फबारी से बढ़ेगी दिल्ली-एनसीआर में ठिठुरन, वायु गुणवत्ता के रेड जोन में लौटने की आशंका

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। पहाड़ों पर बदलते मौसम का असर अब मैदानी इलाकों में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और भी जोर पकड़ेगी।

इस हफ्ते न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की प्रबल संभावना है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास होने लगेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले छह



दिनों तक दिल्ली-एनसीआर के आसमान में कोहरे का डेरा रहने वाला है। 23 नवंबर को दिन की शुरूआत हल्के कोहरे के साथ होगी। अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 24 नवंबर को तापमान में मामूली गिरावट दर्ज होगी।

न्यूनतम तापमान 11 डिग्री पर आ जाएगा, जबकि अधिकतम 25 डिग्री रहेगा। मौसम हल्का कोहरा बना रहेगा। 25 नवंबर को ठंड बढ़ना शुरू हो जाएगा।

चांदनी चौक में दोबारा अतिक्रमण हुआ तो नपेंगे अधिकारी

नई दिल्ली। चांदनी चौक की गरिमा बहाल करने के लिए अतिक्रमण के विरुद्ध मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए हैं कि चांदनी चौक और आसपास के क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाने का अभियान निरंतर चलाया जाए। जिन स्थानों से अवैध कब्जे हटाए जा चुके हैं, वहां दोबारा अतिक्रमण किसी भी सूरत में न होने दिया जाए। अगर ऐसी जगहों पर दोबारा अतिक्रमण हुआ तो इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों पर होगी और उन पर कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट ने मानहानि के मामले में यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ जारी किया गैर-जमानती वारंट

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह मामला आठ साल पुराने आपराधिक मानहानि केस से जुड़ा है, जिसे विकास सांकृत्यायन (उर्फ विकास पांडे) ने भाजपा आईटी सेल पार्ट 2 शीर्षक वाले एक वीडियो को लेकर दायर किया था।

साकेत कोर्ट ने ध्रुव राठी के अदालत में पेश न होने पर वारंट जारी किया है। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कार्यवाही के दौरान उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने में बार-बार मुश्किलें आ रही थीं। अब अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 3 दिसंबर की तारीख तय की है।

यह नया आदेश तब आया है, जब अदालत ने 31 अक्टूबर को ध्रुव राठी के खिलाफ एक और जमानती वारंट जारी किया था और निर्देश दिया था कि इसे उनके गुरुग्राम वाले पते पर तामील कराया जाए। हालांकि, इस वारंट की तामील नहीं हो सकी।

इससे पहले, 17 अक्टूबर को भी अदालत ने इस यूट्यूबर के खिलाफ एक जमानती वारंट जारी किया था। ऐसा तब किया गया, जब अदालत को बताया गया कि नया समन तामील नहीं हो सका क्योंकि उनके घर पर ताला लगा हुआ था। 17 अक्टूबर वाले वारंट की भी तामील नहीं हो पाई क्योंकि अदालत को जानकारी मिली कि यह वारंट ऑस्ट्रिया के एक गलत पते पर भेज दिया गया था।

राजस्थान से दिल्ली पुलिस ने दो चेन स्नैचर गिरफ्तार किए, दोनों पर 82 आपराधिक मामले दर्ज



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की द्वारका जिला पुलिस ने नजफगढ़ इलाके में चेन स्नैचिंग की वारदात में शामिल दो आरोपियों को राजस्थान के खाटू श्याम से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कुल 82 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से एक आरोपी के खिलाफ चेन स्नैचिंग के 36 और चोरी के 20 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल स्कूटर और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजन सोनी उर्फ भोला (24), निवासी विष्णु गार्डन, ख्याला और हर्ष उर्फ अक्षय (22), निवासी बेगम बाग, केशोपुर मंडी, दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, राजन सोनी के खिलाफ कुल 66 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें चेन स्नैचिंग के 36, चोरी के 20, आर्म्स एक्ट के सात, लूट का एक और अन्य अपराधों से संबंधित दो मामले शामिल हैं। वहीं, हर्ष के खिलाफ कुल 16 मामले दर्ज हैं। इनमें चेन स्नैचिंग और चोरी के 11, लूट या हथियार के साथ लूट का एक, आर्म्स एक्ट का एक तथा धोखाधड़ी और जालसाजी के तीन मामले शामिल हैं। द्वारका पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कुशल पाल सिंह ने बताया कि चेन स्नैचिंग, वाहन चोरी, शराब तस्करी और अवैध शराब की सप्लाई में शामिल अपराधियों की पहचान, तलाश और गिरफ्तारी के लिए एंटी-पीओ एंड जेल बेल सेल की विशेष टीम गठित की गई थी।

17 नवंबर को जय विहार इलाके में सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान पुलिस टीम को एक मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात में शामिल संदिग्ध राजस्थान के खाटू श्याम जी गए हैं और मंदिर के पास एक होटल एवं रेस्तरां में ठहरे हुए हैं।

दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल पर पसंद की कार न मिलने के कारण शादी से इनकार करने का आरोप



उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल पर आरोप है कि दुल्हन के परिवार की ओर से 13 लाख रुपये की मारुति ब्रेजा कार का इंतजाम न किए जाने पर उसने शादी से इनकार कर दिया और अपनी मां के साथ विवाह स्थल से चला गया। दुल्हन के परिवार ने दावा किया है कि उन्होंने दूल्हे के लिए 9.5 लाख रुपये की हुंडई ऑरा कार बुक कराई थी।

शादी 20 नवंबर को यहां मामचंद वाटिका में होनी थी। दोनों परिवारों ने करीब छह महीने पहले विवाह तय किया था।

दुल्हन के पिता सुभाष कुमार ने सोनीपत पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उन्होंने दूल्हे के लिए हुंडई ऑरा कार बुक कराई थी। हालांकि, कुलदीप नाम के दूल्हे ने यह कहते हुए ब्रेजा की मांग की कि उसे उसके लिए बुक की गई कार पसंद नहीं है।

कुमार ने बताया कि उन्होंने उस कार की बुकिंग रद्द कर दी और ब्रेजा की तलाश शुरू कर दी। लेकिन कुछ शोरूम में कार उपलब्ध न होने के कारण वह उसका इंतजाम नहीं कर सके।

शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि उनके परिवार ने दूल्हे के परिवार के लिए सोफा और अलमारी समेत अच्छी गुणवत्ता का फर्नीचर तैयार कराया था। उन्होंने दूल्हे के लिए दो तोले की सोने की चेन, उसकी मां के लिए चार तोले के सोने के झुमके और चांदी की पायल का भी इंतजाम किया था।

कुमार ने आरोप लगाया कि दूल्हे के परिवार ने उसके भाई और भाभी के लिए भी आभूषणों की मांग की थी, इसके बाद उन्होंने एक सुनार को आभूषण बनाने का ऑर्डर दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि दूल्हे के परिवार के कहने पर उन्होंने 11,000 रुपये में सजी हुई घोड़ी और 13,500 रुपये में डीजे का भी इंतजाम किया था। ये खर्च आम तौर पर दूल्हे के परिवार को उठाने होते हैं। 20 नवंबर को शादी के दिन शाम करीब सवा सात बजे जब दूल्हा और उसकी मां सादे कपड़ों में विवाह स्थल पर पहुंचे, तो कुमार हैरान रह गए। शिकायत के मुताबिक, जब दूल्हे को विवाह स्थल पर ब्रेजा नहीं मिली, तो उसने कथित तौर पर कुमार और दुल्हन के परिवार के अन्य सदस्यों को गालियां देना शुरू कर दिया।

कुमार ने बताया कि उन्होंने दूल्हे और उसकी मां को समझाने की कोशिश की और उनसे शादी की रस्में पूरी करने का आग्रह किया।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भः निविदा नोटिस संः 54/2026-2027 दिनांक 27.10.2026
1. निविदा सं. 08265168A नियत तिथि 08.12.2026.
i. उपरोक्त संदर्भित टेंडर की नियत तिथि 26.11.2026 से बढ़ाकर 08.12.2026 कर दी गई है। शेष सभी नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है।
www.ireps.gov.in
4077/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

फरीदाबाद

बल्लभगढ़ में विवाद के बाद देशविरोधी नारे लगाने का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद। सेक्टर-3 क्षेत्र में सीनियर सिटीजन क्लब के बाहर हुए विवाद के दौरान देशविरोधी नारे लगाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया, जो सामने आया है। सीनियर सिटीजन क्लब के महासचिव चरण सिंह यादव ने सेक्टर-3 थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 नवंबर को दोपहर करीब 12:50 बजे वे अपने साथियों–रमेश नागर, इंद्रेश शर्मा, गोविंद, डीपी शर्मा और ख्यालीराम–तथा साहब सिंह के साथ पाइप लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी अनोज कुमार वहां पहुंचा और कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगा। शिकायत में मारपीट की धमकी देने और पाकिस्तान व आतंकी संगठनों के समर्थन में नारे लगाने का आरोप लगाया गया है। साथ मौजूद इंद्रेश ने पूरी घटना अपने मोबाइल में



रिकॉर्ड कर ली।

सामने आए वीडियो में आरोपी कथित तौर पर पाकिस्तान, आईएसआई, अलकायदा और आतंकी हाफिज सईद के समर्थन में नारे लगाता तथा हिंदुस्तान के खिलाफ बोलता सुनाई दे रहा है। वीडियो में वह यह कहते हुए भी सुनाई देता है कि रिकॉर्ड कर लो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। एक युवती और महिला ने उसे रोकने की कोशिश भी की, जिसके बाद वह घर के अंदर चला गया।

चरण सिंह की शिकायत के आधार पर सेक्टर-3 चौकी व थाना पुलिस ने दो समुदायों के बीच नफरत फैलाने और आपसी भाईचारा बिगाड़ने से जुड़ी धाराओं में मामला दर्ज किया। रविवार रात पुलिस ने आरोपी अनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसके घर की तलाशी ली गई, जिसमें घर से दुनिया का एक नक्शा मिला, हालांकि कोई अन्य संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

आरोपी अनोज कुमार मूल रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है और पिछले कई वर्षों से बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 में रहकर ऑटो चलाता है। पड़ोसियों के मुताबिक वह एमए पास है और उसकी उम्र करीब 47 वर्ष है। उसने शादी नहीं की है और वह अपने रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी पिता व बहन के साथ रहता है। उसकी मां का करीब चार साल पहले निधन हो चुका है।

पड़ोसियों का यह भी कहना है कि वह करीब 15 साल से मुस्लिम धर्म से जुड़ा हुआ है और घर पर नमाज पढ़ता है। वहीं, हिंदू जागरण मंच के पूर्व सदस्य व गोरक्षा दल से जुड़े अनुज ने आरोप लगाया कि फरीदाबाद आने के बाद अनोज ने धर्म परिवर्तन कर अपना नाम 'सुन्नी खान' रख लिया था और वह मदरसों व जलसों में जाता है तथा पहले भी हिंदुओं को लेकर टिप्पणियां करता रहा है। दूसरी ओर, पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने स्पष्ट किया कि आरोपी के धर्म परिवर्तन को लेकर पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं है।

गुरुग्राम के सभी सार्वजनिक स्थल हुए नो स्मोकिंग जोन

गुरुग्राम। शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और तंबाकू के धुएं से मुक्त बनाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम की सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी सार्वजनिक स्थलों और पार्कों को नो स्मोकिंग जोन घोषित किया गया है। है। निगमायुक्त डॉ. पंकज ने इसके आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (सीओटीपीए) तथा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियम, 2008 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। नगर निगम ने शहर के सार्वजनिक स्थलों को नो स्मोकिंग जोन घोषित करते हुए धूम्रपान, तंबाकू सेवन और सिगरेट एवं बीड़ी के टुकड़े इधर-उधर फेंकने पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। जारी आदेश में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बाजार, बस स्टॉप, बस स्टैंड और सार्वजनिक परिवहन के साधन, सभी पार्क, ग्रीन बेल्ट, खेल के मैदान और खुले सार्वजनिक स्थान, जिनका स्वामित्व, रखरखाव या प्रबंधन नगर निगम द्वारा किया जाता है।

बेटे की मौत की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भटक रहा बुजुर्ग पिता

उत्तम भारत संवाददाता

फरीदाबाद : बेटे को खोने के गम के बीच उसकी मौत का सच जानने के लिए एक बुजुर्ग पिता पिछले करीब साढ़े तीन महीने से भटक रहा है। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के हर्जनपुरवा गांव के रहने वाले 65 वर्षीय किशन अब तक करीब 12 बार फरीदाबाद के बीके अस्पताल आ चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक बेटे (राजेंद्र) की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल सकी है। सोमवार को भी वे 12वीं बार रिपोर्ट लेने पहुंचे, मगर एक बार फिर उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

किशन का कहना है कि उनका बेटा महज 3 से 4 फीट की ऊंचाई से गिरा था। इतनी कम ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी मौत कैसे हो गई, यह बात उनकी समझ से बाहर है। उन्हें आशंका है कि बेटे की मौत के पीछे कोई दूसरी वजह भी हो सकती है। इसी संदेह को दूर करने और मौत की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए वे पोस्टमार्टम रिपोर्ट हासिल करना चाहते हैं।



बुजुर्ग पिता किशन का आरोप है कि लंबा सफर तय करने और हजारों रुपये खर्च करने के बावजूद जब वे अस्पताल पहुंचते हैं, तो उन्हें अलग-अलग विभागों के चक्कर लगवाए जाते हैं। साढ़े तीन महीने बीतने के बाद भी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है। किशन ने खेड़ी पुल थाना के जांच अधिकारी से भी मामले की निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने से बेटे की मौत की परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि महीनों से चल रही उनकी भागदौड़ खत्म हो सके और बेटे की मौत का सच सामने आ सके। इस मामले पर बीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. विकास गोयल ने बताया कि विसरा भेजे जाने के बाद रिपोर्ट आने में समय लगता है, लेकिन सामान्य पोस्टमार्टम रिपोर्ट महीने भर के समय में मिल जाती है। उनके अनुसार परिजनों को पुलिस के द्वारा भी रिपोर्ट दी जा सकती है। यदि वहां से रिपोर्ट नहीं मिली है, तो परिजन अस्पताल में एप्लीकेशन लगाकर रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें अभी इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

फरीदाबाद में साइबर ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद (एजेंसी)। साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति को टेलीग्राम टास्क के नाम पर सात लाख 65 हजार 839 रुपये का चूना लगाया, जबकि दूसरे मामले में फोन हैक कर एक व्यक्ति के बैंक खाते से दो लाख 27 हजार 87 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल नौ लाख 92 हजार 926 रुपये की साइबर ठगी का खुलासा किया है। पहले मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने पर्वतीय कॉलोनी निवासी व्यक्ति से टेलीग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने के मामले में दिल्ली निवासी खाताधारक सुरेश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने शिकायत में बताया कि 27 अक्टूबर 2026 को उसके पास एक युवती का फोन आया। उसने पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया और व्हाट्सएप पर एक टेलीग्राम आईडी भेजी। आईडी ज्वाइन करने के बाद पीड़ित को प्रीपेड टास्क दिए जाने लगे। अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल सात लाख 65 हजार 839 रुपये निवेश करवा लिए गए। इसके बाद न तो उसे कोई मुनाफा मिला और न ही उसकी रकम वापस की गई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सुरेश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि वह इस ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते का खाताधारक है। उसके खाते में ठगी की रकम में से 50 हजार रुपये आए थे। आरोप है कि उसने अपना बैंक खाता आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। आरोपी बीकॉम पास है और प्राइवेट नौकरी करता है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। दूसरे मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने तिगांव निवासी व्यक्ति के साथ फोन हैक कर दो लाख 27 हजार 87 रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों सलमान और अरबाज को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने शिकायत में बताया कि 18 जुलाई 2026 को उसका मोबाइल फोन अचानक हैक हो गया और अपने आप चलने लगा। इसके कुछ समय बाद उसके बैंक खाते से उपरोक्त रकम निकल गई। शिकायत मिलने पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी सलमान खाताधारक है, जिसने अपना बैंक खाता अरबाज को दिया था। अरबाज ने यह खाता आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। इस खाते में ठगी के 22 हजार रुपये आए थे। पूछताछ में पता चला कि सलमान दसवीं पास है और फैब्रिकेशन का काम करता है, जबकि अरबाज 12वीं पास है और सिलाई का काम करता है।

ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन लेंगे: डॉ. तेजपाल शर्मा

उत्तम भारत संवाददाता

बल्लभगढ़: जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सोमवार को पूर्वी चावला कॉलोनी पहुंचकर बल्लभगढ़ ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट बृजमोहन वशिष्ठ का स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने उनसे सभा के कार्यों में सहयोग देने की अपील भी की। सभा के अध्यक्ष डॉ. तेजपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के उत्थान और विकास के लिए सभी वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन लिया जाएगा। उनके अनुभव और सहयोग से



समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और आपसी सहयोग से ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बाबूराम वशिष्ठ, प्रेस सचिव कृष्ण कौशिक, संयुक्त सचिव कौशल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जिंदा महिला को पत्थर बांधकर नाले में फैंका, डूबने से हुई मौत

फरीदाबाद (एजेंसी)। समयपुर नाले में पत्थर से बांधकर फेंकी गई महिला की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से अहम सुराग मिला है। डायटम टेस्ट में महिला के फेफड़ों में पानी के अंश पाए गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि नाले में फेंके जाने के दौरान महिला जिंदा थी और उसकी मौत डूबने से हुई। हालांकि, पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि उसे पहले बेहोश या बेसुध तो नहीं किया गया था। 14 नवंबर को समयपुर नाले में महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। हत्यारोपियों ने शव को चुन्नी और चादर जैसे कपड़ों से करीब 15 से 20 किलो के पत्थर के साथ बांध रखा था, ताकि शव पानी में ऊपर न आ सके। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि पत्थर बांधने के पीछे शव को छिपाने और उसकी पहचान मिटाने की कोशिश तो नहीं थी। प्रारंभिक



अनुमान के मुताबिक महिला की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। उसके शरीर पर मंगलसूत्र और शादी से जुड़े अन्य आभूषण मिले थे। शव लंबे समय तक पानी में रहने के कारण काफी गल चुका था। इस वजह से चेहरा और शारीरिक पहचान के दूसरे संकेत स्पष्ट नहीं हो पाए। घटनास्थल से भी कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला, जिससे पुलिस को महिला के नाम और पते का सुराग मिल सके। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच और सीन ऑफ क्राइम की टीमें घटनास्थल से साक्ष्य जुटा चुकी हैं। फिलहाल जांच में सबसे बड़ी अड़चन मृतका की पहचान है। पुलिस आसपास के जिलों में महिलाओं की गुमशुदगी की शिकायतों का रिकॉर्ड खंगाल रही है। पहचान सामने आने के बाद ही यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि महिला कहां रहती थी, किन लोगों के संपर्क में थी और आखिरी बार उसे किसके साथ देखा गया था।

भूस्खलन से पहले मिलेगा खतरे का संकेत

फरीदाबाद में 75 देशों के वैज्ञानिकों का मंथन

फरीदाबाद (एजेंसी)। भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली तबाही को रोकने और समय रहते लोगों को सतर्क करने की दिशा में दुनिया के वैज्ञानिक नई रणनीति तैयार कर रहे हैं। इसके लिए फरीदाबाद में सातवें विश्व भूस्खलन मंच का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 75 देशों के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। अमृता विश्व विद्यापीठम की मेजबानी में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पूर्व चेतावनी प्रणाली, आधुनिक तकनीक और आपदा जोखिम कम करने के उपायों पर चर्चा हो रही है। सम्मेलन का शुभारंभ सोमवार को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया। आयोजन में 700 से अधिक शोधपत्र और शोध सार प्राप्त हुए हैं। इस दौरान भूस्खलन से बचाव के लिए प्रस्तावित फरीदाबाद घोषणा-पत्र भी विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।



आपदा से पहले तैयारी पर जोर

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अब प्राकृतिक आपदाओं के बाद राहत और बचाव कार्यों तक सीमित रहने के बजाय पहले से तैयारी और जोखिम कम करने पर ध्यान दे रहा है। हिमालय, पूर्वोत्तर और पश्चिमी घाट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए शोध और संस्थानों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उपग्रहों, संवेदकों, भू-स्थानिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की निगरानी और जोखिम का आकलन बेहतर बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य खतरे की समय रहते पहचान कर प्रभावित आबादी को चेतावनी देना है।

मुन्नार और सिक्किम में विकसित हुई तकनीक

अमृता विश्व विद्यापीठम ने वर्ष 2006 में भूस्खलन से संबंधित अनुसंधान शुरू किया था। विश्वविद्यालय ने केरल के मुन्नार में पूर्व चेतावनी के लिए तार रहित संवेदक तंत्र विकसित किया। इसके बाद सिक्किम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी तकनीक का विस्तार किया गया। सम्मेलन में इन अनुभवों के आधार पर आधुनिक निगरानी और चेतावनी प्रणालियों के उपयोग पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

27 नवंबर तक चलेगा सम्मेलन

मंच की अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय की सह-कुलपति डॉ. मनीषा विनोदिनी रमेश और अंतरराष्ट्रीय भूस्खलन संघ के अध्यक्ष प्रो. जेल्को अबार्नास ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। 27 नवंबर तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य वैज्ञानिक अनुसंधान और आधुनिक तकनीक के माध्यम से भूस्खलन के खतरे को कम करना तथा आपदाओं का सामना करने में सक्षम सुरक्षित समुदाय विकसित करना है।

फरीदाबाद पुलिस का 13वां वीकेंड अभियान, तीन दिन में 152 गिरफ्तार

फरीदाबाद (एजेंसी)। फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसने और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए विशेष वीकेंड अभियान के माध्यम से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में 20 से 22 नवंबर तक चलाए गए तीन दिवसीय इस अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में 152 आरोपितों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 587 ग्राम गांजा, 3.88 ग्राम एमडीएमए, 162 बोतल देसी व 63 बोतल अंग्रेजी शराब तथा जुआ अधिनियम के अंतर्गत 7010 रुपए बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों, अपराध शाखाओं और विशेष टीमों ने कार्रवाई करते हुए अपराधियों, नशा तस्करों, अवैध शराब बेचने वालों तथा जुआ खेलने और खिलाने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा है, साथ ही 29 गुमशुदा व्यक्तियों को भी तलाश कर परिजनों से मिलाया है। विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करते हुए अवैध नशा में संलिप्त पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है तथा 587 ग्राम गांजा व 3.88 ग्राम एमडीएमए, बरामद किया है, वहीं नौ लोगों से 162 बोतल देसी शराब, 63 बोतल अंग्रेजी शराब भी बरामद की है। उन्होंने आगे बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने जुआ खेलने वालों पर कार्रवाई करते हुए 06 लोगों को गिरफ्तार कर 7010 रुपए बरामद किये हैं। उन्होंने और अधिक जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान उद्घोषित अपराधियों और जमानत पर फरार आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से कानून से बचकर घूम रहे 47 आरोपितों पर शिकंजा कसने में मदद मिली।

पलवल में पैसों के लेनदेन में दो गुटों के बीच फायरिंग

बाप-बेटे को लगी गोली; 7 साल का मासूम भी जख्मी

पलवल (एजेंसी)। चांदहट गांव में रविवार रात पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुटों के बीच चल रहा विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में झगड़ा देख रहे पिता-पुत्र गोली लगने से घायल हो गए, जबकि पास में खड़ा एक सात वर्षीय मासूम बच्चा भी सिर में चोट लगने से जख्मी हो गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार रात गांव के ही रहने वाले शेखर, सौरभ, जसविंद्र और बिरम का पैसों के लेनदेन को लेकर दूसरे गुट के सरजीत, पाली और उनके अन्य साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते कहासुनी गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। आरोप है कि इस दौरान करीब 10 से 15 राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग की गई।

गांव में हो रहे इस झगड़े और शोर-शराबे को सुनकर सुखबीर, उनका बेटा हरेंद्र और पास में ही मौजूद सात वर्षीय बच्चा हिमांशु वहां खड़े होकर झगड़ा देख रहे थे। इसी बीच अचानक चली गोलियां सुखबीर और उनके बेटे के पैरों



में जा लगीं, जिससे दोनों लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। वहीं, पड़ोस में ही रहने वाले सात वर्षीय हिमांशु के सिर में भी पत्थर लगने से गंभीर चोट लग गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल सुखबीर, उनके बेटे और मासूम हिमांशु को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है।

27-28 नवंबर को सूरजकुंड में जुटेंगे भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी

फरीदाबाद (एजेंसी)। अरावली की पहाड़ियों में स्थित सूरजकुंड एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय चुनावी रणनीति और संगठनात्मक बैठकों का केंद्र बनने जा रहा है। 27 और 28 नवंबर को यहां पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित होगी। इसमें वर्ष 2027 में होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की तैयारियों और संगठन की भावी रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है।

अगले वर्ष उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इस बैठक को संगठनात्मक तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में आगामी चुनावों के लिए संगठन को मजबूत करने, राजनीतिक मुद्दों और चुनावी तैयारियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

पहले भी राष्ट्रीय बैठकों का गवाह रहा है सूरजकुंड

सूरजकुंड इससे पहले भी भाजपा की कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बैठकों की मेजबानी कर चुका है। सितंबर 2012 में यहां राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक हुई थी। उस समय केंद्र की तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के खिलाफ आंदोलन और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा हुई



थी। जून 2014 में लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों के लिए यहां दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें करीब 180 सांसदों ने हिस्सा लिया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उन्हें संबोधित किया था।

इसके अलावा सितंबर 2016 में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्रियों की बैठक भी सूरजकुंड में हुई थी। इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई थी। अब 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले प्रस्तावित बैठक के माध्यम से पार्टी एक बार फिर अपनी संगठनात्मक और चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेगी।

कुलदीप बिश्नोई ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, क्षेत्रीय विकास के मुद्दे उठाए

हिसार (एजेंसी)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर आदमपुर और नलवा विधानसभा क्षेत्रों की जनसमस्याओं तथा लंबित विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान विधायक रणधीर पनिहार भी उनके साथ मौजूद रहे। मुलाकात में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। कुलदीप बिश्नोई ने मुख्यमंत्री के समक्ष खालों की मरम्मत, बिजली व्यवस्था, खेतों



के रास्तों, गांवों की फिरनियों और पेयजल व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं रखीं। उन्होंने आदमपुर को उपमंडल और बालसमंद को तहसील का दर्जा देने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग भी की। इसके अलावा क्षेत्र में पानी की कमी दूर करने के लिए कम से कम 2 सप्ताह तक पर्याप्त नहरी पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

उन्होंने नहरों और खालों की सफाई, बीड़ बबरान में जमीन के पंजीकरण शुल्क की दरें कम करने तथा रविदास नगर के निवासियों को मालिकाना हक देने का मुद्दा भी उठाया।

विश्वविद्यालय कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने की मांग बैठक में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में कार्यरत अंशकालिक शिक्षकों, अतिथि शिक्षकों और अन्य संबंधित कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने की मांग प्रमुखता से रखी गई। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि इन कर्मचारियों को सेवा से नहीं हटाया जाना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने मांग स्वीकार करते हुए उनकी सेवाएं जारी रखने के निर्देश दिए। कुलदीप बिश्नोई के अनुसार, मुख्यमंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और कई मामलों में बैठक के दौरान ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को सरकार तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

सुपवा में बैडमिंटन टूर्नामेंट विजेता पुरस्कृत

रोहतक (एजेंसी)। दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एवं विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) में दूसरे बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि कुलपति डॉ. अमित आर्य ने सभी 10 कैटेगिरी के विजेता व उपविजेताओं को ट्रॉफी व बैडमिंटन किट प्रदान की। सुपवा के छात्रों व स्टॉफ के बीच दूसरे बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 2 से 6 नवम्बर तक किया गया।

डायरेक्टर (स्पोर्ट्स) नीरज मलिक ने बताया कि टूर्नामेंट की 10 कैटेगिरी में 110 प्रतिभागी रहे। इनके बीच छात्र, छात्राएं, टीचिंग व नॉन टीचिंग के अलग-अलग ग्रुप बना कर मुकाबले कराए गए। फैकेल्टी ऑफ प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर के सेमीनार हॉल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा, डीन अकादमिक डॉ. अजय कौशिक व अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहा।

छात्रों के सिंगल के फाइनल मुकाबले में सिनेमैटोग्राफी के वामसी नारायण विजेता व टैक्सटाइल के नवनीत उपविजेता रहे। युगल फाइनल मुकाबले में पेंटिंग के ध्रुव फौगाट व अंतरिक्ष की जोड़ी ने टेक्सटाइल के



नवनीत व फेशन एवं प्रॉडक्ट डिजाइन के अमन को पराजित किया। छात्राओं के एकल मुकाबले में टैक्सटाइल की गुंजन पहले व फैशन लाइफ स्टाइल की मायरा दूसरे स्थान पर रही। डबल्स मुकाबले में गुंजन व मायरा की जोड़ी ने पेंटिंग की अंजू व एनिमेशन की स्नेहा को शिकस्त दी। छात्र-छात्राओं के मिक्स्ड डबल्स में वामसी नारायण व ज्योति मलिक की जोड़ी ने नवनीत व गुंजन को पराजित किया। टीचिंग पुरुष एकल फाइनल मुकाबले में एफसी विनय कुमार ने असिस्टेंट प्रोफेसर आनंद को पराजित किया जबकि टीचिंग-नॉन टीचिंग महिला एकल मुकाबले में डीईओ अनुराधा असिस्टेंट प्रोफेसर शालू को हरा कर विजेता बनी। नॉन टीचिंग पुरुष सिंगल के फाइनल में डायरेक्टर (स्पोर्ट्स) नीरज मलिक ने डीईओ संदीप दलाल को पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं डब्ल्स में नीरज मलिक व क्लर्क सुनील कुमार की जोड़ी ने संदीप दलाल व अटेंडेंट नवीन की जोड़ी को पराजित किया। स्टॉफ सदस्यों के बच्चों के वर्ग में यशशवीर ने मयंक को पराजित किया। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा कि खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले शारीरिक व दिमागी तौर पर मजबूत बनते हैं।

डिजिटल दौर में हमें किसी न किसी खेल को अपने जीवन का हिस्सा अवश्य बनाना चाहिए। इससे न सिर्फ हम शारीरिक तौर पर फिट रहेंगे बल्कि कुछ समय के लिए मोबाइल से भी दूरी बना सकेंगे। डॉ. आर्य ने कहा कि सुपवा परिवार के हर सदस्य के अंदर कोई न कोई प्रतिभा जरूर छिपी हुई है। उसे बाहर निकालने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और इस तरह के आयोजन आपसी संबंधों को भी प्रगाढ़ करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर विकलांग सड़कों पर उतरेंगे

रोहतक (एजेंसी)। विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में रोहतक के जसवीर स्मारक में की गई। बैठक में हरियाणा में विकलांगों की स्थिति, अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस, विकलांग अधिकार अधिनियम 2016 के 10 साल पूरे होने और राज्य सम्मेलन को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया है।

बैठक में सर्व सहमति से फैसला लिया गया कि मोदी की केंद्र सरकार व हरियाणा राज्य सरकार से आने वाले 3 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर विकलांग ड्र10000 पेंशन करें। विकलांग अधिकार अधिनियम 2016 जमीन स्तर पर लागू किया जाए, सभी सरकारी और प्राइवेट बसों में विकलांगों की फ्री बस यात्रा चालू की जाएं। रेडक्रॉस द्वारा अलीम्को कंपनी के माध्यम से मिलने वाला कृत्रिम अंग आधुनिक और अच्छी क्वालिटी का दिया जाए देने की समय सीमा हटाई जाए। विभिन्न विभागों में पड़े विकलांगों के रिक्त पदों को स्पेशल वैकेंसी



निकाल कर भरा जाए और शिक्षा, स्वास्थ्य फ्री किया जाए। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर हरियाणा के जिला मुख्यालय पर विकलांग सड़कों पर उतर कर मांग करें।

राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विकलांग अधिकार अधिनियम 2016 को बने 10 साल हो गए हैं लेकिन मोदी की केंद्र व हरियाणा सरकार इसे जमीनी स्तर पर लागू करवाने में असफल रही है, विकलांग आयोग का गठन, नौकरियों में 4 प्रसेंट रिजर्वेशन और शिक्षा में 5 प्रतिशत रिजर्वेशन देने या सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में विकलांगों के अकॉर्डिंग शौचालय, विकलांग खिड़की, रैंप, व्हीलचेयर जैसी विकलांगों की मूलभूत सुविधा देने में भी असफल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार ने विकलांगों के लिए हरियाणा रोडवेज की केवल सामान्य बसों में बस पास लागू करके, प्राइवेट बसों में बस पास लागू ना करके विकलांगों के साथ बड़ा भेदभाव किया है। लंबा समय से विभिन्न विभागों में विकलांगों के पद खाली पड़े हैं, उनको भरा नहीं जा रहा है। उम्र वेरिफिकेशन के नाम से विकलांगों की पेंशन को काटा जा रहा है। विकलांगों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है इसलिए 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर हरियाणा के विकलांग सड़कों पर उतरकर अपना विरोध दर्ज करवाएंगे।

लखनऊ बैठक में बतौर एआईसीसी ऑब्जर्वर शामिल हुई विधायक गीता भुक्कल

झज्जर (एजेंसी)। लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा विधायक झज्जर एवं हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विधायक झज्जर एवं हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल बतौर एआईसीसी ऑब्जर्वर लखनऊ में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले संविधान रक्षा मार्च की तैयारियों को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुईं। बैठक में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ मार्च को सफल बनाने के लिए



संगठनात्मक तैयारियों, कार्यकताओं की भागीदारी और जन-जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर गीता भुक्कल ने संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक परंपराओं और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए कहा कि देश के संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। राहुल गांधी की आवाज संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के संकल्प को मजबूती प्रदान करती है।

समाधान शिविर में सीईओ ने सुनी आमजन की समस्याएं

कैथल (एजेंसी)। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला परिषद के सीईओ गुलजार मलिक ने आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम संजय कुमार, सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह के अलावा अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। शिविर में आधार कार्ड दुरुस्तीकरण, अतिक्रमण हटवाने, आर्थिक सहायता, आवास योजना की लंबित किस्त का लाभ प्रदान करने, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा में दर्ज डाटा दुरुस्त करवाने व परिवार पहचान पत्र सहित विभिन्न समस्याएं आई। गांव संगतपुरा निवासी सुभाष ने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे से संबंधित शिकायत दी, जिस पर कार्रवाई के लिए बीडीपीओ को आवश्यक निर्देश जारी किए। शक्तिनगर निवासी झंडू ने आधार कार्ड में बायोमैट्रिक अपडेट करवाने के बावजूद भी आधार नंबर रद्द दिखाया गया है, इसे दुरूस्त करवाने के लिए



प्रार्थना की, जिस पर समाधान के लिए क्रीड विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शक्ति नगर निवासी सुखविंद्र ने शिकायत की कि बिजली के शोर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लग गई और घर पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। इस पर उन्होंने आर्थिक सहायता के लिए प्रशासन से मांग की, जिस पर सीटीएम को आवश्यक कार्रवाई के लिए गेट पर अतिक्रमण हटवाने की शिकायत दी, जिस पर संबंधित अधिकारियों का समाधान करवाने के निर्देश दिए।

जिला परिषद के सीईओ गुलजार मलिक ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर संज्ञान लेकर उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन का भी आह्वान किया कि कैथल के लघु सचिवालय, कलायत व गुहला के उपमंडलों में समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है, इसलिए सभी 10 बजे से 12 बजे के बीच अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं, ताकि समस्याओं व शिकायतों का समाधान करवाया जा सके। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सैनिक स्कूल कुंजपुरा में प्रवेश के लिए 2 दिसंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

कैथल (एजेंसी)। सैनिक स्कूल कुंजपुरा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश के लिए ऑल इंडिया सैनिक स्कूल्स एंट्रेंस एग्जाम के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी 2 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी सैनिक स्कूल कुंजपुरा की कार्यवाहक प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल शैलजा डोगरा ने दी। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित सैनिक स्कूलों में प्रवेश राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। इच्छुक अभिभावक एवं विद्यार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 3 नवंबर 2026 से शुरू हो चुकी है। लेफ्टिनेंट कर्नल शैलजा डोगरा ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया में हरियाणा के मूल निवासियों के लिए कुल सीटों का 67 प्रतिशत तथा अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के लिए 33 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित है। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी-एनसीएल वर्ग के लिए निर्धारित आरक्षण के साथ-साथ रक्षा कर्मियों एवं पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए भी नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान है। इसी प्रकार आयु की बात करे तो कक्षा छठी में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का जन्म 1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2017 के बीच होना चाहिए। वहीं, कक्षा नौवीं में प्रवेश के लिए जन्म तिथि 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2014 के बीच निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा ओएमआर आधारित होगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक प्रवेश विवरणिका में पात्रता, आरक्षण, आयु सीमा, परीक्षा पैटर्न और अन्य शर्तों की अच्छी तरह जांच कर लें तथा अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत : कंवल कुमार

कैथल (एजेंसी)। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार कैथल न्यायिक परिसर में आगामी 12 दिसंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा कंचन माही की देखरेख में संपन्न होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते कहा कि लोक अदालत को जनता की अदालत के रूप में जाना जाता है, जो विवादों के समाधान का एक सुलभ माध्यम है। यह मंच नागरिकों को निष्पक्ष और सरल तरीके से न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां मामलों का निपटारा तुरंत हो जाता है, जिससे सभी पक्षों को आसानी से न्याय मिल पाता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के कानूनी विवादों को प्रभावी ढंग से हल किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से दीवानी, वित्तीय मामले, प्री लिटिगेशन मामले आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग, श्रमिकों, दिव्यांगजनों, हिरासत में बंद व्यक्ति एवं आय सीमा से कम आय वाले व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

टेबल टेनिस में राष्ट्रीय पहचान बना रही रोहतक की नन्ही खिलाड़ी भव्या मेहरा

रोहतक (एजेंसी)। प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर छोटी उम्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। इसका उदाहरण रोहतक की उभरती टेबल टेनिस खिलाड़ी भव्या मेहरा हैं, जिन्होंने अपनी खेल प्रतिभा और निरंतर अभ्यास के बल पर न केवल जिले में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। महज 10 वर्ष की उम्र में भव्या दो बार राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। वहीं सितम्बर 2026 में आयोजित हरियाणा राज्य चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

22 जून, 2016 को जन्मी भव्या कक्षा छठी की छात्रा हैं। वह शिक्षा के साथ-साथ खेल के प्रति भी पूरी लगन और समर्पण रखती हैं। भव्या नियमित रूप से टेबल टेनिस का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी कोच भावना सैनी, जो पूर्व एलीट खिलाड़ी एवं हाई-परफॉर्मेंस कोच हैं, उनके खेल कौशल को निखारने और बेहतर खिलाड़ी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

भव्या की खेल उपलब्धियों की सूची लगातार लंबी होती जा रही है। वह अब तक दो बार राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल करने के अलावा उसने जिला स्तर पर स्कूल चैंपियनशिप में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

भव्या की खेल शैली आधुनिक और आक्रामक है। तेज टॉपस्पिन शॉट्स, टेबल के नजदीक रहकर त्वरित काउंटर अटैक और बेहतरीन प्रतिक्रिया क्षमता उनके खेल की प्रमुख विशेषताएं हैं। खेल के दौरान आत्मविश्वास, एकाग्रता और मानसिक दृढ़ता के साथ अनुशासन उनके व्यक्तित्व को विशेष बनाते हैं। नियमित अभ्यास और बेहतर प्रदर्शन की ललक उन्हें लगातार आगे बढ़ड्डे के लिए प्रेरित करती है। भव्या के माता-पिता उनकी खेल यात्रा में निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन दे रहे हैं। परिवार का प्रयास है कि वह शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने सपनों को साकार कर सकें।

भव्या का अगला लक्ष्य हरियाणा राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ खिलाडिड्डों में जगह बनाना है। वर्ष 2026 से 2028 तक की उनकी योजनाओं में उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना, राष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार करना और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय युवा प्रतियोगिताओं तक पहुंचना शामिल है।

भव्या की उपलब्धियां युवा खिलाडिड्डों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी खेल प्रतिभा और आगे बढड्डे का जज्बा यह दशार्ता है कि सही मार्गदर्शन, परिवार का सहयोग और निरंतर मेहनत से कम उम्र में भी बड़ी उपलब्धियों की नींव रखी जा सकती है। रोहतक की यह उभरती खिलाड़ी आने वाले समय में हरियाणा और देश का नाम रोशन करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रही हैं।

नशा तस्करों के बहकावे में आकर अपना भविष्य दांव पर न लगाएं युवा : एसपी मनप्रीत सिंह सूदन

कैथल (एजेंसी)। पुलिस अधीक्षक कैथल मनप्रीत सिंह सूदन ने युवाओं से अपील की है कि वे चंद पैसों के लालच में आकर नशा तस्करों के जाल में न फंसें और नशीले पदार्थों की सप्लाई या डिलीवरी जैसे गैरकानूनी कार्यों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि नशा तस्कर अपने अवैध कारोबार को बढ़ाने और पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए युवाओं को आसान कमाई का लालच देकर उनका इस्तेमाल करते हैं। शुरूआत में छोटी रकम का लालच देकर उनसे नशीले पदार्थ एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने, पैकेट रखने या किसी अन्य व्यक्ति को सौंपने जैसे काम करवाए जाते हैं। एसपी ने कहा कि नशा तस्कर युवाओं की आर्थिक मजबूरी, बेरोजगारी और जल्दी पैसा कमाने की चाह का फायदा उठाते हैं। उन्हें यह कहकर गुमराह किया जाता है कि केवल सामान पहुंचाना है, इसमें कोई जोखिम नहीं है और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगेगी। लेकिन युवाओं को समझना चाहिए कि नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त, भंडारण, परिवहन या डिलीवरी में संलिप्त पाए जाने पर उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई हो सकती है। कुछ पैसों के लालच में लिया गया एक गलत फैसला उनकी शिक्षा, नौकरी, परिवार की प्रतिष्ठा और पूरे भविष्य को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करी में केवल मुख्य सप्लायर ही नहीं, बल्कि नशीले पदार्थों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने, छिपाने या इस अवैध कारोबार में सहयोग करने वाले व्यक्ति भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। इसलिए युवा किसी भी व्यक्ति के बहकावे, दबाव या लालच में आकर ऐसा कोई काम न करें। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। उनका भविष्य नशे के कारोबार में नहीं, बल्कि शिक्षा, मेहनत और सकारात्मक कार्यों में है। कैथल पुलिस नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आमजन भी नशे से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देकर इस मुहिम में सहयोग करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

थाना कलायत पुलिस द्वारा सट्टा खाईवाली कर रहा आरोपी काबू

कैथल (एजेंसी)। सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए थाना कलायत पुलिस द्वारा सट्टा खाईवाली कर रहा आरोपी काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 2240 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कलायत पुलिस प्रभारी एसआई रणदीप सिंह की अगुवाई में एचसी सुमित कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड नं 11 में सरेआम खड़ा होकर सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहा आरोपी वार्ड नं. 11 कलायत निवासी रवि कुमार को योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर काबू किया गया।

जिसके कब्जे से 2240 रुपए बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

बस से गिर कर युवक की मौत बस चालक पर मामला दर्ज

जींद (एजेंसी। सफीदों स्थित खानसर चौक पर बस से गिर कर एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मूलतः नेपाल निवासी रोहित (20) सफीदों के गांव अंटा में रह रहा था। रविवार रात को अपने चाचा राजेश के साथ पानीपत से सफीदों के लिए बस मे सवार हुआ था। जब रोहित सफीदों के खानसर चौक पर उतर रहा था तो उसी दौरान चालक ने बस को चला दिया। जिसमें रोहित नीचे गिर कर घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक बस समेत मौके से फरार हो गया। घायल रोहित को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सफीदों ले जाया गया।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 60/2026-2027 **दिनांक 20.11.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	08265536	25 वाट फिक्सड डिजिटल वी एच एफ	956 नग	14.12.26
02	09262355	'एल' टाइप कम्पोजीशन ब्रेक ब्लाक	31837 नग	16.12.26
03	77269072 RGC	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट मेटल लाइनर ड्रोइंग नं. टी–8749 एवं 8750.	100000 पेअर	18.12.26
04	77265761	एन सी आर जी आर एस पी फॉर स्विच टी–4219	1499 सेट	30.12.26
05	77265601	एम एस फिटिंग फॉर थिक वेब स्विच 1 इन 8.5 60 के जी टी-6280	224 सेट	04.01.27

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

4072/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड–II, नई दिल्ली, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **दो पैकेट सिस्टम** के अधीन खुली ई. टेंडर आमंत्रित की जाती है।

1.	**कार्य का पूरा नाम**	गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के बड़े अपग्रेडेशन/विकास/पुनर्विकास के सिलसिले में, गाजियाबाद जंक्शन पर विजय नगर की तरफ प्लेटफॉर्म नंबर–07 का निर्माण।
2.	**कार्य की अनुमानित लागत**	₹ 208501542.07
3.	**पूर्ण करने की अवधि**	8 (आठ) माह
4.	**बिड सिक्योरिटी (केश/बी.जी.) राशि**	₹ 41,70,000/– (रुपये इकतालीस लाख सत्तर हज़ार मात्र)
5.	**रेलवे वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की बिक्री/उपलब्धता**	निविदा दस्तावेज़ IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **21.11.2026 से 14.12.2026 को 15.00 बजे तक** उपलब्ध रहेगी।
6.	**टेंडर जमा करने की अंतिम तारीख व समय**	दिनांक 14.12.2026 को 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। निविदा दस्तावेज़ IREPS की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **21.11.2026 से 14.12.2026 को 15.00 बजे तक** निविदाकार द्वारा अपलोड की जा सकती है।
7.	**निविदा खुलने की तारीख व समय**	दिनांक 14.12.2026 को 15:00 बजे खोली जाएंगी।

संख्या : **86-Acs/Platform No.07GZB Stn./SERD-II** दिनांक : **20.11.2026** **4073/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं संस्कारवान नागरिक

किसी भी राष्ट्र की पहचान केवल उसकी सीमाओं, विशाल भूभाग, आर्थिक संपन्नता और सैन्य शक्ति से नहीं होती, बल्कि उसकी वास्तविक पहचान वहां के नागरिकों के चरित्र, संस्कार, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता से बनती है। देश का संविधान शासन व्यवस्था को दिशा देता है, लेकिन राष्ट्र की आत्मा उसके नागरिकों में बसती है। संविधान, लोकतंत्र और प्रशासन तभी मजबूत बन सकते हैं, जब देशवासियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव हो। राष्ट्र निर्माण केवल सरकार या राजनीतिक दलों का दायित्व नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की समान भागीदारी आवश्यक है। जिस देश का नागरिक अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी समझता है, उस देश की प्रगति को कोई शक्ति रोक नहीं सकती। भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए लंबा संघर्ष किया। असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को आंदोलन की ताकत बनाया, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देशी रियासतों का एकीकरण किया। सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और अनेक क्रांतिकारियों का त्याग आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने स्वतंत्रता को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि देश की जनता को सम्मानजनक जीवन देने का संकल्प माना था। आज आवश्यकता है कि हम स्वतंत्रता संग्राम के उन आदर्शों को केवल समारोहों और भाषणों तक सीमित न रखें, बल्कि अपने आचरण में उतारें।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सत्ता का परिवर्तन जनता के मत से शांतिपूर्ण तरीके से होता है। चुनाव में हार और जीत लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन जब राजनीतिक स्वार्थ राष्ट्रीय हित से बड़ा हो जाता है, तब लोकतांत्रिक मर्यादाओं को नुकसान पहुंचता है। दल बदल, पद और धन का लालच, समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश तथा राजनीतिक विरोध को व्यक्तिगत दुश्मनी में बदलना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। सत्ता किसी भी दल के हाथ में हो, उसकी प्राथमिकता राष्ट्रहित और जनकल्याण होना चाहिए। राजनीतिक नेतृत्व का मूल्यांकन केवल चुनावी जीत से नहीं, बल्कि उसके कार्यों, ईमानदारी और जनसेवा की भावना से होना चाहिए।

राष्ट्र की मजबूती का वास्तविक आधार उसकी युवा पीढ़ी है। आज भारत के पास बड़ी युवा आबादी, तकनीकी क्षमता और प्रतिभाशाली मानव संसाधन है। यह देश के लिए बड़ी संभावना है, लेकिन इस शक्ति को सही दिशा देना भी उतना ही जरूरी है। युवाओं को केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार पैदा करने वाला, समाज की समस्याओं को समझने वाला और देश के विकास में योगदान देने वाला नागरिक बनना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं होना चाहिए। शिक्षा ऐसी हो, जो व्यक्ति में विवेक, अनुशासन, संवेदनशीलता, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करे।

विद्यालयों और परिवारों की इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक जीवन के संस्कार भी मिलने चाहिए। उन्हें बड़ों का सम्मान, महिलाओं के प्रति आदर, जरूरतमंदों की सहायता, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और कानून के प्रति सम्मान सिखाया जाना चाहिए। आज सोशल मीडिया और बदलती जीवनशैली के बीच बच्चों का मानसिक संसार तेजी से प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में अभिभावकों और शिक्षकों को केवल उपदेश देने के बजाय अपने व्यवहार से उदाहरण प्रस्तुत करना होगा।

बिहार की बदलती तस्वीर विकास की नई राह पर आगे बढ़ता राज्य

कांतिलाल मांडोत

बिहार का नाम आते ही कभी राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, अपराध, पलायन और बदहाल व्यवस्था की चर्चा होने लगती थी। एक समय ऐसा भी था जब बिहार की पहचान विकास की संभावनाओं से अधिक राजनीतिक विवादों और कानून व्यवस्था की चुनौतियों के कारण बनती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राज्य की तस्वीर बदलने के प्रयासों ने विकास की एक नई उम्मीद पैदा की है। सड़क, बिजली, पुल, शिक्षा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में हो रहे काम इस बात का संकेत हैं कि बिहार अब अपनी पुरानी छवि से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 21 नवंबर को वैशाली दौरा और लगभग 34,470 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास इसी बदलती सोच का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

बिहार की प्रगति को केवल राजनीतिक नारों के आधार पर नहीं परखा जा सकता। इसके लिए जमीन पर दिखाई देने वाले बदलावों को समझना जरूरी है।



गंगा नदी पर बना नीतीश सेतु इसका बड़ा उदाहरण है। लगभग 4,280 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 19.7 किलोमीटर लंबी छह लेन की यह परियोजना पटना और वैशाली के बीच आवागमन को आसान बनाएगी। इससे राघोपुर दियारा के लाखों लोगों को बारहमासी सड़क संपर्क मिलेगा। पहले जिन लोगों को नाव और पीपा पुल के सहारे आवागमन करना पड़ता था, उन्हें अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। किसानों के लिए अपनी उपज बाजार तक पहुंचाना आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। यह केवल एक पुल नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आर्थिक संपर्क मजबूत करने वाला माध्यम है।

बिहार की बदलती तस्वीर में बिजली क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। बक्सर के चौसा ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी 660 मेगावाट इकाई राष्ट्र को समर्पित की गई है। पीरपैंती बिजली परियोजना के लिए पारेषण व्यवस्था और नवादा के फुलवरिया बांध पर तैरता सौर ऊर्जा संयंत्र भी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए 1,130 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और किसानों को सिंचाई के लिए 12 घंटे बिजली देने की योजना कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती है। हालांकि इन योजनाओं की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि बिजली गांवों और खेतों तक नियमित रूप से पहुंचती है या नहीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में निवेश और विकास की चर्चा करते हुए पुरानी राजनीतिक व्यवस्था पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले बिहार घोटालों के कारण चर्चा में रहता था, जबकि अब निवेश और विकास परियोजनाओं की बात होती है। इस राजनीतिक टिप्पणी के पीछे एक महत्वपूर्ण सवाल भी है कि क्या बिहार वास्तव में अपनी पुरानी आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकल रहा है? इसका उत्तर अभी पूरी तरह हां में देना जल्दबाजी होगी, लेकिन बुनियादी ढांचे में निवेश, सड़क संपर्क और बिजली उत्पादन में विस्तार सकारात्मक संकेत अवश्य हैं।

बिहार के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार और युवाओं का पलायन रोकने की है। प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कौशल दीक्षांत समारोह में कहा कि दुनिया को केवल विश्वविद्यालयों से निकले स्नातक नहीं, बल्कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित कुशल कामगारों की भी आवश्यकता है। उनका यह संदेश बिहार के लिए विशेष महत्व रखता है। राज्य में बड़ी युवा आबादी है। यदि युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, आधुनिक उद्योगों और स्थानीय रोजगार से जोड़ा जाए तो बिहार को दूसरे राज्यों पर निर्भर रहने की आवश्यकता कम होगी।

आखिर कब समझेंगे लोग अपनी जिंदगी और परिवार की कीमत

कांतिलाल मांडोत

सड़क दुर्घटनाएं आज देश के सामने एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं। हर दिन समाचार पत्रों और समाचार माध्यमों में कहीं न कहीं सड़क हादसों की खबरें पढ़ने और देखने को मिलती हैं। कहीं तेज रफ्तार ने किसी परिवार का सहारा छीन लिया तो कहीं नशे में वाहन चलाने वाले की लापरवाही ने कई परिवारों की खुशियां उजाड़ दीं। इन दुर्घटनाओं में केवल एक व्यक्ति की जान नहीं जाती, बल्कि उसके साथ पूरे परिवार के सपने, उम्मीदें और भविष्य भी प्रभावित होते हैं। सबसे दुखद बात यह है कि इन हादसों के पीछे ज्यादातर कारण ऐसे होते हैं, जिनसे बचा जा सकता है। इसके बावजूद सड़क पर लापरवाही का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देश में सड़क सुरक्षा को लेकर कई प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों और बड़े शहरों में हजारों आधुनिक कैमरे लगाए



गए हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान भी पहले की तुलना में कई गुना बढ़े हैं। जुमार्ने की राशि में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का आंकड़ा लगातार चिंता बढ़ा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 2014 से 2018 के बीच पांच वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 7.36 लाख लोगों की मौत हुई, जबकि 2020 से 2024 के बीच यह संख्या बढ़कर 8.04 लाख तक पहुंच गई। यानी निगरानी और जुमार्ने की सख्ती के बावजूद मौतों में करीब 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह स्थिति बताती है कि केवल कैमरे लगाने और चालान काटने से सड़क दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती।

इस समस्या का एक बड़ा कारण सड़क सुरक्षा के उपायों का सही जगह पर नहीं पहुंचना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गों और बड़े शहरों में निगरानी के साधन उपलब्ध हैं, लेकिन राज्य राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों पर आज भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली लगभग 63.5 प्रतिशत मौतें राज्य राजमार्गों और ग्रामीण मार्गों पर होती हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़क सुरक्षा की योजनाएं केवल बड़े शहरों और राष्ट्रीय राजमार्गों तक सीमित नहीं रहें। गांवों को जोड़ने वाली सड़कों, छोटे कस्बों और राज्य राजमार्गों पर भी निगरानी, संकेतक, रोशनी और यातायात नियंत्रण की व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए।

सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण तेज रफ्तार है। कई वाहन चालक सड़क को अपनी निजी संपत्ति समझकर वाहन दौड़ाते हैं। उन्हें न अपनी जान की चिंता रहती है और न सामने से आने वाले वाहन में बैठे लोगों की। कुछ लोग शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करके वाहन चलाते हैं। यह केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि दूसरों की जिंदगी को खतरे में डालने जैसा है। मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, गलत दिशा में गाड़ी ले जाना, बिना हेलमेट दोपहिया चलाना और सीट बेल्ट नहीं लगाना भी दुर्घटनाओं के खतरे को बढ़ाता है। आरटीओ के नियम स्पष्ट हैं, लेकिन सड़कों पर इन नियमों की धज्जियां उड़ती दिखाई देती हैं। नियम बनाने का उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी कई अवसरों पर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। उनका कहना है कि सड़क पर दुर्घटनाओं के दृश्य देखकर मन विचलित हो जाता है। दुर्घटनाओं में परिवार के परिवार उजड़ जाते हैं। यह चिंता केवल सरकार या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की होनी चाहिए। जब किसी घर का कमाने वाला सदस्य दुर्घटना का शिकार होता है तो पीछे रह गए माता-पिता, पत्नी और बच्चों के सामने जीवनभर का संकट खड़ा हो जाता है। किसी परिवार का इकलौता बेटा चला जाता है तो बूढ़े माता-पिता की उम्मीदें टूट जाती हैं।

किसी घर का पिता दुर्घटना में अपनी जान गंवा देता है तो छोटे बच्चों का भविष्य अनिश्चित हो जाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नशा मुक्त राजस्थान का संकल्प हो रहा तेजी से साकार

अवैध नशे के कारोबारियों की संपत्तियों पर चला बुलडोजर

उत्तम भारत संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर तेजी से कार्य करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध उत्पादन एवं नशे के कारोबार में लिप्त के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गत 3 वर्षों में प्रदेश में व्यापक स्तर पर मादक पदार्थों की जब्ती और अपराधियों की गिरफ्तारी कर अवैध नशे के नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई है।

एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने वर्ष 2024 से 2026 (अक्टूबर) तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 18 हजार 497 प्रकरण दर्ज कर 27 हजार 473 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में लगभग 2 हजार 445 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, नशे के अवैध कारोबार में प्रयुक्त 13 हजार 620 वाहन भी जब्त किए गए है। प्रदेशभर के जिलों, विशेषकर सीमावर्ती, में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन कार्रवाइयों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2026 में ही 7 हजार 44 प्रकरण दर्ज



किए गए, जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार, मादक पदार्थों की अवैध खेती और उत्पादन के नेटवर्क को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रभावी कार्रवाई करते हुए गत 3 वर्षों में कुल 288 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। अवैध मादक पदार्थों के निर्माण की फैक्ट्रियों, विशेषकर एमडी ड्रग्स, के विरुद्ध गत तीन वर्षों में कुल 49 प्रकरण दर्ज कर 115 आरोपियों को गिरफ्तार किया गए हैं। नशे के कारोबार के आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। वर्ष 2025 में 133 प्रकरणों में 66 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 55 करोड़ रुपये और वर्ष 2026 में 250 प्रकरणों में 75 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2025 और 2026 में 173 इस्तगासे प्रस्तुत कर प्रभावी कार्रवाई की गई है। वहीं, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत 170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, वर्ष 2026 तक प्रदेश में फरार, हार्डकोर एवं इनामी श्रेणी के 3 हजार 450 वांछित को गिरफ्तार किया गया। नशे के कारोबार के 236 हॉटस्पॉट पर छापेमारी कर 473 कार्रवाइयां भी की गईं।

राजस्थान की 23.32 लाख बेटियों को मिलेगी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में बेटियों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ी पहल की है। प्रदेश की 23.32 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए राजस्थान पुलिस और शिक्षा विभाग के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इसके तहत प्रदेश के 36,765 सरकारी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 12 तक की प्रत्येक छात्रा को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में एडीजी कम्युनिटी पुलिसिंग लता मनोज कुमार और स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीआईजी क्राइम दीपक भार्गव भी मौजूद रहे।



इस कार्यक्रम के तहत राजस्थान पुलिस 11,701 ब्लॉक स्तरीय विद्यालयों के शिक्षकों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करेगी। प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश के सभी 36,765 सरकारी विद्यालयों तक यह प्रशिक्षण पहुंचाया जाएगा। इससे लाखों छात्राओं को विद्यालय स्तर पर आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिल सकेगा। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही महिला सुरक्षा हेल्पलाइन और आपातकालीन सहायता सेवाओं के उपयोग की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर वे समय रहते मदद प्राप्त कर सकें।

इस कार्यक्रम में बाल अधिकारों और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करने, सुरक्षा के प्रति सजग बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

मंदिर श्री रामचंद्र जी में होगा श्री राम-जानकी विवाह मंगल महोत्सव

जयपुर (एजेंसी)। चांदपोल स्थित ऐतिहासिक ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी में भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के विवाह प्रसंग पर आधारित सात दिवसीय श्री राम जानकी विवाह मंगल महोत्सव का आयोजन 24 से 30 नवंबर तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। महोत्सव के दौरान सात दिनों तक विवाह से जुड़ी विभिन्न पारंपरिक एवं धार्मिक रस्मों का आयोजन होगा। प्रतिदिन शाम 6 बजे से मंदिर परिसर में मांगलिक गीतों, भजनों और बधाइयों के बीच उत्सवी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि इस महोत्सव का शुभारंभ 24 नवंबर को सुबह 10 बजे गणपति न्योता कार्यक्रम के साथ होगा। विवाह के प्रथम निमंत्रण के रूप में विधि-विधान से गणपति जी को महोत्सव में पधारने का निमंत्रण दिया जाएगा। इसके बाद 25 नवंबर को पुष्प वाटिका प्रसंग आयोजित होगा, जिसमें भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के प्रथम मिलन की लीला का भावपूर्ण चित्रण किया जाएगा। 26 नवंबर को धनुष यज्ञ उत्सव में भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष भंग करने के प्रसंग को पारंपरिक एवं धार्मिक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा।



इसी क्रम में 27 नवंबर को सगाई एवं तिलक समारोह आयोजित होगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 28 नवंबर को होने वाला श्रीराम-जानकी विवाह उत्सव रहेगा। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली जाएगी तथा वैदिक रीति-विधान से विवाह की विभिन्न मांगलिक रस्में और फेरे संपन्न होंगे। विवाह समारोह के लिए मंदिर परिसर में विशेष सजावट की जाएगी।

29 नवंबर को जनकपुर में नेकचार एवं विदाई का भावपूर्ण उत्सव मनाया जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या में भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के आगमन पर स्वागत समारोह आयोजित होगा। सात दिवसीय महोत्सव का समापन 30 नवंबर को पारंपरिक पैसारा उत्सव के साथ होगा।

महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि महोत्सव के सातों दिन प्रतिदिन शाम को विशेष बधाई उत्सव आयोजित किया जाएगा।

इसमें श्रद्धालु मंगल गीतों, भजनों और पारंपरिक बधाइयों के माध्यम से भगवान श्रीराम एवं माता जानकी के विवाह की खुशियां मनाएंगे। सभी कार्यक्रम शाम 6 बजे से होंगे।

महोत्सव में जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन के माध्यम से धार्मिक परंपराओं, लोक संस्कृति और वैवाहिक संस्कारों की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। मंदिर प्रबंधन एवं भक्त समाज की ओर से श्रद्धालुओं से परिवार सहित महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्रीराम एवं माता जानकी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।

पुष्कर मेले में आस्था, रोमांच और मनोरंजन का संगम

संतों का शाही स्नान, विदेशियों ने खेला लगान वाला क्रिकेट

अजमेर (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में सोमवार को आस्था, संस्कृति, रोमांच और मनोरंजन के रंग एक साथ नजर आए। ब्रह्म चतुर्दशी के पावन अवसर पर जहां पुष्कर सरोवर के सप्तऋषि घाट सहित विभिन्न घाटों पर संत-महात्माओं ने शाही स्नान कर लोककल्याण और खुशहाली की कामना की, वहीं मेला मैदान में देशी-विदेशी पर्यटकों ने क्रिकेट के मैदान पर चौके-छक्के लगाकर खूब तालियां बटोरीं। इसी बीच महाराष्ट्र के ठाणे से आई महज दो फीट कद की भैंस ह्यपिंकीह्ल भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

सुबह से ही पुष्कर सरोवर के घाटों पर धार्मिक वातावरण बना रहा। विभिन्न मठों, आश्रमों और मंदिरों से पहुंचे साधु-संतों ने विधि-विधान से शाही स्नान किया। संतों ने सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर देश-दुनिया में शांति, भाईचारे और खुशहाली की कामना की। संतों ने श्रद्धालुओं को तीर्थ की मयार्दा बनाए रखने, सरोवर को स्वच्छ रखने, नशे और प्लास्टिक से दूर रहने तथा माता-पिता और गोसेवा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

तीर्थ पुरोहितों के अनुसार पुष्कर के पवित्र सरोवर के जल को नारायण स्वरूप माना जाता है। कार्तिक मास में होने वाले पंचतीर्थ महास्नान को विशेष धार्मिक महत्व दिया जाता है।

ब्रह्म चतुर्दशी पर संतों के शाही स्नान के बाद अब मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अंतिम महास्नान होगा।

धार्मिक माहौल के बीच मेला मैदान में मनोरंजन का रंग भी खूब जमा। यहां देशी और विदेशी पर्यटकों के बीच फिल्म ह्यलगानह्ल की तर्ज पर क्रिकेट मुकाबला कराया गया। विदेशी पर्यटक भी बल्ला थामकर मैदान में उतरे और चौके-छक्के लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। हालांकि विदेशी खिलाड़ियों को मुकाबले में शामिल करने के लिए पर्यटन विभाग को काफी



मशक्कत करनी पड़ी, जिसके कारण मैदान में विदेशी खिलाड़ियों की संख्या सीमित रही।

पुष्कर पशु मेले में जहां बड़े और आकर्षक पशु हमेशा से लोगों की निगाहों का केंद्र रहते हैं, वहीं इस बार महज दो फीट कद की भैंस ह्यपिंकीह्ल ने सबको चौंका दिया है। महाराष्ट्र के ठाणे से आई पिंकी को देखने के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ जुट रही है। लोग उसके साथ तस्वीरें और सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं।

पशुपालक के मुताबिक पिंकी का छोटा कद जन्मजात है और उसकी मां भी करीब तीन फीट ऊंची थी। मालिक का दावा है कि पिंकी दुनिया की सबसे छोटी भैंस है और अपने अनोखे कद के कारण पहले भी चर्चा में रह चुकी है।

मेले में राजस्थान कुश्ती संघ की ओर से कुश्ती प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। ब्यावर, किशनगढ़ सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने अखाड़े में दांव-पेच दिखाए। खास बात यह रही कि विदेशी पर्यटकों ने भी कुश्ती के अखाड़े में उतरकर अपने दमखम का प्रदर्शन किया। देशी और विदेशी पहलवानों के बीच हुए मुकाबले दर्शकों के लिए खास आकर्षण बने। मेले की शाम भी खास रहने वाली है। राजस्थानी लोक गायक स्वरूप खान लोक कलाकारों के साथ मेला मैदान के मंच पर प्रस्तुति देंगे। उनकी गायकी में मांगणियार संगीत परंपरा, राजस्थानी लोक संगीत, सूफियाना अंदाज और लोकप्रिय धुनों का संगम देखने-सुनने को मिलेगा।

उनकी प्रस्तुति पर्यटकों के लिए मेले की शाम का प्रमुख आकर्षण होगी।

कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सोमवार शाम जयपुर घाट पर भव्य महाआरती का आयोजन होगा। सात मंचों से एक साथ होने वाली आरती के दौरान पूरा घाट दीपों और धार्मिक मंत्रोच्चार से जगमगा उठेगा। इससे पहले तीर्थ पुरोहितों की ओर से ब्रह्म सरोवर का दुग्धाभिषेक और पूजन किया जाएगा।

पुष्कर मेले का धार्मिक समापन मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले पंचतीर्थ के अंतिम महास्नान के साथ होगा। इसके बाद मेला स्टेडियम में समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

समारोह में राजस्थानी लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। देशी-विदेशी पर्यटकों के बीच रस्साकशी, मटका दौड़ सहित कई रोचक प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

पशु मेले में रविवार तक कुल 10,088 पशुओं की आवक दर्ज की गई, जिनमें से 704 पशुओं की बिक्री हो चुकी है। इनकी बिक्री से करीब 4 करोड़ 49 लाख 72 हजार 500 रुपए का कारोबार हुआ है। रविवार को कोई नया पशु मेले में नहीं पहुंचा, जबकि छह पशुओं की बिक्री हुई।

स्वामीः गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रकः रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, बी-42, नोएडा, सेक्टर-7, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।
RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

सरयू-कमला एक्सप्रेस से रोटी-बेटी के रिश्ते को नई ऊर्जा: सीएम योगी

अयोध्या, एजेंसी।



अयोध्या धाम एवं जनकपुर धाम के बीच सरयू कमला एक्सप्रेस का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस ऐतिहासिक रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और मिथिला की दो महान संस्कृतियों का पावन पौराणिक मिलन आज सरयू-कमला एक्सप्रेस के रूप में पुनर्जीवित हो रहा है। मां सरयू की पावन धारा से अभिसिंचित अयोध्या धाम और मां कमला के पवित्र जल से सिंचित माता जानकी की भूमि जनकपुर को जोड़ने वाली यह ट्रेन प्रधानमंत्री मोदी के विरासत और विकास के अद्भुत संगम का जीवंत उदाहरण है। इसके शुरू होने से नेपाल के श्रद्धालु सीधे रामलला के दर्शन के लिए आ सकेंगे और भारत के श्रद्धालु जनकपुर धाम जाकर माता जानकी के दर्शन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और नेपाल का हजारों वर्षों पुराना संबंध आस्था, आत्मीयता, साझी नदियों व परिवारों से जुड़ा है, जिसे रोटी-बेटी का रिश्ता कहते हैं। महर्षि विश्वामित्र संग राम-लक्ष्मण के मिथिला जाने और दशरथ द्वारा बारात ले जाने की कथा आज भी विवाह पंचमी पर जीवंत होती है। अयोध्यावासी जनकपुर को ससुराल और मिथिलावासी श्रीराम को पाहुन मानते हैं। पशुपतिनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम दोनों देशों को आध्यात्मिक सेतु से जोड़ते हैं। प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में नेपाल से आई खिचड़ी चढ़ती है और बार्सतिक नवरात्रि पर नेपाल से यात्रा देवीपाटन आती है। भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी और साधना स्थल पिपरहवा (कपिलवस्तु), श्रावस्ती, सारनाथ व कुशीनगर साझा विरासत हैं। जुलाई 2025 में 127 वर्ष बाद हांगकांग से भारत लौटे बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों का उद्गम स्थल सिद्धार्थनगर सीमा के निकट है। उन्होंने कहा कि नेपाल की करनाली, गंडकी, राप्ती व महाकाली नदियां यूपी में सरयू, गंडक, राप्ती व शारदा बनकर बहती हैं। दोनों देशों की खुली सीमा विश्वास का अनोखा उदाहरण है। पड़ोसी प्रथम नीति के तहत यूपी के सात जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज नेपाल से लगभग 600 किलोमीटर सीमा साझा करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के ह्यएचआईटीह्ल फॉमूर्ले यानी हाईवेज, आईवेज व ट्रांसवेज पर तेजी से काम हो रहा है। 2018 में जनकपुर-अयोध्या बस सेवा शुरू हुई और अब रुपईडीहा में प्रदेश का पहला लैंड पोर्ट तैयार है, जिसके आसपास इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक कॉरिडोर विकसित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बाराबंकी-बहराइच फोर लेन हाईवे बनने से रुपईडीहा-नेपालगंज का यात्रा समय आधा रह जाएगा। रुपईडीहा-नेपालगंज रोड क्षेत्र को नानपारा-बहराइच के रास्ते ब्रॉड गेज व विद्युतीकृत रेल नेटवर्क से जोड़ा गया है। सोनौली-भैरहवा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर टर्मिनल व वेयरहाउस बन रहे हैं, जबकि पिछले सप्ताह 1,450 करोड़ रुपये से निर्मित 80 किलोमीटर लंबे गोरखपुर-सोनौली मार्ग का लोकार्पण हुआ। पिपरी नेपाल बॉर्डर से सिद्धार्थनगर व बस्ती होकर प्रयागराज तक फोर लेन कॉरिडोर पर कार्य जारी है। वहीं 750 किलोमीटर लंबा छह लेन गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और अयोध्या से सीतामढ़ी होकर जनकपुर जाने वाला श्री राम जानकी मार्ग भी आकार ले रहा है।

भाजपा-अकाली गठबंधन पर सचिन पायलट का वार बोले- साढ़े 5 साल अलग रहे, अब कैसी मजबूरी?

अमृतसर, एजेंसी।



पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अकाली दल के फिर से एक साथ आने की अटकलों के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने दोनों दलों पर तीखा हमला बोला। पायलट ने कहा कि जिन कारणों से दोनों का गठबंधन टूटा था, क्या वे कारण अब खत्म हो गए हैं? साढ़े पांच साल तक एक-दूसरे पर ड्रग्स और तीन काले कानूनों को लेकर हमला बोलने वाली दोनों पार्टियां अब चुनाव से ठीक पहले मजबूरी में एक-दूसरे का दामन थाम रही हैं, क्योंकि पंजाब में दोनों अपनी जमीन तलाश रही हैं।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, ह्लभाजपा हारने जा रही है। अभी राजस्थान में जो पंचायत चुनाव हुए हैं, वहां लोगों ने एकतरफा वोट डाला है। एकतरफा वोट कांग्रेस को मिला है, इसलिए भाजपा का जाना तय है। मजबूरी में यह उनकी एक तरह की बेताब कोशिश है। अब वे अपने गठबंधन सहयोगी ढूंढ रहे हैं।

भाजपा-अकाली दल गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि जिस अकाली दल को उन्होंने गठबंधन तोड़ते समय क्या-क्या नहीं कहा और जब किसानों के खिलाफ तीन काले कानून बनाए गए थे तो इसी अकाली दल ने भी भाजपा को क्या-क्या नहीं कहा था। आज ऐसी क्या मजबूरी है कि दोनों फिर वापस एक होने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि जनता के सामने जाकर चुनाव लड़ सकें। पंजाब की जनता जानती है कि जब आम आदमी पार्टी की सरकार को जाना है, तो उसके विकल्प में अगर कोई दल है, जो पंजाब में अपने दम पर मजबूती से खड़ा है, तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब इनका आपस में समझौता खत्म हुआ तो भाजपा ने कई सारी बातें बोलीं। जिन कारणों से दोनों पार्टी का गठबंधन टूटा, क्या वो सारे कारण अब खत्म हो गए। मीडिया में खबर आ रही है कि भाजपा और अकाली दल गठबंधन करने जा रहे हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि किन बातों से ये गठबंधन टूटा था और अब ऐसा कौन सा बदलाव हुआ कि ये फिर से गठबंधन करने जा रहे हैं। दोनों ही पार्टी पंजाब में अपनी जमीन तलाश रही हैं। चुनाव से ठीक पहले मजबूरन एक-दूसरे का दामन थाम रहे हैं। जनता समझती है कि आप साढे. पांच साल तो अलग-अलग रहे और क्या-क्या बातें बोलीं, ड्रग्स को लेकर, तीन काले कानून बने, उसको लेकर।

नवीन पटनायक ने विदेश यात्राओं पर लगे आरोपों को बताया झूठा, कहा- उचित जवाब दिया जाएगा

भुवनेश्वर, एजेंसी।

ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक ने मुख्यमंत्री रहते हुए अपनी, अपने करीबी वीके पांडियन और अन्य अधिकारियों की विदेश यात्राओं को लेकर लगाए गए आरोपों को सोमवार को झूठा बताया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को इन विदेश यात्राओं से जुड़े आरोपों की जांच के आदेश दिए थे। जांच सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव करेंगे।

मीडिया से बातचीत में नवीन पटनायक ने कहा, मैंने विदेश की बहुत सीमित यात्राएं की हैं और वे केवल ओडिशा से जुड़े विषयों, वह भी बेहद महत्वपूर्ण विषयों के लिए थीं। मुझे समझ में आता है कि मेरी और मेरे अधिकारियों की यात्राओं को लेकर कुछ झूठे आरोप लगाए गए हैं। इसका उचित जवाब दिया जाएगा।

राज्य में पंचायत चुनाव टालने या उनमें देरी किए जाने की आशंका को लेकर पूछे गए सवाल पर, उन्होंने राजस्थान में हालिया ग्रामीण निकाय चुनावों में भाजपा को मिली कथित हार का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है। बीजद अध्यक्ष ने कहा, आप जानते हैं कि राजस्थान में उन्होंने चुनावों में बहुत, बहुत खराब प्रदर्शन किया है।

इस बीच, बीजद के वरिष्ठ नेता प्रताप केसरी देव ने पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की विदेश यात्राओं की जांच को राज्य सरकार की ध्यान भटकाने की रणनीतिह्लकरार दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और सांसदों के विदेश दौरे के कार्यक्रमों को यात्रा की मंजूरी मिलने से पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय जांचते हैं।

मालदा में न्यायिक अधिकारियों पर हमले का मामला, तृणमूल विधायक सबीना यास्मीन और उनके पति से पूछताछ

कोलकाता, एजेंसी।



पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबारी में इस साल की शुरूआत में ह्यस्पेशल इंटेंसिव रिवीजनह्ल (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों पर हुए हमले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस की विधायक सबीना यास्मीन और उनके पति मोहम्मद महबूब आलम सोमवार को कोलकाता में राष्ट्रीय जांच एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए। एनआईए ने सुजापुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक और उनके पति को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच पेश होने के लिए समन भेजा था। दोनों सुबह करीब 11:30 बजे एजेंसी के कोलकाता कार्यालय पहुंचे और उनसे पूछताछ शुरू की गई। एनआईए कार्यालय में जाने से पहले मीडियाकर्मियों से बातचीत में यास्मीन ने आरोप लगाया कि यह समन उनके और उनके पति के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा है। उन्होंने दावा किया कि उस दिन मेरे पति घटनास्थल पर नहीं थे। इसके बजाय, एक चुनावी कार्यक्रम से लौटते समय उन्होंने हंगामा देखा और भीड़ को शांत करने की कोशिश की। एनआईए के इस समन के पीछे राजनीतिक मकसद है।

यास्मीन उन कुछ मौजूदा विधायकों में से हैं, जो ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के साथ बनी हुई हैं, इस गुट को पार्टी का मूल लेकिन अल्पसंख्यक गुट माना जाता है। वह ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं। जांच के दायरे में आई यह घटना इस साल अप्रैल में मालदा जिले के कालियाचक-ब्लॉक के अंतर्गत मोथाबारी में हुई थी। आरोप है कि एक हिंसक भीड़ ने स्थानीय ब्लॉक विकास अधिकारी कार्यालय में न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक बंधक बना लिया था, जब वे एसआईआर से जुड़े न्यायिक कार्यों में व्यस्त थे।

प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे-12 को भी जाम कर दिया और न्यायिक अधिकारियों की गाड़ियों पर हमला किया। बाद में पुलिसकर्मियों ने इन अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

इस घटना के बाद तत्कालीन राज्य सरकार और सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की तीखी आलोचना हुई थी। हालांकि, पार्टी के एक धड़े ने इस हिंसा को एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाए जाने को लेकर जनता का स्वतःस्फूर्त गुस्सा बताने की कोशिश की। बाद में एनआईए ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली। इस घटना के संबंध में कुल 12 मामले दर्ज किए गए थे। एजेंसी ने अब तक दो चार्जशीट दाखिल की हैं।

आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। इनमें हत्या का प्रयास, सरकारी कर्मचारियों पर हमला, उत्पीड़न, अवैध रूप से बंधक बनाना और सरकारी काम में बाधा डालना जैसे अपराध शामिल हैं।

अधिकारियों को ईडी के समन पर सुनील जाखड़ ने पंजाब सरकार को घेरा



चंडीगढ़, एजेंसी।

पंजाब भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अधिकारियों को भेजे गए समन पर सवाल उठाते हुए सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को भेजे गए समन से पता चलता है कि आप सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

सुनील जाखड़ ने एक्स पर पोस्ट में कहा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों को समन भेजने के फैसले ने यह उजागर कर दिया है कि भगवंत मान सरकार में क्या चल रहा है और व्यवस्था किस हद तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। केंद्रीय एजेंसी को इस बात की भी जांच करनी चाहिए कि क्या इन अधिकारियों का नशीले पदार्थों के कारोबार से कोई संबंध है क्योंकि एक भ्रष्ट व्यक्ति किसी भी हद तक गिर सकता है।

उन्होंने चुनाव आयोग से अपील की है कि आरोपी अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया में शामिल न किया जाए। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से भी अपील करता हूं कि वह यह सुनिश्चित करे कि जिन अधिकारियों पर ऐसे आरोप हैं, वे चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह से शामिल न हों। सरकार को तुरंत उन अधिकारियों को जनता से जुड़े पदों से हटा देना चाहिए, जिनके नाम सामने आए हैं। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में सात सेवारत और सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा पुलिस अधिकारियों को पूछताछ के लिए समन भेजा है। यह मामला भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से जुड़ा है, जिसकी शुरूआत पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर से हुई थी।

इसके अलावा, ईडी ने मोगा से आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा, उनके सहयोगियों और साथियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। यह कार्रवाई सरकारी जमीन और मुआवजे की रकम से जुड़े कथित भूमि घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में की गई है।

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में आप विधायक को पूछताछ के लिए बुलाया है। यह मामला सरकारी जमीन के सात टुकड़ों को कथित तौर पर धोखाधड़ी से हासिल करने और मुआवजे के गलत भुगतान से जुड़ा है। एजेंसी ने अरोड़ा से इन संपत्तियों के बारे में और जानकारी और दस्तावेज मांगे हैं। उन्हें 25 नवंबर को चंडीगढ़ स्थित ईडी के जोनल ऑफिस में पेश होने का निर्देश दिया गया है। यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब केंद्रीय एजेंसी ने पंजाब में अरोड़ा, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़ी सात जगहों पर छापेमारी की थी।

बिहार विधान परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ, हाईकोर्ट जाएंगे तेजस्वी यादव



पटना, एजेंसी।

बिहार विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से नवनिर्वाचित आठ सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को परिषद सभागार में आयोजित किया गया। विधान परिषद के कार्यकारी सभापति प्रो. डॉ. रामवचन राय ने सभी आठ नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, लेसी सिंह तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले जदयू के नीरज कुमार ने शपथ ली। इसके बाद दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित अनिल कुमार झा सहित अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली। इनमें एनके यादव, डॉ. संजीव कुमार और सुरेश प्रसाद राय सहित आठ सदस्य शामिल रहे।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दो नवनिर्वाचित सदस्यों राहुल राज और वंशीधर ब्रजवासी की सदस्यता को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण करने वाले सभी सदस्यों को उनकी शुभकामनाएँ हैं, लेकिन दो व्यक्तियों को लेकर उनकी आपत्ति बरकरार है।

तेजस्वी यादव ने कहा, हमारे लोग वकीलों से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही एक बार फिर हम लोग शिकायत लेकर चेयरमैन साहब के पास जाएंगे। पटना हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं। कानून और नियमावली के हिसाब से इन दोनों की सदस्यता जाएगी।

वहीं, शपथ ग्रहण के बाद जदयू नेता नीरज कुमार ने इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण दिन बताया। उन्होंने कहा कि उच्च सदन में शपथ लेने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह भी उनके लिए विशेष गौरव की बात है कि उनके गुरुदेव प्रोफेसर रामवचन राय आज विधान परिषद के कार्यकारी सभापति हैं।

नीरज कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के प्रति आभार जताया। साथ ही उन मतदाताओं का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत विकसित बिहार बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में वह विधान परिषद में अपनी पूरी भूमिका निभाएंगे। इधर, जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शपथ ग्रहण को संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे बिहार की बेहतरी, अपने मतदाताओं के हित और अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए बेहतर काम करेंगे।

जिला कारागार और किशोर सम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

उत्तम भारत संवाददाता



मेरठ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ की सचिव ने रविवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर और जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निरुद्ध बंदियों और किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनकी समस्याओं और विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही पात्र बंदियों को नियमानुसार निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों को मिलने वाली शिक्षा, चिकित्सा, भोजन, आवासीय व्यवस्था और स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की गई। सचिव ने किशोरों से संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं जानीं तथा अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंदियों और किशोरों के अधिकारों तथा उन्हें मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। शासन और विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए।

सड़क निर्माण करने वाली कंपनी की भारी लापरवाही को दशार्ता है ये हादसा: पप्पू यादव

पटना। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के काफिले में शामिल एक वाहन रविवार देर रात कटिहार-सनहौली सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद, पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर सड़क की खराब हालत को लेकर चिंता जताई और ठेकेदार तथा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में सांसद ने लिखा, जिसकी रक्षा ईश्वर करे, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता उन्होंने बताया कि उनके काफिले में शामिल एक एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया, लेकिन ईश्वर की कृपा और शुभचिंतकों की दुआओं से सभी सुरक्षित हैं। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि बेलौरी-सनहौली-सलमारी मुख्य सड़क बाढ़ के समय से ही क्षतिग्रस्त है, लेकिन अब तक इसकी ठीक से मरम्मत नहीं की गई है।

तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी के दीपस्तंभ पर दीपम जलाने को लेकर हलचल तेज, सुरक्षा कड़ी

मुख्यमंत्री विजय ने महाधिवक्ता और डीजीपी के साथ की बैठक, उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन पर मंथन

मदुरै, एजेंसी।



तमिलनाडु के मदुरै स्थित तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी के शिखर पर बने दीपस्तंभ पर कार्तिक दीपम के अवसर पर दीप जलाने को लेकर हलचल तेज हो गई है। उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश के बाद मंगलवार को दीपस्तंभ पर दीपम जलाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस बीच, पहाड़ी और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एहतियात के तौर पर सैकड़ों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और पूरे क्षेत्र की कड़ी निगरानी की जा रही है।

दीपस्तंभ पर मंगलवार को दीपम जलाने की मांग करते हुए अधिवक्ता रमेश ने मदुरै के जिला कलेक्टर को कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने यह नोटिस जिला राजस्व अधिकारी को सौंपा। नोटिस में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश का बिना किसी बाधा के पालन किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर अदालत की अवमानना का मामला दायर करने की चेतावनी दी गई है। अधिवक्ता ने अधिकारियों से न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करने की मांग की है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विजय ने दीपस्तंभ पर दीपम जलाने के मुद्दे पर तमिलनाडु के महाधिवक्ता विजय नारायण और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) महेश कुमार अग्रवाल के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मंगलवार को तिरुकार्तिकै के अवसर पर दीपम जलाने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश और राज्य सरकार की आगे की कार्रवाई पर चर्चा की गई।

उधर, पहाड़ी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा उपाय तेज कर दिए हैं। पहाड़ी के तल से लेकर शिखर तक सशस्त्र पुलिसकर्मियों को बारी-बारी से ड्यूटी पर तैनात किया गया है। अधिकारी शिखर पर स्थित दीपस्तंभ क्षेत्र का भी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

पहाड़ी मार्ग और आसपास के इलाकों में 70 से अधिक निगरानी कैमरे लगाए गए हैं। संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक चेहरा पहचानने वाली तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए बम निरोधक दस्ते ने सोमवार को पहाड़ी के शिखर पर स्थित दीपस्तंभ क्षेत्र की जांच की।

इस मामले में उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर किए जाने की संभावना को लेकर भी कानूनी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। न्यायालय की परंपरा के अनुसार, अंतरिम आदेश जारी करने वाले न्यायाधीशों के समक्ष ही पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई होती है। इस मामले में आदेश जारी करने वाले न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ सोमवार को उच्चतम न्यायालय में उपलब्ध नहीं थी।

वहीं, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ के समक्ष भी तमिलनाडु सरकार की ओर से कोई अपील प्रस्तुत नहीं की गई। मंगलवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर उच्चतम न्यायालय में अवकाश रहने के कारण पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की संभावना भी नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या मंगलवार को तिरुकार्तिकै के अवसर पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश के अनुरूप तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी के दीपस्तंभ पर दीपम जलाया जाएगा।

पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को सिर्फ वोट बैंक मानती रही सपा: गुलाम अली खटाना

नई दिल्ली, एजेंसी।



भाजपा सांसद गुलाम अली खटाना ने अग्निपथ योजना को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपने राजनीतिक हितों के लिए दंगों और अपराध को बढ़ावा देने वाली राजनीति करते हैं। खटाना ने कहा कि जनता उनके कार्यकाल के दौरान हुई घटनाओं को अभी भूली नहीं है।

भाजपा सांसद गुलाम अली खटाना ने कहा कि अखिलेश यादव की राजनीति में पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वर्गों को जो अवसर मिलने शुरू हुए हैं, उन्हें एक बार फिर वोट बैंक की राजनीति में उलझाने की कोशिश की जाएगी। देश की जनता अब ऐसी राजनीति को समझ चुकी है और विकास के अवसरों को प्राथमिकता दे रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्था और लोवी इंस्टीट्यूट की 2026 पावर इंडेक्स रिपोर्ट को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर भी भाजपा सांसद खटाना ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई स्पष्ट नीति नहीं है। पार्टी कभी इधर-उधर की बातें करती है, तो कभी ऐसे बयान देती है, जो देश के हितों और मूल्यों के खिलाफ होते हैं।

भाजपा सांसद गुलाम अली खटाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति देश के 140 करोड़ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। भारत के इजरायल के साथ अच्छे संबंध हैं और ईरान के साथ भी ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्र है और देश अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखकर फैसले लेता है।

भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी अभी तक इससे बाहर नहीं निकल पाई है। कांग्रेस के लिए देश से पहले परिवार और व्यक्तिगत हित आते हैं। पार्टी के नेता पहले अपना फायदा देखते हैं और उसके बाद देश के बारे में सोचते हैं। कांग्रेस के शासनकाल को जनता अभी भूली नहीं है और इसी वजह से लोगों ने पार्टी को नकार दिया है। आने वाले समय में भी जनता कांग्रेस पर भरोसा नहीं करेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में जनता को मिलने वाली सुविधाओं और अवसरों को कांग्रेस समाप्त करना चाहती है। अब जनता उसकी राजनीति को समझ चुकी है और यही वजह है कि पार्टी को लगातार जनसमर्थन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस के शासनकाल का जिक्र करते हुए खटाना ने जीप घोटाले, कॉमनवेल्थ घोटाले और 2जी घोटाले का हवाला दिया। उन्होंने राहुल गांधी को सलाह दी कि वे मौजूदा सरकार पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस के शासनकाल में हुए घटनाक्रमों और भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी नजर डालें।

पंजाब के लिए भाजपा ने केवल सिंह ढिल्लों की अगुवाई में घोषित की 16 सदस्यीय चुनाव समिति

चंडीगढ़, एजेंसी।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आगामी 2027 में पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 16 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा की है। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने इसका एलान किया है।

पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भाजपा की पंजाब राज्य चुनाव समिति की घोषणा। मेरे सभी साथियों को हार्दिक बधाई। मुझे पूरा विश्वास है कि आप पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए, पार्टी को पंजाब के हर घर तक पहुंचाएंगे।

इस समिति में पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनप्रीत बादल, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी और राज्यसभा सांसद तरुण चुघ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अविनाश राय खन्ना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोरंजन कालिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्वेत मलिक, राज्य महासचिव (संगठन) मंथरी श्रीनिवासलु, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री प्रीनीत कौर, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, राज्य सचिव मनजीत सिंह मन्ना, पंजाब के पूर्व मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, पंजाब विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश सिंह बब्बू, विधायक मुकेरियां जंगीलाल महाजन का नाम शामिल है। विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश पूनिया, पंजाब के सह-प्रभारी वीरेंद्र सचदेवा, राज्य सह-प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद अलका गुर्जर का नाम शामिल है। पंजाब चुनाव के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। रविवार को पार्टी ने आगामी चुनाव के लिए अपना विजन डॉक्यूमेंट (दृष्टिकोण दस्तावेज) तैयार करने के उद्देश्य से एक व्यापक जन सुझाव अभियान शुरू करने की घोषणा की थी। राज्य पार्टी प्रमुख केवल सिंह ढिल्लों ने पंजाब भाजपा मामलों के प्रभारी सतीश पूनिया, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष अविनाश राय खन्ना और समिति के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में तीन फोन नंबर और एक क्यूआर कोड जारी करके इस अभियान की औपचारिक शुरूआत की थी।

मीडिया से बात करते हुए ढिल्लों ने कहा था कि राज्य में नशीले पदार्थों के संकट, गैंगस्टरों के आतंक, भ्रष्टाचार और कर्ज की समस्या का एकमात्र समाधान भाजपा की डबल-इंजन सरकार है। उन्होंने कहा था कि जब केंद्र और राज्य सरकारें एक ही विजन के साथ काम करती हैं, तो राज्य की विकास दर तेजी से आगे बढ़ती है। उन्होंने बताया था कि इसी विजन के तहत भाजपा ने हेल्पलाइन नंबर और अपनी वेबसाइट के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया है, ताकि पंजाब का हर नागरिक सीधे पार्टी से जुड़ सके और अपने सुझाव व विचार साझा कर सके।

दीपावली के दौरान गुजरात में 80,000 से ज्यादा पर्यटकों ने लायन सफारी पार्कों का दौरा किया

गांधीनगर, एजेंसी।



9 से 15 नवंबर तक दीपावली की सप्ताह भर की छुट्टियों के दौरान गुजरात भर के सफारी पार्कों में 80,000 से अधिक पर्यटक आए, जिससे राज्य के वन विभाग को 1.59 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हुई।

इसमें कहा गया है कि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से वन्यजीव पर्यटन से जुड़ी आजीविका को भी बढ़ावा मिला है।

वन विभाग के अनुसार, सौराष्ट्र में स्थित गिर, देवलिया, गिरनार, अंबार्डी और बरदा सफारी पार्कों में देश-विदेश के पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। ये पर्यटक यहां के प्रमुख वन्यजीव, एशियाई शेर की एक झलक पाने के लिए आए थे।

गिर और देवलिया में सबसे अधिक पर्यटक पहुंचे। छुट्टियों के दौरान 60,661 लोगों ने जीप और बस सफारी का आनंद लिया। इन दोनों जगहों से कुल मिलाकर लगभग 1.21 करोड़ रुपए की कमाई हुई।

विभाग ने बताया कि इन पार्कों से होने वाली कमाई 2025 की दीपावली की छुट्टियों के दौरान 1.15 करोड़ रुपए थी, जो 2026 में बढ़कर 1.21 करोड़ रुपए हो गई। यह पर्यटकों की बढ़ती गतिविधियों को दर्शाता है।

अन्य तीन जगहों जूनागढ़ में गिरनार नेचर सफारी, अमरेली में अंबार्डी सफारी पार्क और पोरबंदर में बरदा सफारी में भी पिछले साल की तुलना में पर्यटकों की संख्या और कमाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस साल 9 से 15 नवंबर के बीच इन पार्कों में कुल 20,282 पर्यटक आए, जबकि 2025 में इसी अवधि के दौरान 18,114 पर्यटक आए थे।

कोलकाता नगर निगम में रिश्वतखोरी के मामले में एसीबी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के असेसमेंट सेल से जुड़े रिश्वतखोरी के मामले में रविवार को जाल बिछाकर दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि भवन के म्यूटेशन (नामांतरण) की प्रक्रिया में मदद करने के लिए 4,500 रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। एसीबी के मुताबिक, दमदम बिरपारा के एक निवासी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कोलकाता नगर निगम के वार्ड नंबर 3 में स्थित एक भवन के म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए असेसमेंट सेल के एक इंस्पेक्टर ने कथित तौर पर 4,500 रुपये की अवैध रिश्वत मांगी थी। यह रकम एक बिचौलिए के जरिए वसूली जा रही थी।

बंगाल के पत्थर व्यापारी तुलु मंडल को दो मामलों में पुलिस ने किया तलब

कोलकाता, एजेंसी।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में दो पुलिस थानों ने विवादित पत्थर व्यापारी तुलु मंडल को अलग-अलग मामलों में पूछताछ के लिए तलब किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मंडल को सोमवार को मोहम्मदबाजार पुलिस स्टेशन में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला उनके रिश्तेदार मीनार मंडल के घर से सोना और नकदी बरामद होने से जुड़ा है।

इसके अलावा, मंगलवार को सूरी पुलिस स्टेशन भी बुलाया गया है, जहां उनसे कथित अवैध पत्थर खनन मामले में पूछताछ की जाएगी। इससे पहले 21 नवंबर को मंडल सूरी पुलिस स्टेशन पहुंचे थे, जहां उनसे डुप्लीकेट कार्बन रसीद (डीसीआर) घोटाले के सिलसिले में लगभग छह घंटे तक पूछताछ की गई। जांचकर्ताओं ने उनसे उन आरोपों के बारे में सवाल पूछे, जिनके मुताबिक सरकारी राजस्व को दूसरी तरफ मोड़ने के लिए फर्जी डीसीआर का इस्तेमाल किया गया था। आरोप है कि इस वजह से पिछले एक दशक में राज्य के खजाने में करोड़ों रुपये जमा नहीं हो पाए। हालांकि, इस रिपोर्ट के लिखे जाने तक इस बात की कोई पुष्टि नहीं हुई है कि मंडल मोहम्मदबाजार पुलिस स्टेशन पहुंचे या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारत लौटने पर मंडल काफी लंबे समय तक बाहर रहने के बाद शुक्रवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल पुलिस मुख्यालय, भवानी भवन पहुंचे और फिर बीरभूम लौट गए। पिछले हफ्ते उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर कीं। इनमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती दी और यह स्पष्ट करने की मांग की कि क्या उनके नाम पर कोई लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया है।

न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने उनके वकीलों, अयन भट्टाचार्य और सब्यसाची बनर्जी को एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति कृष्ण राव के समक्ष दायर एक अन्य याचिका में मंडल ने आशंका जताई कि उनके खिलाफ कोई लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया हो सकता है।

निलंबित एसीएस नूपुर बोरा की 70 लाख की संपत्ति ईडी ने अटैच की

गुवाहाटी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बारपेटा की पूर्व असम सिविल सेवा (एसीएस) अधिकारी नूपुर बोरा और अन्य संबंधित लोगों की 70.09 लाख मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक जब्त की गई कुल संपत्तियों का मूल्य बढ़कर करीब 3.62 करोड़ हो गया है। ईडी के गुवाहाटी जोनल ऑफिस-कने सोमवार को जारी बयान में बताया कि यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 की धारा 5(1) के तहत की गई है। जांच एजेंसी के अनुसार, अटैच की गई संपत्तियों में नूपुर बोरा के नाम पर 13.45 लाख के एसबीआई म्यूचुअल फंड यूनिट और 21.64 लाख मूल्य की तीन जीवन बीमा पॉलिसियां शामिल हैं।

बुनियादी नागरिक ढांचे के लिए नौ नए स्थानीय निकायों को मुफ्त में मिलेगी सरकारी जमीन

गांधीनगर, एजेंसी।



गुजरात के नौ नवगठित नगर निगमों को आवश्यक नागरिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकारी जमीन मुफ्त में मिलेगी। राज्य सरकार ने शहरी विकास में तेजी लाने और नए बने इन नगर निकायों पर वित्तीय बोझ कम करने के उद्देश्य से जमीन आवंटन के नियमों में पांच साल की छूट दी है।

राजस्व विभाग द्वारा जारी एक प्रस्ताव के अनुसार नवसारी, वापी, आनंद, नडियाद, मेहसाणा, सुरेंद्रनगर, मोरबी, पोरबंदर और गांधीधाम के नगर निगम, सार्वजनिक सुविधाओं और प्रशासनिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकारी जमीन पाने के पात्र होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व और राजस्व राज्यमंत्री संजय सिंह महिडा के मार्गदर्शन में लिया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि नए बने नगर निगमों के पास जमीन की उपलब्धता सीमित है और जमीन खरीदने से उन पर भारी वित्तीय बोझ पड़ सकता है।

सरकार ने नागरिक बुनियादी ढांचे की 11 श्रेणियां तय की हैं, जिनके लिए जमीन आवंटित की जा सकती है। इनमें नगर निगम कार्यालय, फायर स्टेशन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, भूमिगत जल निकासी प्रणाली, पंपिंग स्टेशन, जलापूर्ति परियोजनाएं, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र, वर्षा जल निकासी प्रणाली, बालवाड़ी (आंगनवाड़ी), टाउन हॉल, सामुदायिक हॉल और कन्वेंशन सेंटर शामिल हैं।

इस कदम का उद्देश्य शहरी बुनियादी सेवाओं जैसे जलापूर्ति, स्वच्छता, जल निकासी, अपशिष्ट प्रबंधन और अग्निशमन सेवाओं के साथ-साथ प्रशासनिक और सामुदायिक बुनियादी ढांचे के विकास को आसान बनाना है। संशोधित नियमों के तहत इन विशिष्ट कार्यों के लिए शहरी विकास और शहरी आवास विभाग को एक हेक्टेयर तक की सरकारी जमीन हस्तांतरित की जा सकती है। यदि एक हेक्टेयर से अधिक जमीन की आवश्यकता होती है या इसमें गौचर (पशु चराई) की जमीन शामिल है, तो इसके लिए राज्य सरकार की मंजूरी लेनी होगी। इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए संबंधित नगर निगम के नगर आयुक्त को आई-ओआरए पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर के पास आवेदन जमा करना होगा।

कन्नूर के दो दिग्गज माकपा नेताओं के बीच बढ़ा विवाद, आरोपों की जांच के लिए आयोग गठित

कन्नूर, एजेंसी।



केरल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा के दो वरिष्ठ नेताओं के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद अब गहराता नजर आ रहा है। दोनों नेता पार्टी के पारंपरिक गढ़ कन्नूर से आते हैं। उनके बीच लगाए गए आरोपों की जांच के लिए पार्टी ने दो सदस्यीय आयोग गठित किया है। पार्टी के राज्य सचिवालय की बैठक में वरिष्ठ नेताओं के.एन. बालगोपाल और टी.पी. रामकृष्णन की सदस्यता वाले आयोग के गठन का फैसला लिया गया। यह निर्णय ई.पी. जयराजन की ओर से पी. जयराजन के खिलाफ लिखित शिकायत दिए जाने के बाद लिया गया। इस घटनाक्रम पर पूछे जाने पर माकपा के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन ने आयोग के गठन की पुष्टि या खंडन नहीं किया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, कुछ बातें पार्टी के भीतर चर्चा की जाएंगी और उचित समय पर उन्हें सार्वजनिक किया जाएगा।

जांच में ई.पी. जयराजन से जुड़े विवादित वैदेकम रिसॉर्ट मामले के साथ-साथ पी. जयराजन पर उनके द्वारा लगाए गए कथित आरोपों की भी पड़ताल की जाएगी। इनमें कथित तौर पर कोटेशन गैंग और सोना चोरी में शामिल गिरोहों से संबंध होने के आरोप शामिल हैं।

ई.पी. जयराजन ने अपनी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि पी. जयराजन का केरल के कई जिलों में सक्रिय कोटेशन गैंग से संबंध है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि पी. जयराजन के सोना चोरी और लूटपाट में शामिल गिरोहों से कथित संबंधों को लेकर लगाए गए आरोपों में सच्चाई है।

बिहार के 899 राजस्व न्यायालयों में होगी वर्चुअल सुनवाई लोगों को कोर्ट जाने से मिलेगी राहत: सम्राट चौधरी

पटना, एजेंसी।



बिहार के 899 राजस्व न्यायालयों में अब मामलों की सुनवाई वर्चुअल माध्यम से होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली (आरसीएमएस) के तहत वर्चुअल सुनवाई की व्यवस्था का लोकार्पण किया। इस व्यवस्था के शुरू होने से आम लोगों को राजस्व न्यायालयों में सुनवाई के लिए बार-बार कार्यालयों और अदालतों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे डिजिटल माध्यम से अपने मामलों की सुनवाई में शामिल हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत वर्चुअल सुनवाई शुरू होने से आम लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। बिहार में राजस्व से जुड़े करोड़ों आवेदन और मामले लंबित रहते हैं। इस नई व्यवस्था से मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी और न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ भी कम होगा। यह पहल सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत ह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्ण के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि वर्चुअल सुनवाई से आम लोगों के समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। उन्हें सुनवाई के लिए दूर-दराज से राजस्व न्यायालयों तक आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे विशेष रूप से गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी तथा उन्हें आसानी से न्याय मिल सकेगा। सुनवाई की पूरी रिकॉर्डिंग और ट्रांसक्रिप्शन उपलब्ध रहने से न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और सुनवाई की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने अधिकारियों को पारित आदेशों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए उनकी नियमित जांच की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

पुलिस ने बसवन्ना के खिलाफ टिप्पणी पर लेखक रवि हंज को किया तलब

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने कन्नड़ लेखक रवि हंज को एक नोटिस जारी कर बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने में पेश होने के लिए कहा गया है। हंज से उनकी किताब बसव मंटप वीरशैव / लिंगायत सत्यदर्शन में 12वीं सदी के समाज सुधारक बसवन्ना के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। एक विवादित किताब में बसवन्ना को कथित तौर पर अपमानजनक तरीके से पेश किए जाने को लेकर हुए व्यापक विरोध-प्रदर्शनों और शिकायतों के बाद राज्य के अलग-अलग हिस्सों (बेंगलुरु भी शामिल) में उनके खिलाफ छह एफआईआर दर्ज की गई हैं। यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब पिछले शनिवार को केरल के कोच्चि हवाई अड्डे पर विदेश जाने की कोशिश कर रहे हंज को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने हिरासत में ले लिया।

कोलकाता के होटल में जर्मन नागरिक का शव बरामद, मौत की जांच में जुटी पुलिस

कोलकाता, एजेंसी।



मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके के एक होटल से सोमवार सुबह जर्मन नागरिक का शव बरामद किया गया। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने उनकी मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

60 वर्षीय मृतक की पहचान थॉमस लिन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर कोलकाता पुलिस की होमिसाइड ब्रांच (हत्या जांच शाखा) के जासूस और न्यू मार्केट पुलिस स्टेशन के अधिकारी होटल पहुंचे।

पुलिस के मुताबिक, लिन रविवार सुबह होटल में आए थे और दूसरी मंजिल के एक कमरे में रुके हुए थे। सोमवार सुबह डायल 100 के जरिए न्यू मार्केट पुलिस स्टेशन को इस घटना की जानकारी मिली। सूत्रों ने बताया कि होटल के कर्मचारियों और अन्य लोगों ने कमरे में मौजूद व्यक्ति से संपर्क करने की कई बार कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में जब कमरा चेक किया गया, तो जर्मन नागरिक वहां बेजान पड़े मिले। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया, जिसके बाद पुलिस की एक टीम होटल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। शुरूआती जांच में शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। हालांकि, उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। मौत के सही कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच इस बात पर केंद्रित है कि मौत से पहले मृतक की गतिविधियां क्या थीं और क्या होटल में रुकने के दौरान वे किसी से मिले थे। जांचकर्ता होटल के सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा कर रहे हैं और उनकी जांच कर रहे हैं। वे होटल के कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि लिन वहां कब आए, होटल के अंदर उन्होंने क्या-क्या किया और क्या कोई उनसे मिलने आया था।

पुलिस उनकी पूरी पहचान पता लगाने और उनके परिवार के सदस्यों या परिचितों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। इसमें वे लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिन्हें वे भारत में जानते थे।

न्यू मार्केट पुलिस स्टेशन और होमिसाइड ब्रांच मिलकर इस मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चलेगा, जो जांच को आगे बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

योगी सरकार का शहरी सीवरेज व्यवस्था पर जोर 04.16 लाख घरों को मिलेगा सीवर कनेक्शन

लखनऊ, एजेंसी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शहरी बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में योगी सरकार शहरी क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था के विस्तार, स्वच्छता और जल प्रबंधन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दे रही है। अमृत 2.0 मिशन के तहत प्रदेश के विभिन्न शहरों में सीवर नेटवर्क विकसित करने और घरों को सीवर कनेक्शन से जोड़ने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि शहरी आबादी को बेहतर सीवरेज सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाए।

चार लाख से अधिक घरों को सीवर कनेक्शन देने का लक्ष्य

योजना के अंतर्गत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कुल 4.16 लाख घरों को सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक स्तर पर सीवर नेटवर्क का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना के तहत कुल 1751.52 किलोमीटर सीवर नेटवर्क विकसित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें से अब तक 827.41 किलोमीटर नेटवर्क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे शहरी क्षेत्रों में सीवरेज सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने और घरों से निकलने वाले गंदे पानी के व्यवस्थित निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

326.25 एमएलडी क्षमता के 16 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण जारी

सीवरेज व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए केवल सीवर लाइन बिछाने पर ही नहीं, बल्कि गंदे पानी के वैज्ञानिक शोधन और उसके बेहतर प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में 201 एमएलडी क्षमता के 08 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण कराया जा रहा है। इन संयंत्रों के माध्यम से शहरों से निकलने वाले सीवेज का निर्धारित मानकों के अनुरूप शोधन करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त 326.25 एमएलडी क्षमता के 16 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी प्रगति पर है।

शहरी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी मजबूती

योगी सरकार की प्राथमिकता शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के साथ जल स्रोतों को प्रदूषण से सुरक्षित रखना है। सीवरेज परियोजनाओं के माध्यम से नदियों, तालाबों और अन्य जल स्रोतों में बिना शोधन के गंदा पानी पहुंचने की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही, वैज्ञानिक तरीके से अपशिष्ट जल का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश के शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को नई मजबूती मिलने के साथ नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अमृत 2.0 के माध्यम से योगी सरकार शहरी विकास को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक आधारभूत ढांचे से जोड़ते हुए विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही है।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान: बलिया में आठ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना

बलिया, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में लगने वाले प्रसिद्ध, ऐतिहासिक और पौराणिक ददरी मेले से पहले कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए आठ लाख लोगों के जुटने का अनुमान है। इसी के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारी की है। मंगलवार को मुख्य स्नान पर्व से पहले सोमवार को डीएम और एसपी ने तैयारियों को अंतिम रूप से परखा।

मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के साथ ही ददरी मेला महर्षि भृगु के शिष्य दर्दर मुनि (ददर मुनि) के सम्मान में शुरू हुआ, जिन्होंने सरयू नदी की जलधारा को बलिया में गंगा से मिलाया था। इसी संगम पर हर वर्ष लाखों लोग स्नान करते हैं। यूपी के पूर्वांचल के जिलों के अलावा बिहार के कई जनपदों से श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं। इस बार भी प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। पूरे मेला क्षेत्र को कई जोन और सेक्टरों में बांटा गया है। एनडीआरएफ, डाग स्क्वायड और बम डिस्पोजल दस्ता तैनात किए गए हैं।

एसपी डा. ई राजा ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कार्तिक पूर्णिमा पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित रूट डायवर्जन का सख्ती से पालन कराने और वाहनों को चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराने को कहा। साथ ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार करने की हिदायत दी। ब्रीफिंग के बाद पुलिस अधीक्षक ने लगभग सौ एकड़ में फैले ददरी मेला परिसर में बने पुलिस बैरक, मेस, बम डिस्पोजल दस्ता और डॉग स्क्वायड का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

टैंकर से कुचल कर वृद्ध की मौत

फरुर्खाबाद। जनपद में कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में सोमवार को एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आईटीआई चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार देवेंद्र कुमार ने बताया कि कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम ज्यौना ताजपुर निवासी 62 वर्षीय राजकुमार यादव बाइक से फरुर्खाबाद जा रहे थे। जब वह इटावा बरेली हाईवे के ग्राम पपियापुर के निकट से गुजर रहे थे। उसी समय पीछे तेजी से आए टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। राजकुमार बाइक से नीचे गिर गये और टैंकर की पहिये के नीचे दबकर उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर टैंकर को छोड़कर भाग गया। दारोगा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जानकारी परिवार को दे दी गई है।

किसानों का कर्ज माफ हो, गन्ने का मूल्य 700 रुपये कुंतल किया जाए: भाकियू महाशक्ति

बैंकों का कर्ज माफ करने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फतेहपुर, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में सोमवार को खाद, बीज, कीटनाशक दवाओं की बढ़ती कीमतों से परेशान किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने आवाज उठाई है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर फसलों के मूल्य बढ़ाने और किसानों का बैंक कर्ज माफ करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि खेती की लागत मूल्य लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। महंगाई के चलते किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं के दामों में बढ़ोतरी ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि गन्ने का मूल्य 700 रुपये प्रति कुंतल, गेहूं का समर्थन मूल्य 5000 रुपये प्रति कुंतल और आलू का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया जाए। इसके अलावा किसानों पर विभिन्न बैंकों के बकाया कर्ज को माफ करने की मांग की है।

चलने में असमर्थ फरियादी के पास खुद पहुंचे सीओ क्राइम संवेदनशीलता से सुनी समस्या

फरुर्खाबाद। उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में पुलिस की जनसुनवाई के दौरान मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली। पैर में चोट के कारण चलने-फिरने में असमर्थ एक फरियादी की परेशानी को देखते हुए क्षेत्राधिकारी अपराध (सीओ क्राइम) बलजीत सिंह स्वयं उसके पास पहुंचे और उसकी शिकायत सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सीओ क्राइम ने फरियादी की शारीरिक स्थिति को देखते हुए उसे अपनी समस्या बताने के लिए परेशान नहीं होने दिया। वह खुद उसके पास पहुंचे और पूरे धैर्य के साथ उसकी बात सुनी।

शौर्य, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है पुलिस ध्वज: एसपी

मीरजापुर, एजेंसी।



पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सोमवार को पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को ध्वज के महत्व और उत्तर प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्राधिकारी चुनार गायत्री यादव ने एसपी का स्वागत पुलिस ध्वज का प्रतीक स्टीकर उनकी वर्दी की बाईं जेब के ऊपर लगाकर करने से हुई। इसके बाद एसपी ने ध्वज फहराकर सलामी दी। पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस ध्वज हमारे चरित्र, गौरवशाली इतिहास और देश व समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। पुलिसकर्मियों ने अपने कौशल, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा से देश सेवा और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह ध्वज सभी को नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर और ध्वज प्रदान किया था। इसी दिन पीएसी को भी ध्वज मिला था। उत्तर प्रदेश पुलिस देश का पहला राज्य पुलिस बल है, जिसे पुलिस ध्वज प्रदान किया गया।

गंगा स्नान के दौरान दो बालक डूबे, एक की मौत, दूसरे को बचाया



मीरजापुर, एजेंसी।

चील्ह थाना क्षेत्र के रामपुर गंगा घाट पर सोमवार को स्नान करते समय गहरे पानी में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे में डूब रहे दूसरे युवक को घाट पर मौजूद लोगों ने बचा लिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रामपुर गांव निवासी कलंदर हरिजन के घर रविवार को उनके बेटे की बारात गई थी। सोमवार को बारात लौटने पर परिवार के रिश्तेदार और अन्य लोग गांव में मौजूद थे। इसी दौरान भदोही जिले के मूसी गांव निवासी आशीष कुमार का 15 वर्षीय बेटा विवेक कुमार अपने ननिहाल आया हुआ था। वह कक्षा नौ का छात्र था। सोमवार को वह गांव के 20 वर्षीय डिंपल और परिवार की महिलाओं के साथ रामपुर गंगा घाट पर स्नान करने गया था।

स्नान के दौरान विवेक और डिंपल गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद महिलाओं और परिजनों ने डिंपल को तो बचा लिया, लेकिन विवेक पानी में समा गया। शोर सुनकर स्थानीय गोताखोर और परिजन मौके पर पहुंचे। जाल डालकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद विवेक को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस किशोर को जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वाराणसी में लोकबंधु राजनारायण की 109 वीं जयंती पर 109 दीप प्रज्वलित

वाराणसी। वाराणसी में तहसील राजातालाब परिसर में सोमवार को अधिवक्ताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने लोकबंधु राजनारायण की 109 वीं जयंती के अवसर पर 109 दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लोकबंधु राजनारायण के व्यक्तित्व और योगदान के बारे में कुछ कहना सूरज को दीपक दिखाने के समान है। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को आज भी याद किया जाता है। प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को चुनौती दी और ऐतिहासिक जीत हासिल की। वहीं सर्वजीत भारद्वाज ने उन्हें गरीबों का मसीहा बताते हुए कहा कि उनका जीवन गरीबों और वंचितों के हितों के लिए समर्पित था। उनका नारा था कि गरीबों को रोटी मिले, इसके लिए उनकी जान भी सस्ती है।

जौनपुर में 28.47 किलोमीटर सड़कों का होगा चौड़ीकरण, 49.38 करोड़ रुपये मंजूर

जौनपुर, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के जौनपुर में उत्तर प्रदेश सरकार ने जौनपुर में सड़क सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जनपद के दो प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। दोनों परियोजनाओं के तहत कुल 28.47 किलोमीटर सड़कों का विकास कराया जाएगा। इन पर 49 करोड़ 38 लाख 24 हजार रुपये खर्च होंगे। शासन ने पहली किस्त के रूप में 9 करोड़ 87 लाख 64 हजार रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ये विकास कार्य जौनपुर की जनता को समर्पित हैं। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़कों के माध्यम से मुख्य मार्गों से जोड़कर आवागमन को सुगम बनाया जाए। उन्होंने बताया कि पहली परियोजना के तहत सलोनी-महमापुर-कोठवार-जंगीपुर-इटौरी-संदहा मार्ग के 15 किलोमीटर हिस्से का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा। इसकी कुल स्वीकृत लागत 24 करोड़ 66 लाख 51 हजार रुपये है। इसके लिए पहली किस्त में 4 करोड़ 93 लाख 30 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। दूसरी परियोजना के अंतर्गत लुंबिनी-दुद्धी राज्य मार्ग (135ए) के किलोमीटर 225 से लपरी-अतरौरा-खजुरा-बैरयाकाजी-मीरापुर होते हुए मुबारकपुर मार्ग के 13.470 किलोमीटर हिस्से का विकास कराया जाएगा। इस परियोजना पर 24 करोड़ 71 लाख 73 हजार रुपये खर्च होंगे। इसके लिए पहली किस्त में 4 करोड़ 94 लाख 34 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

राज्यमंत्री ने बताया कि दोनों परियोजनाओं में निर्माण के साथ पांच वर्ष के अनुरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। शासनादेश के अनुसार दोनों सड़कों का निर्माण 12 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बेहतर होने से ग्रामीणों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम राहगीरों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। साथ ही क्षेत्रीय व्यापार, आर्थिक गतिविधियों और विकास को भी गति मिलेगी। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

वाराणसी में पुलिस ध्वज दिवस पर फहराया गया ध्वज, पुलिस आयुक्त ने दी सलामी



वाराणसी, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सोमवार को पुलिस ध्वज दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी। उन्होंने पुलिस ध्वज के गौरवशाली इतिहास, महत्व और पुलिस बल की समृद्ध परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए इसकी गरिमा एवं सम्मान बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि 23 नवंबर, 1952 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) को उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस ध्वज प्रदान किया था। इस सम्मान को प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य पुलिस बल बना था। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि पुलिस बल के साहस, शौर्य, त्याग, समर्पण, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिचायक है। यह ध्वज पुलिस की गौरवशाली विरासत के साथ-साथ जनता की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा के संकल्प को भी दर्शाता है।

कार्तिक पूर्णिमा पर फरुर्खाबाद में 24 घंटे भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित, एसपी ने जारी किया रूट डायवर्जन

फरुर्खाबाद, एजेंसी।



कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए फरुर्खाबाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया है। इसके तहत जिले में आने वाले भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें अलग-अलग स्थानों पर रोकने और वैकल्पिक मार्गों से भेजने की व्यवस्था की गई है।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने सोमवार को बताया कि रूट डायवर्जन 23 नवंबर की शाम छह बजे से 24 नवंबर की शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डंपर और लोडर सहित अन्य भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कन्नौज से कानपुर रोड होते हुए फतेहगढ़ आने वाले भारी वाहनों को गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं, छिबरामऊ से जहानगंज होकर फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहनों को छिबरामऊ से बेवर (मैनपुरी) की ओर भेजा जाएगा। मैनपुरी के बेवर से फतेहगढ़ आने वाले भारी वाहनों को बेवर में ही रोका जाएगा। इसी तरह एटा की ओर से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहनों को बिहारपुर-अलीगंज बॉर्डर पर रोका जाएगा। शाहजहांपुर और बरेली की ओर से आने वाले भारी वाहनों को थाना अल्लागंज और हल्लापुर क्षेत्र में रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जरियनपुर चौराहे से ढाई घाट (फरुर्खाबाद) की ओर आने वाले वाहनों को जरियनपुर में ही रोका जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि की 13.37 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में हिंदू महासभा ने सौंपा शिकायती पत्र, कार्रवाई की मांग

मथुरा, एजेंसी।



अखिल भारत हिंदू महासभा ने सोमवार दोपहर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की 13.37 एकड़ भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण और भूमि के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और थानाध्यक्ष गोविंद नगर को शिकायती पत्र सौंपा है। महासभा ने अतिक्रमणकारियों और कथित रूप से उन्हें संरक्षण देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

यह शिकायती पत्र महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र कौशिक और जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजवीर दीक्षित के नेतृत्व में राष्ट्रीय व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।

महासभा ने अपनी शिकायत में महाराजा पटनीमल के वंशजों तथा महामना पं. मदन मोहन मालवीय, गणेश दत्त और बी.एल. आत्रेय के मध्य हुए ऐतिहासिक विक्रय विलेख का संदर्भ दिया है। पदाधिकारियों के अनुसार, इस विक्रय विलेख में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वर्ष 1935 के निर्णय का उल्लेख है, जिसमें संपूर्ण 13.37 एकड़ भूमि को विवाद और भार से मुक्त बताते हुए इसे भगवान केशवदेव का परिसर माना गया था और इसका रखरखाव खरीदारों व उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था तय की गई थी।

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि न्यायालय के आदेश एवं विक्रय विलेख की शर्तों के विपरीत परिसर की भूमि पर अतिक्रमण हुआ है और एक हिस्से का दुरुपयोग किया जा रहा है। महासभा ने प्रशासन से अवैध कब्जा हटाने व संबंधित के खिलाफ कठोर कदम उठाने का अनुरोध किया है।

प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राधाकुंड में आकाशदीप प्रज्वलित कर देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया। इसके अतिरिक्त, 20 नवंबर 2026 को प्रतिनिधिमंडल ने वृंदावन में निमार्णाधीन इस्कॉन चंद्रोदय मंदिर के निर्माण स्थल का भ्रमण किया तथा मंदिर के अनुष्ठान के लिए महासभा की ओर से चांदी की सिल्ली भेंट की। इस दौरान जिला प्रभारी राजवीर दीक्षित, जिला महामंत्री सियाराम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रवि पाराशर, मुकेश कुमार, जिला संगठन मंत्री राम शर्मा, दीपक कौशिक, रामप्रकाश दीक्षित, आशु दीक्षित, मोहित सिंह, बिहारी लाल, राकेश चौधरी, नरेंद्र दीक्षित और अमित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

छह माह तक नहीं बदले बिजली के पोल, डीएम ने लगाई फटकार

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में जनसमस्याओं के निस्तारण में विभागीय लापरवाही सामने आई। छह माह से विद्युत पोल बदलने की शिकायत लंबित रहने पर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने यूपीसीएल अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्टीकरण तलब करते हुए दोनों पोल तत्काल बदलने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 103 शिकायतें दर्ज हुईं। डीएम ने मुख्यमंत्री



हेल्पलाइन पर 180 दिन से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से जवाब मांगा। उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात कर निस्तारण की स्थिति भी जानी। साथ ही चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में जाखन निवासी 76 वर्षीय गोविंद राम शाह ने बेटे पर मकान कब्जाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। डीएम ने एसडीएम सदर को भरण-पोषण अधिनियम के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए। टीबी मरीज को दून अस्पताल में भर्ती नहीं किए जाने की शिकायत पर सीएमओ को तत्काल उपचार शुरू कराने को कहा गया। वहीं, प्रेमनगर निवासी शीला देवी की पति की दुर्घटना में मृत्यु के बाद क्लेम नहीं मिलने की शिकायत पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मन्नूगंज निवासी जसवीर कौर ने बेटी की दिसंबर में होने वाली शादी के लिए आर्थिक सहायता मांगी। डीएम ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, बिजली मीटर और आर्थिक सहायता से जुड़ी शिकायतों पर भी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भूमि कब्जे और धोखाधड़ी के मामले भी समाधान दिवस में उठे। ग्राम क्यारी की प्रभा नौटियाल और एकता विहार की बीरा पंवार ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की।

उत्तराखंड में खत्म होगी खाद की ई-टोकन व्यवस्था, पुरानी प्रणाली से मिलेगा उर्वरक

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के किसानों को खाद के लिए अब ई-टोकन की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। प्रदेश में लागू नई ई-टोकन व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व की भांति पुरानी प्रणाली से खाद वितरण का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी के प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से जल्द आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा।

दरअसल, ई-टोकन व्यवस्था लागू होने के बाद किसानों को खाद प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। रबी सीजन में किसानों की परेशानी को देखते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री से वार्ता कर पत्र के माध्यम से पुरानी व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया था।

इससे पहले कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पंतनगर में कृषि मंत्री से मुलाकात कर ई-टोकन व्यवस्था से हो रही समस्याओं को उठाया था।



केंद्रीय कृषि मंत्री की सहमति पर गणेश जोशी ने आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। नई व्यवस्था समाप्त होने से रबी सीजन में किसानों को खाद प्राप्त करने में राहत मिलेगी।

जनगणना में जागरूकता के वाहक बनेंगे विद्यार्थी 1600 से अधिक छात्र-छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन ने विद्यार्थियों को जागरूकता अभियान से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत देहरादून के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1600 से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया समझाई गई।



अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सौड़ा सरोली, थानो, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ऋषिकेश और राजकीय इंटर कॉलेज आईडीपीएल में आयोजित कार्यक्रमों में मास्टर ट्रेनर गिरीश थपलियाल तथा फील्ड ट्रेनर द्वारिका प्रसाद पुरोहित और डॉ. मनोज शुक्ला ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण और परिवार का विवरण दर्ज करने की जानकारी दी। विद्यार्थियों से अपने अभिभावकों और आसपास के लोगों को भी स्वगणना के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह दिनेश प्रसाद सेमवाल ने भी स्वगणना प्रक्रिया पूरी कर प्रदेशवासियों से जनगणना में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से प्रश्न संख्या-14 में मातृभाषा का सही उल्लेख करने पर जोर देते हुए गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी सहित स्थानीय भाषाओं को दर्ज कराने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जनगणना में सही जानकारी दर्ज होने से स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा।

प्रेस क्लब के लिए भूमि और भवन की मांग मुख्यमंत्री तक पहुंची

मुख्यमंत्री ने दिया सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। पहाड़ की जनसमस्याओं को चार दशकों से अपनी लेखनी के माध्यम से आवाज दे रहे श्रीनगर के पत्रकारों ने अब अपने लिए स्थायी प्रेस क्लब भवन की मांग उठाई है। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के पौड़ी जिलाध्यक्ष देवेंद्र गौड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर श्रीनगर प्रेस क्लब के लिए भूमि आवंटित करने और भवन निर्माण हेतु बजट स्वीकृत करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि श्रीनगर क्षेत्र के पत्रकार लंबे समय से नगर सहित दूरस्थ पर्वतीय गांवों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और जनहित से जुड़ी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते आ रहे हैं। इसके बावजूद प्रेस



क्लब के पास अपना भवन और भूमि नहीं है। इससे पत्रकारों को बैठकें, संगठनात्मक गतिविधियां और अन्य कार्य संचालित करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

देवेंद्र गौड़ ने श्रीनगर में उपयुक्त स्थान पर प्रेस क्लब के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ तहसील स्तर पर सक्रिय और निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों को नियमानुसार मान्यता देने की मांग भी उठाई। ज्ञापन पर मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के लिए भूमि उपलब्ध कराने और भवन निर्माण के संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इससे क्षेत्रीय पत्रकारों में वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है।

श्रीनगर-दिल्ली एसी मिनी बस सेवा शुरू कैबिनेट मंत्री ने दी विकास कार्यों की सौगात

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों और जनसुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने श्रीनगर से दिल्ली के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम की एसी मिनी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सेवा से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को दिल्ली तक आरामदायक परिवहन सुविधा मिलेगी। इस दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में भोजन माताओं को सम्मानित कर आवश्यक सामग्री की किट वितरित की गई। डॉ. रावत ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में भोजन माताओं का योगदान सराहनीय है।

26 नवंबर से भाजपा का मिशन-2027 शुरू चुनाव कार्यालय से बजेगा चुनावी बिगुल

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा 26 नवंबर से मिशन-2027 का औपचारिक आगाज करने जा रही है। इस दिन चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा और धामी सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड भी जारी होगा। पार्टी सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को चुनावी अभियान का प्रमुख आधार बनाएगी।



भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी राम माधव, सह प्रभारी अरविंद मेनन और बांसुरी स्वराज सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट कार्ड में विकास कार्यों, रोजगार, पर्यटन, महिला सशक्तीकरण, आधारभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रमुखता दी जाएगी। समान नागरिक संहिता (यूसीसी), नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया जैसे फैसलों को भी जनता के सामने रखा जाएगा।

दीप्ति रावत ने कहा कि चुनाव कार्यालय आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क अभियानों का प्रमुख केंद्र बनेगा। पार्टी बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएगी।

खनन प्रभावित क्षेत्रों में 3.85 करोड़ से होंगे 25 विकास कार्य

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। खनन प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से 3.85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सोमवार को जिलाधिकारी अपूर्वा पाण्डे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शासी परिषद की बैठक में 25 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई।

स्वीकृत कार्यों में उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के 19 कार्यों पर 2.72 करोड़ रुपये तथा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के छह कार्यों पर 1.13 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बैठक में न्यास निधि से प्राप्त आय और अब तक किए गए व्यय की भी समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि निधि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों



को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और कौशल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे कराने और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में लापरवाही और अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा नियमित निगरानी के साथ जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

मुक्त विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और AI के उपयोग पर मंथन

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में सोमवार को शिक्षा की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी उपयोग को लेकर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्विट्जरलैंड की स्विस डिस्टेंस यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज की विशेषज्ञ डॉ. लुसिन म्कर्त्यान ने गुणवत्ता आश्वासन की अंतरराष्ट्रीय प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

उन्होंने शिक्षण, अनुसंधान और मूल्यांकन में गुणवत्ता सुधार के लिए ढउछअ चक्र, नियमित मूल्यांकन और अंक आधारित शिक्षण तकनीकों की उपयोगिता बताई। साथ ही विद्यार्थियों



और शिक्षकों को अंकसाक्षरता तथा डिजिटल शिक्षण उपकरणों का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को केवल परिणाम आधारित मूल्यांकन तक सीमित न रहकर प्रभाव आधारित आकलन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। इसके लिए डेटा आधारित मूल्यांकन, शैक्षणिक कार्यक्रमों की समीक्षा और परीक्षा प्रणाली में सुधार जरूरी है।

उन्होंने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में अंक के प्रभावी उपयोग, शिक्षा को कौशल और रोजगार से जोड़ने तथा वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक साझेदारी विकसित करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्राध्यापक, निदेशक और सहायक प्राध्यापक मौजूद रहे।

गुरु रविदास जयंती की 650वीं वर्षगांठ पर समरसता यात्रा आज पहुंचेगी उत्तराखंड

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही अखिल भारतीय समरसता यात्रा मंगलवार को उत्तराखंड पहुंचेगी। प्रदेश में प्रवेश पर विकासनगर के कुल्हाल गेट पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार होते हुए रुड़की के धनौरी पहुंचेगी, जहां विशाल जनसभा आयोजित होगी।



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर घुनियाल ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य गुरु रविदास जी के समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा कुल्हाल गेट से हरबर्टपुर, सहसपुर, सेलाकुई, झाझरा, प्रेमनगर और देहरादून होते हुए आगे बढ़ेगी। इसके बाद माजरी ग्रांट, हरावाला, नेपाली फार्म, ऋषिकेश और हरिद्वार से गुजरकर धनौरी पहुंचेगी।

धनौरी में आयोजित जनसभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवेश कुमार राम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। घुनियाल ने प्रदेशवासियों से यात्रा के स्वागत में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी के विचार आज भी सामाजिक एकता और भेदभावमुक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। प्रेस वार्ता में पार्टी और मोर्चे के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

चम्पावत को 165.68 करोड़ की 54 विकास योजनाओं की सौगात

सीएम धामी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चम्पावत जिले को 165.68 करोड़ रुपये की 54 विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 21 योजनाओं का लोकार्पण और 33 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश करने वाले पांच लाभार्थियों को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से जिले में सड़क, पेयजल, जल निकासी, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। टनकपुर और बनबसा में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 86.83 करोड़ रुपये की जल निकासी योजना तैयार की गई है। इसके तहत टनकपुर में 21 किलोमीटर से अधिक और बनबसा में 7.7 किलोमीटर लंबी जल



निकासी व्यवस्था विकसित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि टनकपुर में 237.74 करोड़ रुपये से आधुनिक अंतरराज्यीय बस अड्डे का निर्माण और शारदा कॉरिडोर के तहत शारदा घाट के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। मां पूर्णागिरि धाम में करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे बनाया जा रहा है, जबकि किरोड़ा नाले पर पुल निर्माण के लिए 48.38 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लोहाघाट में 256.97 करोड़ रुपये की लागत से महिला स्पोर्ट्स कॉलेज, 55.53 करोड़ रुपये से साइंस सेंटर और करीब 20 करोड़ रुपये से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया जा रहा है। बनबसा में 502 करोड़ रुपये की लैंड पोर्ट परियोजना से व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, महिला बकरी पालन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि कवच और स्वरोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच लाभार्थियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य चम्पावत को आदर्श जनपद के रूप में विकसित करना और विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सामंत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

हरिद्वार कार्यसमिति की सफलता से भाजपा ने दिखाई संगठनात्मक ताकत

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। हरिद्वार में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की सफलता पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार जताया। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने बताया कि करीब 890 प्रतिनिधियों की सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास और अनुशासन ने संगठन की मजबूती का परिचय



दिया। भाजपा मुख्यालय में बातचीत के दौरान परिहार ने कहा कि कार्यसमिति में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश प्रभारी राम माधव, सह प्रभारी अरविंद मेनन और बांसुरी स्वराज सहित वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिला। राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का विश्वास जताते हुए कार्यकर्ताओं से बड़े जनादेश के लिए जुटने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बैठक में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक विस्तार, जनसंपर्क और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने तथा राजनीतिक एवं आर्थिक प्रस्तावों पर मंथन किया गया।

परिहार ने कहा कि हरिद्वार कार्यसमिति ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा भरी है। अब संगठन का संकल्प प्रदेश के प्रत्येक जिले, विधानसभा और बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर 11 जोन और 36 सेक्टरों में बंटा मेला क्षेत्र

हरिद्वार (एजेंसी)। कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए हरिद्वार पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। स्नान पर्व पर हरकी पैड़ी सहित गंगा के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को दो सुपर जोन, 11 जोन और 36 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी, जबकि संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के लिए स्थानीय अभिसूचना इकाई को भी सक्रिय किया गया है।

सोमवार को एसपी सिटी दीपक कुमार और एसपी देहात अभय कुमार ने अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में ऋषिकुल ऑडिटोरियम में स्नान पर्व की ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को ब्रीफ किया।

पायलट संघ ने स्पाइसजेट की वित्तीय और सुरक्षा जांच की मांग की

नई दिल्ली (एजेंसी)। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने रविवार को विमानन नियामक डीजीसीए से संकट से जूझ रही स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का तत्काल आकलन करने की मांग की। संघ ने यह भी कहा कि एयरलाइन की वित्तीय मुश्किलों का कर्मचारियों, विशेषकर चालक दल के सदस्यों के कल्याण और कामकाज पर पड़ने वाले असर की जांच की जानी चाहिए।

एफआईपी ने नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू को लिखे पत्र में स्पाइसजेट के मामले में मंत्रालय से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उसने सभी नियमित विमानन कंपनियों की



वित्तीय स्थिति की सालाना व्यापक समीक्षा करने का भी सुझाव दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 17 नवंबर को स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस जारी कर उड़ानों के रद्द होने की बढ़ती संख्या, भुगतान में देरी के कारण परिचालन में आ रही बाधाओं और कुछ नियमों के उल्लंघन पर विस्तृत जवाब मांगा था।

एयरलाइन को जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है।

एफआईपी ने रविवार को पत्र में कहा, "हमारा विशेष सुझाव है कि प्रत्येक नियमित एयरलाइन कंपनी की वित्तीय स्थिति और सुरक्षा जोखिम का अनिवार्य रूप से सालाना आकलन किया जाए। वित्तीय संकट से जूझ रही कंपनियों की तिमाही आधार पर निगरानी भी की जानी चाहिए।"

स्पाइसजेट के संबंध में पायलट संघ ने एयरलाइन की सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस), चालक दल के सदस्यों की थकान से जुड़े जोखिमों के प्रबंधन और कर्मचारियों के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताओं की जानकारी देने के माहौल का आकलन करने की मांग की है।

पत्र में यह भी कहा गया है कि नौकरी की असुरक्षा या आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारी थकान, परिचालन संबंधी समस्याओं या सुरक्षा में खामियों की जानकारी देने से बच सकते हैं। उन्हें डर हो सकता है कि ऐसा करने पर उनके रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। एफआईपी ने कहा, "सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने के लिए जरूरी है कि कर्मचारी बिना किसी डर या दबाव के अपनी चिंताएं सामने रख सकें। डीजीसीए को यह आकलन करना चाहिए कि वित्तीय संकट का किसी एयरलाइन के कर्मचारियों, चालक दल के कल्याण, रखरखाव मानकों और समग्र सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली पर क्या असर पड़ रहा है।"

रुपया 23 पैसे टूटकर 92.85 पर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के रुख के बीच सोमवार को शुरूआती कारोबार में रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे टूटकर 92.85 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से शुरूआत में स्थानीय मुद्रा को सहारा मिला, लेकिन मजबूत अमेरिकी डॉलर के चलते यह जल्द ही दबाव में आ गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.47 पर खुला और 92.43 तक मजबूत होने के बाद पिछले बंद भाव के मुकाबले 23 पैसे की गिरावट के साथ 92.85 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। रुपये ने शुक्रवार को लगातार पांचवें सत्र में बढ़त जारी रखी थी और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 70 पैसे मजबूत होकर 92.62 पर बंद हुआ था।

एटेरो महत्वपूर्ण खनिज कारोबार में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। ई-कचरा पुनर्चक्रण कंपनी एटेरो की अपने महत्वपूर्ण खनिज निष्कर्षण क्षमता को बढ़ाने के लिए अगले पांच वर्षों में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। एटेरो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नितिन गुप्ता ने बताया कि कंपनी अगले चार वर्षों में अपनी कुल ई-कचरा पुनर्चक्रण क्षमता को चार गुना से अधिक बढ़ाकर 10 लाख टन करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, "हम खास तौर पर अगले पांच वर्षों में महत्वपूर्ण खनिज संयंत्र के विस्तार में करीब 3,000



करोड़ रुपये का निवेश करने पर विचार कर रहे हैं। इसका लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा लिथियम, निकेल में जाएगा।"

एटेरो का दावा है कि वह सोना, चांदी, तांबा, एल्युमीनियम, निकेल, लिथियम, कोबाल्ट और नियोडिमियम, डिस्प्रोसियम जैसे दुर्लभ पृथ्वी खनिजों सहित 22 से अधिक महत्वपूर्ण खनिज निकालती है।

बिसलेरी के बोतलबंद पानी का नमूना असुरक्षित मिलने पर एफएसएसएआई ने अभियोजन की मंजूरी दी

नई दिल्ली (एजेंसी)। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने बिसलेरी इंटरनेशनल के खिलाफ अभियोग चलाने की मंजूरी दी है। कंपनी के बोतलबंद पेयजल का नमूना जांच में असुरक्षित पाया गया था।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उसने बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ असुरक्षित बोतलबंद पीने के पानी के मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है।

नियामक ने जांच के लिए कंपनी के परिसर से पैकेज्ड पेयजल (मिनरल



वाटर को छोड़कर) का नमूना लिया था। एफएसएसएआई ने कहा, "नमूना निर्धारित 'ब्रोमेट' सीमा के अनुरूप नहीं पाया गया और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत इसे असुरक्षित घोषित किया गया।"

कंपनी की अपील के बाद नमूने को दोबारा जांच के लिए एक अन्य खाद्य प्रयोगशाला में भेजा गया। इस प्रयोगशाला ने भी उसमें पॉलीन्यूक्लियर एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच) पाए जाने के कारण उसे असुरक्षित घोषित किया। एफएसएसएआई ने कहा कि प्रयोगशाला की जांच में कानून के तहत असुरक्षित खाद्य पदार्थ से संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। इसके बाद उसने बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत अभियोग चलाने की मंजूरी दी है। इस कैलेंडर वर्ष में एफएसएसएआई ने खाद्य कारोबार करने वाली कंपनियों के साथ-साथ ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ भी प्रवर्तन कार्रवाई तेज की है।

टाटा स्टील ट्यूब और पाइप कारोबार, टाटा स्टील कलर्स को 28,000 करोड़ रुपये में बेचेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने रविवार को कंपनी के स्टील ट्यूब और पाइप कारोबार के साथ ही टाटा स्टील कलर्स प्राइवेट लिमिटेड (टीएससीएल) को एपीएल अपोलो ट्यूब्स को बेचने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इन दोनों सौदों का कुल मूल्य करीब 28,000 करोड़ रुपये है। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि स्टील ट्यूब और पाइप कारोबार को 11,700 करोड़ रुपये तक में बेचने और टाटा स्टील कलर्स में अपनी पूरी हिस्सेदारी 16,300 करोड़ रुपये में एपीएल अपोलो को बेचने के प्रस्ताव को



मंजूरी दी गई है।

कंपनी ने बताया कि निदेशक मंडल की बैठक में ये फैसले किए गए। निदेशक मंडल ने कंपनी के ट्यूब कारोबार के हस्तांतरण और इस संबंध में एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के साथ कारोबार हस्तांतरण समझौता करने को मंजूरी दी।

इस सौदे के तहत जमशेदपुर, होसुर, खोपोली और साहिबाबाद स्थित कंपनी की स्टील ट्यूब विनिर्माण इकाइयों में स्टील ट्यूब और पाइप के विनिर्माण, प्रसंस्करण, विपणन, बिक्री और वितरण का कारोबार एपीएल अपोलो को हस्तांतरित किया जाएगा। यह कारोबार एकमुश्त बिक्री के आधार पर 11,700 करोड़ रुपये तक के भुगतान पर हस्तांतरित किया जाएगा। निदेशक मंडल ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी टाटा स्टील कलर्स प्राइवेट लिमिटेड (टीएससीएल) में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी एपीएल अपोलो को 16,300 करोड़ रुपये में बेचने और हस्तांतरित करने को भी मंजूरी दी।

एनसीडीईएक्स पर बिनौला खली और ग्वार कॉम्प्लेक्स में लौटी चमक

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) पर सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज कृषि जिंसों के कारोबार में मिला-जुला रुख नजर आ रहा है। पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद आज सुबह बिनौला खली और ग्वार कॉम्प्लेक्स में निचले स्तरों पर अच्छी खरीदारी लौट आई है, जबकि हल्दी और धनिया में मुनाफावसूली का दबाव बना हुआ है। हाजिर मंडियों में आवक की स्थिति और निर्यात मांग के संकेतों के आधार पर ट्रेडर्स और मिलर्स अपनी नई पोजीशन बना रहे हैं। पशु आहार क्षेत्र की प्रमुख जिंस बिनौला खली यानी कपासिया खली (कॉटन सीड ऑयल केक) में आज सुबह सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई है। एनसीडीईएक्स पर बिनौला खली का दिसंबर वायदा कॉन्ट्रैक्ट 2.11 प्रतिशत की शानदार बढ़त के साथ 4,110 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आया। इसी तरह इसका जनवरी वायदा कॉन्ट्रैक्ट 1.52 प्रतिशत उछल कर 4,142.00 रुपये और फरवरी वायदा 1.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,169.00 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया। कपास की सीमित आवक के कारण बिनौला खली की कीमतों को मजबूत समर्थन मिल रहा है।

सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

नई दिल्ली (एजेंसी)। घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमत में सांकेतिक गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में बदलाव होने के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट आने के कारण यह चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,070



रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,25,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चंडीगढ़ में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

मनोरंजन

मेरा नाम चिन चिन चू फेम गायिका गीतादत्त को जैकी श्रॉफ ने किया याद

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ पुराने दौर के कलाकारों और संगीत से जुड़ी यादों को अक्सर खास अंदाज में सोशल मीडिया पर ताजा करते रहते हैं। इस बार उन्होंने हिंदी सिनेमा की दिग्गज गायिका गीतादत्त को उनकी 96वीं जयंती पर याद किया। जैकी ने गायिका की कुछ पुरानी ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने गीतादत्त की आवाज और संगीत की विरासत को याद किया, जो आज भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए है।

जैकी श्रॉफ ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर गीतादत्त की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इनमें एक तस्वीर पोर्ट्रेट थी, जबकि दूसरी में वह रिकॉर्डिंग स्टूडियो में माइक्रोफोन के सामने गाती नजर आ रही थीं। इन तस्वीरों के साथ जैकी ने लिखा, गीतादत्त जी की जयंती



पर उन्हें याद कर रहा हूं। उनकी संगीत विरासत हमेशा यादगार रहेगी।

गीतादत्त हिंदी सिनेमा की उन गायिकाओं में शामिल थीं, जिनकी आवाज ने कई दशकों तक फिल्मी संगीत को एक अलग पहचान दी। उनका जन्म 23 नवंबर 1930 को हुआ था। उनका असली नाम गीता रॉय था। उन्होंने 1940 के दशक में फिल्मों के लिए गाना शुरू किया और साल 1947 में आई फिल्म दो भाई के गाने ह्यमेरा सुंदर सपना बीत गयाह्ण से उन्हें खास पहचान मिली। इस गाने को संगीतकार एसडी बर्मन ने तैयार किया था।

इसके बाद गीतादत्त ने एक से बढ़कर एक यादगार गाने गाए। फिल्म आर पार का बाबूजी धीरे चलना, कागज के फूल का वक्त ने किया क्या हसीं सितम, हावड़ा ब्रिज का मेरा नाम चिन चिन चूह्ण और साहिब बीबी और गुलाम का ना जाओ सैंया छुड़ा के बैंया आज भी बेहद लोकप्रिय हैं। गीतादत्त की जिंदगी का एक अहम हिस्सा फिल्ममेकर और अभिनेता गुरु दत्त से भी जुड़ा रहा। दोनों की पहली मुलाकात फिल्म ह्यबाजीह्ण के दौरान हुई थी। इसके बाद दोनों ने साल 1953 में शादी कर ली।

शादी के बाद भी गीतादत्त ने फिल्मों के लिए गाना जारी रखा और गुरु दत्त की कई चर्चित फिल्मों में अपनी आवाज दी।

रजत दलाल ने अविनाश मिश्रा को दी ईशा सिंह से दूर रहने की हिदायत

मुंबई (एजेंसी)। रियलिटी टीवी पर्सनैलिटी रजत दलाल ने अभिनेता अविनाश मिश्रा पर निशाना साधा। ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा के कथित ब्रेकअप और धोखा देने के आरोपों को लेकर चल रहे विवाद के बीच रजत ने अविनाश को ईशा से दूर रहने की हिदायत दी है। रजत ईशा को अपनी छोटी बहन की तरह मानते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अविनाश को जमकर खरी-खोटी सुनाई। दरअसल, हाल ही में अविनाश एक क्लब में बेवफा निकली है तू गाना गाते नजर आए थे। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद लोगों ने इसे ईशा के साथ चल रहे विवाद से जोड़ना शुरू कर दिया। इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए रजत ने वीडियो में कहा, ह्यमेरी सोशल मीडिया पेज चलाने वालों से एक छोटी-सी रिक्वेस्ट है। अगर आप कुछ भी



पोस्ट करें, तो पहले उसकी सच्चाई पता कर लें और उसके बाद ही पोस्ट करें। इसके बाद रजत ने सीधे अविनाश पर निशाना साधते हुए कहा, मैंने उसे चार बार प्यार से समझाया है कि ईशा से दूर रहो। हमें फर्क नहीं पड़ता कि तुमने क्या किया। तुम अपना काम करते रहो और हमसे दूर रहो। रजत ने क्लब में अविनाश के गाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ह्यअब वह क्लब में गाना गा रहा है बेवफा निकली है तू। आखिर कौन-सा प्रोपेगेंडा चलाना चाहते हो? क्या यह दिखाना चाहते हो कि तुम बहुत शरीफ हो और तुम्हारे साथ गलत हुआ है? उन्होंने आगे अविनाश को चेतावनी देते हुए कहा, भाई, सुधर जाओ। ऐसी चीजें पोस्ट मत करो कि लोग तुम पर थूकें। इतने मासूम और स्वीट मत बनो। यहां कोई डेंजरस स्टंट नहीं चल रहे हैं। यहां तुम्हें सेफ्टी नहीं मिलेगी। सब कुछ चला जाएगा। मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि ईशा से दूर रहो। अपनी इस तरह की हरकतें बंद करो।

जब नौशाद की सलाह ने बदल दी टुनटुन की जिंदगी, बन गईं हिंदी सिनेमा की कॉमेडी क्वीन

नई दिल्ली (एजेंसी)। हिंदी सिनेमा की पहली महिला कॉमेडियन कही जाने वाली टुनटुन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपने एक्सप्रेशन बोलने के तरीके और शानदार कॉमिक टाइमिंग से वह लोगों को लोगों को हंसने पर मजबूर कर देती थी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि उन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम एक गायिका बनने के सपने के साथ रखा था। उनकी जिंदगी में संघर्ष भी कम नहीं थे लेकिन हर मुश्किल का सामना करते हुए उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। संगीतकार नौशाद की एक सलाह ने उनके करियर की दिशा बदल दी।

टुनटुन का असली नाम उमा देवी खत्री था। उनका जन्म 11 जुलाई 1923 को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हुआ था। बचपन से ही उनकी जिंदगी में परेशानियों ने जगह बना ली थी। छोटी उम्र में ही उन्होंने



अपने माता-पिता को खो दिया। कुछ साल बाद उनके भाई का भी निधन हो गया।

परिवार का सहारा छिनने के बाद उन्हें रिश्तेदारों के यहां रहना पड़ा। वहां भी उन्हें वह प्यार और सुविधाएं नहीं मिलीं, जिसकी एक बच्चे को जरूरत होती है।

उमा देवी को बचपन से ही गाने का बहुत शौक था। उन्होंने संगीत की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन रेडियो पर गाने सुनकर खुद ही उनका अभ्यास करती थीं। उनके मन में हमेशा से एक सपना था कि वह मुंबई जाएं और गायिका बनकर अपनी अलग पहचान बनाएं। इसी सपने को पूरा करने के लिए वह एक दिन घर छोड़कर मुंबई पहुंच गईं। वहां उन्होंने कई मुश्किलों का सामना किया, लेकिन हार नहीं मानी।

मुंबई में उनकी मुलाकात मशहूर संगीतकार नौशाद से हुई। उमा देवी ने उनसे गाने का मौका मांगा। नौशाद उनकी आवाज से प्रभावित हुए और उन्हें 1946 की फिल्म वामिक अजरा में गाने का मौका मिला।

खेल

अगर शाहबाज 2 ओवर और टिके रहते, तो मैं मैच फिनिश कर सकता था: तिलक वर्मा

दोहा (एजेंसी)। एसीसी मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के 8वें मैच में भारत-ए को पाकिस्तान-ए के खिलाफ रविवार को 48 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान से मिले 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 49.1 ओवर में 265 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

भारत की ओर से कप्तान तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली, लेकिन उन्हें अंत के ओवरों में दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। शाहबाज अहमद (56 रन) के आउट होने के बाद मुकाबला भारत की पकड़ से फिसल गया। मैच



के बाद तिलक ने कहा कि अगर शाहबाज दो ओवर और टिके रहते, तो वह मैच को खत्म कर सकते थे। तिलक ने कहा, अभिषेक ने जिस तरह से शुरूआत की और बीच में शाहबाज ने जिस अंदाज में मेरा साथ दिया, वह बहुत अहम था। हालांकि, बदकिस्मती से जब हम रन-रेट बढ़ाना चाहते थे, तब शाहबाज आउट हो गए। अगर वह दो ओवर और टिक जाते, तो शायद मैं मैच खत्म कर सकता था। पिच पर शुरूआती दस ओवरों में गेंद थोड़ी स्विंग हो रही थी। इसका श्रेय उन दो तेज गेंदबाजों को जाता है जिन्होंने बहुत अच्छी लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की। मगर साथ ही बीच में हमने लगातार विकेट भी गंवा दिए। वरना हम 47वें या 48वें ओवर में ही मैच जीत सकते थे।

अपनी बल्लेबाजी में अधिक जिम्मेदारी और मैच को अंत तक लेकर जाने की काबिलियत पर बात करते हुए तिलक ने कहा, ऐसा नहीं कहूंगा। मेरे लिए सबसे बेहतरीन वही है जिसमें टीम जीते। अगर हम मैच नहीं जीतते, तो उसे मैं सबसे बेहतरीन नहीं मानूंगा।

उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने राइफल शूटिंग में दिखाया दम, 10 में से 10 अंक हासिल किए

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने रविवार को पुणे के बालेवाड़ी स्थित श्री शिवछत्रपति खेल परिसर के दौरे के दौरान राइफल शूटिंग में अपना हुनर दिखाया। उन्होंने निशानेबाजी करते हुए 10 में से पूरे 10 अंक हासिल किए। दरअसल, खेल परिसर के शूटिंग विभाग के निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद युवा खिलाड़ियों ने सुनेत्रा पवार से निशानेबाजी करने का आग्रह किया। खिलाड़ियों के अनुरोध पर उन्होंने राइफल उठाई और निशाना साधा। उनका निशाना बिल्कुल सटीक रहा और उन्होंने पूरे 10 अंक हासिल किए। सुनेत्रा पवार के इस शानदार प्रदर्शन को देखकर वहां मौजूद युवा खिलाड़ी और अन्य लोग हैरान रह गए। सभी ने उनके सटीक निशाने की सराहना की। 18 अक्टूबर 1963 को धाराशिव (उस्मानाबाद) जिले के तेर में एक कृषक और राजनीतिक परिवार में जन्मीं सुनेत्रा पवार का विवाह साल 1985 में अजित पवार से हुआ। सुनेत्रा पवार ने साल 1983 में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर



मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के एसबी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, औरंगाबाद से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। सुनेत्रा अजीत पवार महाराष्ट्र की 11वीं उपमुख्यमंत्री हैं। इस पद पर नियुक्त होने वालीं वे राज्य के इतिहास की पहली महिला हैं। उनके राजनीतिक सफर में राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल भी शामिल है, जहां उन्होंने विकास, शासन और सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चाओं में योगदान दिया।

टेस्ट क्रिकेट में फ्री-हिट को लेकर एमसीसी के संकेत, नियम में बदलाव पर हो सकता है विचार

शारजाह (एजेंसी)। मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) भविष्य में टेस्ट क्रिकेट में फ्री हिट नियम लागू करने पर विचार कर सकता है। एमसीसी के क्रिकेट प्रमुख



फ्रेजर स्टीवर्ट ने पुष्टि की है कि इस विचार पर चर्चा हुई है, हालांकि अभी इसे क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में लागू नहीं किया गया है।

फ्री हिट अभी सीमित ओवरों वाले क्रिकेट का हिस्सा है। इसमें जब गेंदबाज नो-बॉल फेंकता है, तो बल्लेबाज को अगली गेंद पर आउट होने का डर नहीं रहता (कुछ खास तरीकों को छोड़कर)। हालांकि, फिलहाल टेस्ट मुकाबलों के लिए बने क्रिकेट के नियमों में फ्री हिट का प्रावधान नहीं है।

शारजाह में इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए, स्टीवर्ट ने कहा कि क्रिकेट के नियमों की देखरेख करने वाली संस्था एमसीसी ने इस संभावना पर चर्चा तो की है, लेकिन अभी वह क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में फ्री हिट लागू करने के लिए तैयार नहीं है।

स्टीवर्ट ने कहा, फिलहाल क्रिकेट के नियमों में फ्री हिट शामिल नहीं है। यह एक ऐसी चीज है जिस पर हम विचार करेंगे।

आज देशभर में मनाई जाएगी गुरु नानक जयंती

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

कल यानी 24 नवंबर को देशभर में गुरु नानक जयंती मनाई जाएगी। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती को पूरे देश में प्रकाश पर्व और गुरुपर्व के रुप में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस खास दिन पर गुरुद्वारों में विशेष सजावट, कीर्तन, अरदास और नगर कीर्तन का आयोजन होता है। हालांकि, गुरु नानक जयंती के मौके पर सबसे खास लंगर सेवा होती है। बता दें कि, लंगर सिख धर्म की उस महान परंपरा का प्रतीक में से एक है, जिसमें जाति, धर्म, अमीरी और गरीबी का भेदभाव किए बिना सभी लोगों को एक साथ बैठाकर भोजन कराया जाता है। यदि आप भी गुरु नानक जयंती के मौके पर इन पवित्र स्थानों के बारे में जानना चाहते हैं, तो देश के 5 मुख्य गुरुद्वारों के बारे में जानते हैं, जहां लंगर सेवा की परंपरा बेहद खास है।



सोमवार को, दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा सीस गंज साहिब से जीटी करनाल रोड स्थित गुरुद्वारा नानक पियाओ साहिब तक एक भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। 'पंच प्यारों' के नेतृत्व में आयोजित इस नगर कीर्तन में गुरबानी कीर्तन और भारी धार्मिक उत्साह देखने को मिला। फोटोः सुभाष पॉल

श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर), अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब को स्वर्ण मंदिर के नाम से जाना जाता है। यह सिख धर्म के सबसे प्रसिद्ध और पवित्र धार्मिक स्थलों में से एक है। वहीं, यहां पर स्थित गुरु रामदास जी लंगर हॉल दुनिया की सबसे बड़ी सामुदायिक रसोइयों में गिना जाता है। प्रत्येक दिन यहां पर हजारों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया जाता है।

गुरुद्वारा बंगला साहिब नई दिल्ली

दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब देश का सबसे लोकप्रिय गुरुद्वारों में से एक है। सफेद संगमरमर, सुनहरा गुंबद और पवित्र सरोवर श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। यहां पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग माथा टेकने और लंगर ग्रहण करने पहुंचते हैं। गुरु पर्व के दौरान यहां पर विशेष कीर्तन और लंगर सेवा का आयोजन होता है।

गुरुद्वारा सीस गंज साहिब

चांदनी चौक में सीस गंज साहिब गुरुद्वारा स्थित है। यह ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए बेहद खास माना जाता है। वैसे यह गुरुद्वारा नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की स्मृति से संबंधित है। यहां पर श्रद्धालु अरदास करने के साथ लंगर सेवा में शामिल होते हैं। गुरु नानक पर्व के दौरान इस स्थान को विशेष रुप से सुंदर सजाया जाता है।

तख्त श्री पटना साहिब

बिहार की राजधानी पटना में तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब सिख धर्म के पांच तख्तों में से एक है। यहां पर दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली है। इस गुरुद्वारे में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। गुरु पर्व के मौके पर यहां विशेष कार्यक्रम, कीर्तन और लंगर सेवा आयोजित की जाती है।

तख्त श्री हजूर साहिब

महाराष्ट्र के नांदेड़ में गोदावरी नदी के किनारे स्थित तख्त श्री हुजूर साहिब सिख धर्म के मुख्य पांच तख्तों में शामिल हैं। वैसे यह स्थान गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन से संबंधित है। गुरु नानक जयंती और अन्य मुख्य सिख पर्वों पर यहां पर खास आयोजन और सेवा देखने को मिलती है।

बांग्लादेश में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के ठिकानों हमला

पेरिस। बांग्लादेश में अवामी लीग के नेताओं और समर्थकों को निशाना बनाने का मामला सामने आया है। एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के मुताबिक, सत्तारूढ़ बीएनपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर अवामी लीग के 247 से ज्यादा घरों और दुकानों को नुकसान पहुंचाया।

हिंसा की निंदा करते हुए, जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस (जेएमबीएफ) ने कहा कि ये घटनाएं 18 से 21 नवंबर, 2026 के बीच 22 जिलों के 33 इलाकों में हुईं। 18 नवंबर को संसदीय सत्र के खत्म होने पर अपने भाषण के दौरान बांग्लादेश के तारिक रहमान की बातों पर गहरी चिंता जताते हुए, जेएमबीएफ ने कहा कि अवामी लीग और उससे जुड़े संगठन को आतंकी समूह कहना, और जनता से उनके दांत तोड़ने की अपील करना, बहुत चिंताजनक था। जेएमबीएफ ने कहा कि उसके नतीजों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के भाषण के बाद अवामी लीग से जुड़े घरों और बिजनेस पर हमले तेज हो गए। मानवाधिकार समूह ने हमलों की सबके सामने निंदा करने, बदले की कार्रवाई को खारिज करने और कानून लागू करने वाली एजेंसियों को उन लोगों की रक्षा करने का निर्देश देने को कहा।

छोटी वैन पर रखकर दागने वाली मिसाइल का भारत ने किया सफल परीक्षण



उत्तम भारत न्यूज डेस्क

पोखरण। आत्मनिर्भर भारत मिशन को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, स्वदेशी रक्षा निमार्ता कंपनी आईजी डिफेंस ने राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में ज्वाला एमके-1 का सफल परीक्षण किया है। कंपनी के अनुसार, यह भारत का पहला स्वायत्त (ऑटोनॉमस) काउंटर-अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम माइक्रो-मिसाइल सिस्टम है। यह अगली पीढ़ी की स्वदेशी काउंटर-ड्रोन तकनीक विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कंपनी का कहना है कि इस सिस्टम की ऑपरेशनल रेंज 5 किलोमीटर तक है। कंपनी ने बताया कि ज्वाला एमके-1 एक स्वदेशी, स्वायत्त और किफायती समाधान है, जो दुश्मन के अनमैन्ड एरियल सिस्टम (ड्रोन आदि) से पैदा होने वाले तेजी से बढ़ते खतरों से निपटने में सक्षम है।

> *कंपनी का कहना है कि इस सिस्टम की ऑपरेशनल रेंज 5 किलोमीटर तक है। कंपनी ने बताया कि ज्वाला एमके-1 एक स्वदेशी, स्वायत्त और किफायती समाधान है, जो दुश्मन के ड्रोन आदि से पैदा होने वाले तेजी से बढ़ते खतरों से निपटने में सक्षम है।*

कंपनी के मुताबिक, इस मिसाइल में प्रोपल्शन (आगे बढ़ने की शक्ति) और उड़ान के दौरान दिशा बदलने की क्षमता के लिए डुअल-पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर और एयरोडायनामिक फिन कंट्रोल का इस्तेमाल किया गया है। इसमें प्री-फ्रैगमेंटेड हाई-एक्सप्लोसिव वारहेड और प्रॉक्सिमिटी फ्यूज लगा है। इसकी मदद से, मिसाइल को सीधे लक्ष्य से टकराने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि यह लक्ष्य के पास पहुंचते ही फट सकती है।

मानवरहित हवाई प्रणालियों का प्रसार आधुनिक सैन्य अभियानों को पूरी तरह से बदल रहा है। हाल के अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, जिनमें अमेरिका-ईरान टकराव भी शामिल है, ने अपेक्षाकृत सस्ते हमलावर ड्रोनों के बढ़ते इस्तेमाल और उनसे निपटने के लिए महंगे पारंपरिक वायु-रक्षा इंटरसेप्टर का उपयोग करने से जुड़ी आर्थिक चुनौतियों को उजागर किया है। युद्धक्षेत्र की इस नई वास्तविकता ने लागत के एक गंभीर असंतुलन को सामने ला दिया है: कम लागत वाले हवाई खतरों के कारण सेनाओं को कहीं अधिक महंगे इंटरसेप्शन सिस्टम तैनात करने पड़ते हैं। इससे इंटरसेप्टर के भंडार, गोला-बारूद की उपलब्धता और आधुनिक युद्ध के आर्थिक पहलुओं पर भारी दबाव पड़ता है।

मोदी ने नेपाली पीएम को दिए बनारसी स्टॉल काशी का गंगाजल और कलमकारी रामायण

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत दौरे के दूसरे और अंतिम दिन नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह का राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया। नई दिल्ली में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह को भारत की ओर से आकर्षक उपहार भेंट किए। इन उपहारों में कलमकारी सम्पूर्ण रामायण पेंटिंग, बनारसी ब्रोकेड स्टॉल और पीतल के कलश में काशी का गंगाजल शामिल था।

कलमकारी सम्पूर्ण रामायण पेंटिंग एक विशाल पेंटिंग है, जिसमें भगवान राम के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया है। उनके जन्म और वनवास से लेकर रावण पर विजय और अयोध्या वापसी तक। आंध्र प्रदेश की पारंपरिक श्रीकालहस्ती शैली में सूती कपड़े पर हाथ से बनाई गई इस पेंटिंग में बांस की कलम और प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया गया है। यह कलाकृति भारत की कहानी कहने की समृद्ध परंपरा, भक्ति और पारंपरिक कारीगरी को दर्शाता है।

यह भारत और नेपाल के बीच गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है। यह भगवान राम की नगरी अयोध्या को माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर से जोड़ती है और दोनों देशों की साझा विरासत, मित्रता और मूल्यों को दर्शाती है।

इसके अलावा पीएम मोदी ने बालेंद्र शाह को सादेली बॉक्स में बनारसी ब्रोकेड स्टॉल उपहार में दिया। वाराणसी का यह बनारसी ब्रोकेड सिल्क स्टॉल कुशल बुनकरों द्वारा तैयार किया गया है।



मुश्किल समय में हमेशा साथ खड़ा रहा भारत

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस बयान में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने भारत सरकार और भारतीय जनता का आभार जताया। उन्होंने भारत को एक भरोसेमंद और विश्वसनीय पड़ोसी बताया और भारत यात्रा के निमंत्रण और गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रधानमंत्री मोदी का दिल से धन्यवाद भी किया। नेपाल के प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और कठिन समय में भारत हमेशा सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है।

बांग्लादेश गारमेंट सेक्टर में भारी संकट

मजदूर हड़ताल से 428 मिलियन डॉलर का नुकसान, 254 मिलियन डॉलर के ऑर्डर छिटके

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गारमेंट निर्यातक देश बांग्लादेश का कपड़ा उद्योग इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वेतन वृद्धि की मांग को लेकर अक्टूबर से चल रहे मजदूरों के देशव्यापी विरोध-प्रदर्शनों के कारण इस सेक्टर को अब तक लगभग 428 मिलियन डॉलर का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। देश के मुख्य निमार्ता संघ की एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।



हड़ताल से उत्पादन ठप, दूसरे देशों में शिफ्ट हुए ऑर्डर

खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा अशांति ने बांग्लादेश की 4,000 से ज्यादा गारमेंट फैक्ट्रियों में से कई के कामकाज को बुरी तरह प्रभावित किया है। बांग्लादेश गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने अपने सदस्यों के बीच किए गए सर्वे के आधार पर बताया कि इस संकट की वजह से 317 फैक्ट्रियों को 428 मिलियन डॉलर का सीधा नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं, समय पर डिलीवरी न हो पाने की आशंका के चलते 254 मिलियन डॉलर के विदेशी ऑर्डर दूसरे देशों में चले गए हैं। एसोसिएशन का मानना है कि वास्तविक नुकसान इस आंकड़े से कहीं ज्यादा हो सकता है, क्योंकि प्रभावित हुई 600 फैक्ट्रियों में से केवल 317 ही समय पर अपना डेटा साझा कर पाई हैं।

क्यों सड़कों पर उतरे हैं गारमेंट मजदूर?

प्रदर्शनकारी मजदूरों का कहना है कि भोजन, आवास, परिवहन और स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार बढ़ती महंगाई के सामने उनकी मौजूदा कमाई बेहद कम है। इस समय उन्हें 12,500 टका मासिक वेतन मिल रहा है, जबकि वे इसे दोगुने से भी अधिक बढ़ाकर 30,000 टका (लगभग 240 डॉलर) करने की मांग कर रहे हैं। कई जगहों पर प्रदर्शन इतना उग्र हो गया कि मजदूरों और पुलिस के बीच झड़पें भी हुईं। आंदोलन की तीव्रता को देखते हुए सरकार द्वारा गठित वेज बोर्ड (मजदूरी बोर्ड) अगले महीने नया न्यूनतम वेतन घोषित करने की तैयारी में है, जिससे इस संकट के कुछ कम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

क्रिसमस सीजन और वैश्विक साख पर मंडराया खतरा

यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब क्रिसमस का व्यस्त कारोबारी सीजन करीब है। बांग्लादेश का यह उद्योग लेवी स्ट्रॉस और फ्रूट ऑफ द लूम जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के लिए कपड़े तैयार करता है और सालाना करीब 38 बिलियन डॉलर कमाता है, जो देश की कुल निर्यात आय का चार-पांचवां हिस्सा है। मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद शाहिदुल इस्लाम ने चिंता जताते हुए कहा कि शिपमेंट में देरी से अंतरराष्ट्रीय खरीदारों का भरोसा डगमगाया है। उनके अनुसार, इस नुकसान को सिर्फ तात्कालिक पैसों के घाटे से नहीं आंका जा सकता, बल्कि इसने वैश्विक बाजार में बांग्लादेश की दीर्घकालिक छवि, विश्वसनीयता और भविष्य की संभावनाओं को भी गहरी चोट पहुंचाई है। देश की अर्थव्यवस्था और लाखों श्रमिकों की आजीविका बचाने के लिए इस स्थिति से जल्द उबरना बेहद आवश्यक है।

भारतीय नौसेना को मिला स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आशंक

उत्तम भारत न्यूज डेस्क

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत में एक और स्वदेशी युद्धपोत जुड़ने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने सोमवार को पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आशंक नौसेना को सौंप दिया। यह जीआरएसई का बनाया 120वां युद्धपोत है। खास बात यह है कि जीआरएसई ने महज 18 दिन के भीतर अपना दूसरा युद्धपोत नौसेना को सौंपा है। इससे पहले 5 नवंबर को अमिनी युद्धपोत की आपूर्ति की गई थी।

आशंक को पूर्वी नौसेना कमान के मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी (तकनीकी) रियर एडमिरल गौतम मरवाहा की मौजूदगी में नौसेना को सुपुर्द किया गया। आशंक नाम का अर्थ है निडरता और निर्भीकता। अपने नाम के अनुरूप यह युद्धपोत समुद्र में छिपी दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उनसे निपटने में भारतीय नौसेना की मदद करेगा। इसे खास तौर पर तटीय और उथले समुद्री क्षेत्रों में पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए तैयार किया गया है। इससे समुद्र के तटीय इलाकों में भारतीय नौसेना की निगरानी और कार्रवाई करने की क्षमता मजबूत होगी। आशंक की एक बड़ी खासियत इसका स्वदेशी निर्माण है। इसमें करीब 88 प्रतिशत उपकरण और प्रणालियां देश में ही तैयार की गई हैंयुद्धपोत पर लगी 30 मिलीमीटर की नौसैनिक सतही तोप भी जीआरएसई ने बनाई है। यह युद्धपोत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी तकनीक की बढ़ती ताकत का उदाहरण है। इस युद्धपोत की आपूर्ति के साथ जीआरएसई अब तक 120 युद्धपोत बना चुका है। इनमें से 82 भारतीय नौसेना को सौंपे जा चुके हैं।



> *आशंक की एक बड़ी खासियत इसका स्वदेशी निर्माण है। इसमें करीब 88 प्रतिशत उपकरण और प्रणालियां देश में ही तैयार की गई हैं। युद्धपोत पर लगी 30 मिलीमीटर की नौसैनिक सतही तोप भी जीआरएसई ने बनाई है।*

जीआरएसई का कहना है कि फिलहाल वह 12 प्रमुख अन्य नौसैनिक पोतों का निर्माण कर रही है। इनमें एक उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट, दो पनडुब्बी रोधी युद्धपोत, चार अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत और पांच अगली पीढ़ी के कार्वेट शामिल हैं। इसके अलावा 36 अन्य पोत भी बनाए जा रहे हैं, जिनमें 13 निर्यात के लिए हैं। इस तरह जीआरएसई एक ओर भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत बढ़ाने में जुटा है, तो दूसरी ओर स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के क्षेत्र में देश की क्षमता का भी विस्तार कर रहा है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को ही नौसेना के बेड़े में समुद्री स्पोर्ट क्राफ्ट डीएससी ए21 को शामिल किया गया था। डीएससी ए21, पांच गोताखोरी सहायता पोतों की परियोजना के तहत बनाया गया दूसरा पोत है। इसे 20 नवंबर को नौसेना के डॉकयार्ड में नौसेना को सौंपा गया। यह पोत समुद्र की गहराइयों में गोताखोरों के अभियानों से लेकर पानी के नीचे निरीक्षण और मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण कामों में मदद करेगा।

मायावती का 4 जिलों पर बड़ा दांव, भाजपा-सपा में मचा हड़कंप!

माया महा ज्ञानी...हम जानी...

उत्तम भारत संवाददाता

मायावती की बीएसपी ने चार जिलों की नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। मैदान में उम्मीदवार उतार दिए हैं जहां एक तरफ बीजेपी और सपा अभी तक सीट बंटवारे और गठबंधन की बैठकों में उलझे हुए हैं। वहीं बसपा ने सीधे मैदान में अपने मोहरे उतार दिए हैं। लेकिन इस लिस्ट में सिर्फ नौ नाम नहीं हैं बल्कि इसके पीछे छिपा है आकाश आनंद का वो मास्टर स्ट्रोक और वो बड़ा सियासी दांव जो सीधे तौर पर कई सारे सवाल खड़े कर रहा है। हर एक नाम के पीछे एक सोची समझी सोशल इंजीनियरिंग काम कर रही है। अयोध्या की हाई प्रोफाइल बीकापुर विधानसभा सीट से बसपा ने पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू पर भरोसा जताया है। मंच से आकाश आनंद ने बबलू को बसपा सुप्रीमो मायावती का बेहद ज्यादा विश्वास पात्र बताते हुए उनकी उम्मीदवारी का ऐलान किया। इसके बाद बारी आती है बसपा के पुराने गढ़ रहे अंबेडकर नगर की। यहां की चार सीटों पर नाम फाइनल किए गए हैं। चार उम्मीदवारों के नाम हैं। कठेरी से मारुति मिश्रा को टिकट दिया गया है। आलापुर सुरक्षित सीट से केडी गौतम मैदान में उतरे हैं। अकबरपुर से मनोज कुमार वर्मा पर दांव चला गया है और जलालपुर सीट से डॉक्टर दयाराम राजभर को प्रत्याशी बनाया गया है। तीसरा जिला है सुल्तानपुर जहां की तीन सीटों पर बसपा ने मजबूत घेराबंदी की कोशिश की है। लंभुआ से शैलेंद्र कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। सुल्तानपुर सदर सीट से इम्तियाज अहमद उर्फ भुट्टो पर पार्टी ने खेला है और इसी के साथ जय सिंहपुर विधानसभा से मधुता वर्मा को टिकट देकर महिला और पिछड़ा कार्ड एक साथ चला है और चौथा जिला है बाराबंकी, जहां की सदर सीट से बसपा ने मोहम्मद मुबाशिर को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

2027 की विधानसभा चुनाव की बिसात अभी पूरी तरीके से बिछी भी नहीं थी कि मायावती और आकाश आनंद ने यह सियासी दांव चल दिया है जिसने बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के होश उड़ाए हैं। बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश के चार बड़े जिलों की कुल नौ विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का आधिकारिक ऐलान कर दिया।

इस बार अकेले मैदान में उतर रही है बसपा



जिस तरीके से हमने हर एक सीट के उम्मीदवार का नाम आपको बताया। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में इस बार बहुजन समाज पार्टी किसी भी दल के साथ गठबंधन किए बिना अकेले मैदान में उतर रही है। पार्टी की रणनीति बिल्कुल साफ है। चुनाव की तारीखों के ऐलान से काफी पहले ही अपने उम्मीदवारों के यानी कि प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर दिए जाएं ताकि प्रत्याशियों को अपने-अपने क्षेत्र में माहौल बनाने, जमीनी तैयारी करने का पूरा वक्त मिल सके। इसी रणनीति के तहत बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद लगातार प्रदेश भर में चुनावी जनसभाएं कर रहे हैं।

> *बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने रविवार को आगरा के एत्माद्पुर में रैली की। मंच पर मायावती जैसा प्रोटोकॉल नजर आया। आकाश के लिए सिर्फ एक सोफा लगा था, पीछे की तरफ कुर्सियां लगी हुईं थीं। आकाश ने कहा– हमें विरोधियों के साम, दाम, दंड, भेद में नहीं फंसना है। आपको गुमराह करने के लिए पूरी बारात आएगी। कुछ लोग गुजरात से तो कुछ मठ से बाहर आएंगे। कुछ लोगों के लिए सैफई बहुत प्यारी है, लेकिन वे भी सैफई छोड़कर अब आगरा आएंगे। हम लोग 10 साल से सत्ता में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इस बार इंतजार नहीं करेंगे।*

